चैत्र कृष्ण पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 5 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 138, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



वैज्ञानिकों ने की ब्रह्मांड के दुर्लभ कण की खोज 14

शाहरुख के साथ कभी आईपीएल मैच नहीं देखती हूं 13

**रमज़ान मुबारक**
(बदायूं)
05 अप्रैल 2024 पच्चीसवां रोज़ा इफ्तार 6:37
06 अप्रैल 2024 छब्बीसवां रोज़ा सहरी 4:32
(कासगंज)
05 अप्रैल 2024 पच्चीसवां रोज़ा इफ्तार 6:37
06 अप्रैल 2024 छब्बीसवां रोज़ा सहरी 4:35
नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।

माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
An ISO 9001:2015 Certified Company
NOOR GLASS FABRICATION
If U Can Dream We Can Build
Bajrang Dhaba, Opp. SBI Bank, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
9761560515
e-mail : ahmadmuneer13@gmail.com
website : www.noorglassfabrication.com

SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।



डिजाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी कुर्ता पायजामा | डिजाइनर शर्ट
45, Civil Lines, Bareilly 8266800220
D.D. Puram, Bareilly 7088300050

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

## स्वामी प्रसाद व संघमित्रा समेत 5 के खिलाफ गैर जमानती वारंट

लखनऊ, विधि संवाददाता

- संघमित्रा पर बिना तलाक दिए दूसरी शादी करने का मामला

**अमृत विचार :** बिना तलाक़ दिए दूसरी शादी की कथित आरोपी सांसद संघमित्रा व मारपीट, गाली-गलौज, धमकी व साज़िश के आरोपी पूर्व सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्या, नीरज तिवारी, सूर्यप्रकाश शुक्ला उर्फ़ चिंटू तथा रितिक सिंह कोर्ट में हाज़िर नहीं हो रहे थे। इस पर एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीश श्रीवास्तव ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। मामले में अगली सुनवाई को 16 अप्रैल की तारीख़ तय हुई है।

अदालत द्वारा जारी वारंट के पीछे पुलिस द्वारा चस्पा किया गया था कि वारंट तामील कराने को घर जब जाया गया तो आरोपी नहीं मिले। कोर्ट ने कहा है कि ऐसा प्रतीत होता है कि अभियुक्त वारंट तामील से बच रहे हैं। कोर्ट ने सभी आरोपियों की उपस्थिति के लिए उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश दिया है। यह मामला सुशांत गोल्फ सिटी के दीपक स्वर्णकार ने कोर्ट में संघमित्रा, स्वामी प्रसाद मौर्या, उत्कृष्ट मौर्या, शिवा मौर्या, नीरज तिवारी, सूर्यप्रकाश शुक्ला एवं रितिक सिंह के ख़िलाफ़ दाखिल की है।

**तीनों आईएसआई के सहयोग से हिज्बउल मुजाहिद्दीन के कैंप में ट्रेनिंग ले चुके हैं**


## नेपाल सीमा से भारत में प्रवेश कर रहे तीन आतंकवादी दबोचे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** एटीएस ने बुधवार को नेपाल सीमा से भारत में प्रवेश कर रहे एक काश्मीरी सहित तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया है। एटीएस के मुताबिक तीनों प्रशिक्षण लेकर भारत में बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से घुस रहे थे। एटीएस की फील्ड इकाई गोरखपुर को आतंकियों को सीमा के तटवर्ती गांव शेख फरेंदा होते हुए भारत में प्रवेश करने की सूचना थी। सर्विलांस से सूचना देकर टीम ने तीनों को सोनौली सीमा पर गिरफ्तार कर लिया।



मो. अल्ताफ भट



सैय्यद गजनफर



नासिर अली

- एटीएस के मुताबिक, तीनों प्रशिक्षण लेकर भारत में बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से घुस रहे थे

गिरफ्तार आतंकियों में मोहम्मद अल्ताफ भट पुत्र खिजर मोहम्मद भट पाकिस्तान के रावलपिंडी, दूसरा सैयद गजनफर पुत्र सैयद मोहम्मद सैयद भी इस्लामाबाद का है। तीसरा नासिर अली पुत्र गुलाम अहमद अली श्रीनगर का निवासी है। पूछताछ में पता चला कि तीनों को भारत पहुंचने के बाद बड़ी घटना को अंजाम देने वाले थे। भारत में इनको कौन टारगेट दे रहा था? किससे मिलने का निर्देश था? इसके जवाब एटीएस खंगाल रही है। एटीएस ने तीनों के खिलाफ लखनऊ एटीएस थाने में रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय में पेश कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दो पाकिस्तानी समेत 3 आतंकियों की रिमांड मंजूर


**लखनऊ।** भारत में गुप्त रास्ते से प्रवेश कर आतंकी घटनाओं को अंजाम देने के प्रयास के आरोपियों को एटीएस प्रभारी न्यायाधीश पुष्कर उपाध्याय ने छह दिन के लिए पुलिस कस्टडी में दिए जाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि पुलिस रिमांड अवधि 5 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से 10 अप्रैल को शाम 6 बजे तक प्रभावी होगी। विशेष लोक अभिलेख नागेंद्र गोस्वामी एवं एमके सिंह ने अदालत को बताया कि दोनों पाकिस्तानी नागरिकों को कश्मीर के नासिर अली के साथ शेख फरेंदा गांव के चौराहे से पकड़ा गया, जहां से नासिर उन्हें कश्मीर ले जाता। दोनों पाकिस्तानियों ने फर्जी आधार कार्ड बनवाया था तथा उनका उद्देश्य आतंकी घटनाओं को अंजाम देना था। पाकिस्तानी व भारतीय पासपोर्ट व पाकिस्तानी पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस फ्लाइट की टिकट तथा नेपाल, बांग्लादेश, भारत एवं अमेरिका की करेंसी भी मिली थी। आरोपियों को रिमांड पर लेकर उनसे गुप्त रास्ते की जानकारी, आईएसआई एवं हिजबुल मुजाहिदीन के बारे में पूछताछ, मोबाइल डाटा बरामद करना, बैंक खातों के बारे में भी जानकारी करना है। एटीएस निरीक्षक विजय प्रताप सिंह ने एटीएस के थाना गोमती नगर में दर्ज कराई है।

# प्रदेश में मानक पर खरे उतरने वाले मदरसे कर सकेंगे संचालन

### छात्रों के समायोजन एवं अन्य अर्हताओं के लिए 5 सदस्यीय कमेटी बनाने के निर्देश

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार : मदरसों से जुड़े छात्रों के लिए खबर राहत भरी है, इनके लिए जल्द ही नए विद्यालय स्थापित किये जाएंगे। जनपद स्तर पर नए विद्यालयों की स्थापना के साथ प्रवेश के लिए सीटों का भी निर्धारण किया जाएगा। सीटें बढ़ाकर छात्र-छात्राओं को समायोजित किये जाने के निर्देश दिये गए हैं। इसके अलावा सबसे मुख्य बात ये है कि उप्र में जो मदरसे यूपी बोर्ड या अन्य बोर्ड से मान्यता प्राप्त करने के लिए मानक पूरे कर रहे हैं, वे मान्यता लेकर मदरसों का संचालन कर सकते हैं। इसको लेकर मुख्य सचिव की ओर से आदेश जारी किये गए हैं। प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे पांच सदस्यीय समिति बनाकर उन छात्रों का विद्यालयों में समायोजन करें, जो मानकों से इतर मदरसों में अध्ययनरत रहे हैं।



- मुख्य सचिव ने दिए सभी जिलाधिकारियों को आदेश
- इन मदरसों के छात्रों को बेसिक माध्यमिक में प्रवेश दिलाया जाए

> मान्यता प्राप्त मदरसों के संचालन को लेकर मुख्य सचिव की ओर से आदेश जारी किये गए हैं। जिसमें उन्होंने कहा कि जो मदरसे जो यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड अथवा आईसीएसई बोर्ड की मानकता को पूरा करते हैं। वे उन बोर्डों से अनुमति अनुमति प्राप्त करके मदरसों का संचालन कर सकते हैं। दिये गए आदेशों में मदरसा शिक्षा परिषद के पूर्व छात्र और छात्राओं की प्रवेश प्रक्रिया भी सुनिश्चित की जानी तय की गई है। – **डॉ. प्रियंका अवस्थी,** रजिस्ट्रार, उप्र मदरसा बोर्ड

#### मासिक बैठक के सहारे तय होगा खाका

मदरसे के छात्रों को समायोजित कर जिलावार बैठकें होंगी। जिलाधिकारी मासिक बैठकों के सहारे छात्रों के भविष्य निर्धारण का खाका तैयार करेंगे। इसकी समीक्षा अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग, बेसिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा विभाग करेगा।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग, निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण और जिलाधिकारियों को आदेश जारी किये गए हैं। उच्च न्यायालय के आदेशों का हवाला देते हुए कहा गया है कि प्रदेश के जो मदरसे, विभिन्न मानकों के आधार पर यूपी बोर्ड/ सीबीएसई बोर्ड/आईसीएसई बोर्ड आदि से मान्यता प्राप्त करने के लिए अर्ह हैं। ऐसे मदरसे बोर्ड से मान्यता प्राप्त करके प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों का संचालन कर सकते हैं। जो इससे इतर हैं, उनका संचालन स्वतः समाप्त हो जाएगा। इन मदरसों में पढ़ने वाले छात्रों को बेसिक, माध्यमिक में प्रवेश दिलाया जाए। इसको लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति भी बनाई जाए। इसमें मुख्य विकास अधिकारी के अलावा जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को शामिल किया जाना है।

### सोनिया और वैष्णव सहित 14 सांसदों ने ली शपथ

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव समेत 14 सांसदों ने गुरुवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने नए संसद भवन में उन्हें शपथ दिलाई। सोनिया गांधी ने राजस्थान के सदस्य जबकि वैष्णव ने ओडिशा से सदस्य के रूप में शपथ ली।

## बाबा तरसेम हत्याकांडः कत्ल की साजिश के आरोप में चार गिरफ्तार

संवाददाता, खटीमा/नानकमत्ता

- 10 लाख की दी गई थी सुपारी शूटर ले गए 6.5 लाख रुपये
- आरोपियों के पास से दो कारें व दो मोबाइल भी बरामद हुए

**अमृत विचारः** नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में पुलिस ने सुपारी देने वाले मास्टर माइंड और बाबा के करीबी सेवादार समेत चार साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। हत्या के लिए दस लाख की सुपारी दी गई थी, जिसमें से 6.6 लाख रुपये शूटर ले गए। गिरफ्तार आरोपियों में दो शाहजहांपुर और दो पीलीभीत जिले के रहने वाले हैं। दो कारें और दो मोबाइल फोन भी बरामद हुए हैं।

डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की 28 मार्च की सुबह बाइक सवार दो सिखों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। शूटर्स सरबजीत सिंह निवासी तरणतारन और अमरजीत उर्फ बिट्टू उर्फ गंडा निवासी नगली फतेहगढ़ (अमृतसर) है। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि टीम ने दोनों की डिटेल खंगाली तो सरबजीत का पता चला कि वह कई प्रदेशों में दर्जनभर से अधिक आपराधिक मामलों में लिप्त है। सरबजीत की कॉल डिटेल के अनुसार वह 19 से 27 मार्च तक रामपुर, बाजपुर, किच्छा, बरेली और शाहजहांपुर आदि क्षेत्रों में घूमता रहा। घटना में प्रयुक्त मोबाइल नंबर और फोन 14 मार्च को तिलहर (शाहजहांपुर) से खरीदा गया था।



बाबा तरसेम सिंह की हत्या की साजिश में पकड़े गए चार आरोपियों के साथ पुलिस टीम।

एसएसपी ने बताया कि दोनों शूटर्स के शाहजहांपुर जिले के ग्राम कबीरपुर निवासी दिलबाग सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह, बलकार सिंह, सतनाम सिंह, परगट सिंह, हरविंदर सिंह उर्फ पिंडी आदि से फरवरी 2024 से संपर्क में होने की जानकारी मिली। ये लोग कुछ नानकमत्ता सहित तराई के अन्य डेरों पर कब्जा चाहते थे। इसी क्रम में बाबा तरसेम सिंह की हत्या की योजना बनाई, जिसके तहत दिलबाग सिंह ने सरबजीत और अमरजीत को 10 लाख में हायर किया और उन्हें 1.60 लाख एडवांस दिए। दोनों ने डेरे के सेवादार अमनदीप सिंह उर्फ काला निवासी बड़ा जगत, थाना अमरिया (पीलीभीत) को साथ मिलाया और वारदात को अंजाम दिया।

हत्या के बाद दोनों दिलबाग सिंह के घर पहुंचे। उन्होंने तय की राशि में से पांच लाख और लिए और दिलबाग की मदद से भाग गए। एसएसपी ने बताया कि दिलबाग सिंह, अमनदीप सिंह, हरमिंदर उर्फ पिंडी और बलकार सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। हरमिंदर सिंह उर्फ पिंदी शाहजहांपुर के रणधीरपुर, बलकार सिंह पीलीभीत जिले के ग्राम बाधे कंजा का रहने वाला है।

## मां ने ही की थी छह माह की बेटी की हत्या

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/बंडा

**अमृत विचारः** मां के साथ ननिहाल में रह रही छह माह की बच्ची की हत्या उसकी मां ने ही गुस्से में की थी। पुलिस पूछताछ में महिला ने जुर्म कबूल कर लिया है। बच्ची के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने मां को गिरफ्तार किया है।



- पति ने कहा- अब मायके में ही रहो, तो गुस्से में खींच दिया बेटी के गले में पड़ा धागा
- पति की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने पत्नी को किया गिरफ्तार

> मासूम बच्ची की हत्या के मामले में आरोपी महिला के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। महिला को उसके मायके से गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। – **राकेश मौर्य,** थानाध्यक्ष बंडा

सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव उल्लिया निवासी शिवम से उसकी पत्नी राजबेटी का अक्सर झगड़ा होता रहता था। इसके चलते 20 मार्च को छह माह की बेटी निहारिका को लेकर राजबेटी मायके सिंघापुर पनई थाना बंडा चली गई थी। दो अप्रैल को सुबह दस बजे साले चंद्रपाल ने फोन करके बताया कि निहारिका बीमार है। फिर बीस मिनट बाद दोबारा फोन किया कि निहारिका की मौत हो गई। शिवम अपने पिता, माता, भाई, भाभी के साथ ससुराल गया। बेटी के गले पर निशान देखकर हत्या का शक हुआ तो पुलिस से पोस्टमार्टम कराने की मांग की। पोस्टमार्टम में गला कसकर हत्या की पुष्टि हुई। शिवम ने पुलिस को दी तहरीर में पत्नी पर बेटी की हत्या का शक जताया। बंडा पुलिस ने गुरुवार को राजबेटी से पूछताछ की। उसने बताया कि पति ने उससे कहा था कि अब तुम मायके में रहो। इसी गुस्से में उसने बेटी के गले में पड़ा काला धागा खींच दिया था। गला कस जाने से निहारिका की मौत हो गई।

## प्रेमिका के परिजनों ने युवक को बांधकर पीटा, जूतों की माला डाली, पेशाब पिलाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** प्रेम प्रसंग से गुस्साए प्रेमिका के परिजनों ने युवक का अपहरण कर बांध कर पीटा। उसके गले में जूते-चप्पलों की माला डाली। इतना ही नहीं आरोपियों ने पेशाब और गटर का पानी भी पिलाया। आरोपियों ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिया। मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में अगवानपुर निवासी युवक का अपहरण कर उसके साथ अमानवीय व्यवहार और मारपीट करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित के पिता की शिकायत पर सिविल लाइंस थाना पुलिस ने आठ लोगों के विरुद्ध नामजद और करीब 10 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। युवक के पिता ने पुलिस को बताया है कि 30 मार्च दोपहर 2 बजे हजारा, पिंकू व शर्मा उर्फ राजेश ने उनके बेटे को फोन कर अगवानपुर रेलवे स्टेशन नई बस्ती के पास बुलाया था। बेटे के पहुंचने पर उन लोगों ने वहीं से उसका अपहरण कर लिया और अपने गांव नानकबाड़ी उर्फ गिन्नौर दे माफी थाना पाकबड़ा ले गए। वहां आरोपी हजारा का बेटा आकाश और पिंकू की पत्नी रजनी, अंबरशरी, कमल, अरविंद और अन्य कई लोगों ने उनके बेटे के हाथ-पैर बांधकर गले में जूते चप्पलों की माला डालकर पीटा। और पेशाब पिलाया। हाथ-पैर बांधकर शौचालय में ले जाकर गटर का पानी पीने को मजबूर किया।

- घटना का वीडियो वायरल, आठ नामजद, 10 अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर, तीन गिरफ्तार

> पुलिस वायरल हुए वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर रही है। तीन सगे भाइयों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें एक युवती का पिता है। पूरा मामला प्रेम-प्रसंग का है। – **राम प्रसाद शर्मा,** थानाध्यक्ष, सिविल लाइंस

## समाजवादी छास के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने की आत्महत्या

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ (खीरी)

**अमृत विचारः** समाजवादी छात्र सभा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आकाश लाला ने घर में से पंखे पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक्स पर दुःख जताया।

मोहल्ला भारत भूषण कालोनी के सपा छात्र सभा के निवर्तमान उपाध्यक्ष आकाश लाला (32) का शव घर के कमरे में पंखे से लटका मिला। परिजन बताते हैं कि आकाश बुधवार रात दिल्ली से लखनऊ आया था। वहां से वह पौराणिक शिव मंदिर गया और देर रात घर आकर सो गया। गुरुवार को दोपहर बाद तक नहीं उठा तो उसकी मां सुनीता सक्सेना ने रिश्तेदारों को सूचना दी। लोगों ने वहां पहुंचकर दरवाजे में दरार बनाकर कमरे में देखा तो शव लटकता मिला। पुलिस ने मौका मुआयना किया। सीओ गोला अजेंद्र यादव ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला लग रहा है। परिवार वालों ने कोई तहरीर नहीं दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।,

- बुधवार की रात को दिल्ली से घर आए थे आकाश लाला



**संस्कृति** लगभग 300 साल पहले कलाबाजी करते समय नट की हो गई थी मौत, उनके साथ जिंदा दफन हुई थी पत्नी


## परंपरा के लिए दफन किए जाते हैं हिंदुओं के शव

ऋषिदेव गंगवार/हिमांशु उपाध्याय, बिसौली (बदायूं)

**अमृत विचार :** तेजी से बदलते दौर में लोग अपनी परंपराओं और संस्कृति को भूलते जा रहे हैं वहीं कुछ ऐसे लोग भी हैं जिन्होंने अपनी सामाजिक मान्यताओं और संस्कृति को जिंदा रखा है। हिंदू होने के बावजूद भुगोलिया नट जाति के लोग शवों का दाह संस्कार करने के बजाय दफनाते हैं। ऐसा वे अपनी पंरपरा को जिंदा रखने के लिए करते हैं। ये लोग अपने पूर्वजों की समाधियों पर नियमित पूजा भी करते हैं।

राजस्थान के भूगोलिया नट उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, बरेली, रामपुर, बदायूं समेत कई जिलों में डेरा डालकर रहते हैं। कलाबाजी के करतब दिखाना इनका पुश्तैनी पेशा है। कभी राजाओं, नवाबों ने इनकी कलाकारी देखकर जागीरें बख्शीश में दे डालीं जिसके चलते भुगोलिया नटों के पूर्वज कई गांवों के जमीदार भी रहे हैं। धीरे-धीरे जमींदारी चली गई। अब इन लोगों ने कलाबाजी करना बंद कर दिया है। ज्यादातर लोग मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। हिंदू होने के बाद भी वे शवों को दफनाते हैं।

- नट और उनकी पत्नी की याद में गांव के पास बनवाया सती मंदिर



सती मंदिर में स्थापित पति को गोद में लेकर बैठी महिला की मूर्ति।

### पति के साथ जिंदा दफन हुई थी, तभी बना सती मंदिर

भुगोलिया नटों के अनुसार शवों को दफनाने का रिवाज तकरीबन 300 साल पुराना है। बुजुर्गों ने बताया कि लगभग 300 साल पहले कलाबाजों को बहुत सम्मान की नजर से देखा जाता था। उनके पूर्वजों ने गांव में डेरा डाला था। उस समय बिसौली की रियासत पर नवाब दूदे खां की हुकूमत थी। एक कलाबाज नट की रस्सी से गिरकर मौत हो गई। उसकी पत्नी ने नवाब के समक्ष पति के साथ जीवित दफन होने की इच्छा जताई। महिला को समझाया गया लेकिन वह जिद पर अड़ी रही। आखिरकार नवाब को महिला को पति के साथ दफन करने की इजाजत देनी पड़ी। महिला को उसके पति के साथ जिंदा दफना दिया गया। महिला व उसके पति की याद में करौली में सती मंदिर बनवाया गया। इस मंदिर में पति के शव को गोद में रखे महिला की मूर्ति है। भुगोलिया नट हर त्यौहार पर मंदिर में पूजा करते हैं। इसीलिए देश भर में भुगोलिया नटों में शवों को दफनाने की परंपरा कायम है।

## सपा ने मेरठ से प्रधान की जगह सुनीता को दिया टिकट

**लखनऊ।** सपा ने मेरठ सीट पर फिर टिकट बदला है। वहां दूसरी बार उम्मीदवार बदलते हुए पार्टी ने नामांकन के अंतिम दिन अतुल प्रधान की जगह पूर्व महापौर सुनीता वर्मा को प्रत्याशी बना दिया। गुरुवार को सपा के सिंबल के साथ पूर्व विधायक योगेश वर्मा की पत्नी सुनीता ने पर्चा भर दिया है। हालांकि अतुल प्रधान ने भी बुधवार को नामांकन कर दिया था। प्रधान से भी पहले अधिवक्ता भानु प्रताप सिंह को टिकट दिया गया था।

टिकट कटने की सूचना मिलते ही प्रधान ने पार्टी छोड़ने की चेतावनी दे दी लेकिन पार्टी नेतृत्व के समझाने पर निर्णय को स्वीकार कर लिया। गुरुवार को एक्स पर लिखा, राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्णय है, वह स्वीकार है।

## सीबीएसई ने बदला 11वीं 12वीं का एग्जाम फॉर्मेट

**2024-25 के सत्र से 50 प्रतिशत रहेंगे दक्षता-आधारित प्रश्न**

नई दिल्ली, एजेंसी

- दीर्घ उत्तर सहित अन्य प्रश्न दस प्रतिशत घटकर रहेंगे 30 प्रतिशत

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2024-25 के शैक्षणिक सत्र से 11वीं और 12वीं की परीक्षा के प्रारूप में बदलाव करने की घोषणा की है। अधिकारियों का कहना है कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 से 11वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में दक्षता यानी कॉन्सेप्ट आधारित प्रश्न ज्यादा से ज्यादा शामिल किए जाएंगे। सीबीएसई अब अपना ध्यान पारंपरिक दीर्घकालिक प्रश्नों से हटाकर कॉन्सेप्ट वाले प्रश्नों पर केंद्रित करेगा। इसका मकसद यह पता लगाना है कि छात्र वास्तविक जीवन में पढ़े हुए अवधारणा (कॉन्सेप्ट) को कितना समझ पा रहा है।

सीबीएसई के अधिकारियों के अनुसार बहु विकल्प प्रश्न (एमसीक्यू), मामले-आधारित प्रश्न, स्रोत-आधारित एकीकृत प्रश्न या अन्य प्रकार के दक्षता-आधारित प्रश्नों का प्रतिशत 40 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है जबकि लघु और दीर्घ उत्तर सहित अन्य प्रश्नों का प्रतिशत 40 से घटाकर 30 प्रतिशत कर दिया गया है। सीबीएसई (अकादमिक) के निदेशक जोसेफ इमैनुअल ने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुसार बोर्ड ने स्कूलों में दक्षता आधारित शिक्षा के कार्यान्वयन की दिशा में कई कदम उठाए हैं, जिसमें दक्षता के आधार पर मूल्यांकन और शिक्षकों तथा छात्रों के लिए अनुकरणीय संसाधनों का विकास शामिल है। उन्होंने कहा, बोर्ड एक ऐसा शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिसका उद्देश्य रटने के विपरीत सीखने पर जोर देते हुए छात्रों की रचनात्मक सोच क्षमताओं को विकसित करना है ताकि वे 21वीं सदी की चुनौतियों से निपट सकें। इमैनुअल ने कहा कि बोर्ड शैक्षणिक सत्र 2024-2025 के लिए मूल्यांकन अभ्यास को एनईपी-2020 के साथ संरेखित करने के मद्देनजर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 9वीं और 10वीं की कक्षाओं के परीक्षा प्रारूप में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## अलविदा से पूर्व हुई पीस कमेटी की बैठक

**अमृत विचार, ककराला :** अलविदा, ईद उल फितर को लेकर पुलिस चौकी में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें सीओ दातागंज केके तिवारी ने मौजूद जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं और आम जनमानस से शांति सद्भाव और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की।

बैठक में थाना निरीक्षक अलापुर धनंजय सिंह कहा कि ईद का त्योहार प्रेम और भाईचारे से मिलकर मनाएं, खुराफात से बचें। बैठक में चेयरमैन नगर पालिका परिषद ककराला इंतखाब अहमद सकलैनी, चौकी इंचार्ज विक्रम सिंह, कांस्टेबल धर्मेंद्र ,पंकज आदि मौजूद रहे।

### पचास क्विंटल बीघा पैदावार से किसान मालामाल, उदमई निवासी जसवीर ने खेत में लगाया हाईब्रिड आलू

# हाइब्रिड आलू ने बदल दी किसान की तकदीर, कई गुना बढ़ा उत्पादन

केपी शर्मा, बदायूं

**अमृत विचार :** हर मौसम में सब्जियों में खाया जाने वाले आलू की भी हाइब्रिड प्रजाति आ गयी है। पैदावार बढ़ाने के लिए वैज्ञानिकों ने आलू की हाइब्रिड प्रजाति तैयार की है। हाइब्रिड आलू लगा कर किसान जसवीर शाक्य ने दस बीघा खेत में पांच लाख का आलू पैदा किया है।

जसवीर को खुद भी खेत में इतनी पैदावार होने की उम्मीद नहीं थी। इस बार अन्य किसान भी हाइब्रिड आलू लगाने की तैयारी कर रहे हैं। ब्लॉक जगत क्षेत्र के गांव उदमई निवासी जसवीर



हाइब्रिड आलू। ● अमृत विचार

नई नई प्रजाति की फसलें करने के शौकीन हैं। इस बार उन्होंने पंतनगर से हाइब्रिड की ख्याति प्रजाति का आलू अपने खेत में लगाया। हाइब्रिड आलू करीब दस बीघा खेत में लगाया। देशी खाद लगा कर पहले खेत तैयार किया उसके बाद मिट्टी में कुछ दवाएं

> हाइब्रिड आलू की पैदावार अधिक होती है। जबकि देशी आलू की पैदावार कम होती है। देशी आलू एक बीघा में 40 से 50 बोरी निकलता है जबकि हाइब्रिड आलू एक बीघा में 90 से सौ बोरी निकलता है। हाइब्रिड आलू देखने में बेहद साफ सुथरा होता है। जबकि खाने में ठीक नहीं होता है। इस साल कुछ किसानों ने हाइब्रिड आलू लगाया है। अच्छी पैदावार होने की बात कही जा रही है। संभावना है कि अगले साल हाइब्रिड आलू का रकबा बढ़ने की उम्मीद है। यदि हाइब्रिड आलू का रकबा बढ़ता है तो कुफरी आनंद जैसी प्रजाति लगाने वाले किसानों की संख्या कम हो जाएगी।
> – दुर्गेश कुमार – जिला कृषि अधिकारी

**खाने में कोई खास स्वाद नहीं**



हाइब्रिड आलू की सब्जी में कोई स्वाद नहीं होता है। इस आलू को स्थानीय बाजारों में नहीं बेचा जाता है। बाहर की मंडियों में आलू हाथों हाथ बिकता है। इस बार बारह रुपये किलो आलू की बिक्री हुयी, जिससे दस बीघा में करीब पांच लाख का आलू निकला। पैदावार अधिक होने से आर्थिक लाभ होता है। मगर खाने में आलू बेस्वाद है। इसलिए स्थानीय बाजारों में इसकी बिक्री नहीं हो पाती है। –जसवीर शाक्य – किसान

● **दस बीघा में हुआ पांच लाख का आलू, अब अन्य किसान भी कर रहे अनुसरण**

डाली तब उन्होंने पंतनगर से लाया हुआ हाईब्रिड ख्याति प्रजाति का आलू लगाया। चार महीने में तैयार हुआ आलू की जब खोदाई की गयी तो जसवीर की आंखें चौंधिया गयीं। इस आलू का प्रत्येक दाना दो सौ ग्राम से अधिक वजन का निकला, और एक पौधे में दो किलो से अधिक आलू निकले। उन्होंने बताया कि दस बीघा खेत में करीब नौ सौ बोरी आलू निकला। देखने में साफ सुथरा आलू है। एक बोरी में 55 किलो आलू आता है। किसान के खेत में हाइब्रिड आलू की हुई बम्पर पैदावार को देखने के लिए कई गांव के किसान मौके पर पहुंचे। किसानों ने बताया कि आज तक आलू की इतनी अधिक पैदावार किसी ने नहीं की है।

हाइब्रिड आलू की विशेषता यह है कि उससे अधिक समय तक रोक नही सकते। खेत से लेकर सीधे मंडी में बेचा जाता है। एक जगह पर दस दिन तक आलू को रोकने से आलू खराब होने लगता है। इसीलिए खुदाई करने के बाद उसको तुरंत मंडी में पहुंचाया जाता है।

## पुलिस ने पकड़े 1.45 लाख रुपये

**उसावां, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के चलते पुलिस की गश्त बढ़ गई है। रात में भी क्षेत्र में चेकिंग की जा रही है। गुरुवार देर शाम एफएसटी टीम के मजिस्ट्रेट राजेंद्र प्रसाद पुलिस बल में उपनिरीक्षक ऋषिपाल सिंह, सिपाही बिजेंद्र सिंह के साथ उसावां क्षेत्र के गांव हड़ौरा स्थित पेट्रोल पंप के पास चेकिंग अभियान चला रहे थे। कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव अटसेना निवासी ग्रीशपाल पुत्र धर्मपाल वहां से गुजरे। तलाशी लेने पर उनके पास से एक लाख 45 हजार बरामद हुए। पूछने पर वह जानकारी नहीं दे सके। मजिस्ट्रेट ने माना कि वह लोकसभा चुनाव के चलते धन का दुरुपयोग होने की ज्यादा संभावना है। पुलिस जांच कर रही है।

# किताबें और यूनिफॉर्म की कीमत के बोझ तले दबे मध्यमवर्गीय परिवार

### अपनी सेटिंग वाली दुकानों पर अभिभावकों को भेज रहे हैं स्कूल संचालक, कमा रहे कमीशन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को महंगी किताबें-कापियां खरीदनी पड़ रही हैं। किताबों के दाम इतने अधिक हैं जिससे अभिभावक थोड़ी किताबें खरीद कर काम चला रहे हैं। आसमान छूते किताबों के दाम मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए बोझ बनते जा रहे हैं। फिर भी दुकानों पर किताबें कापियां खरीदने वालों की भीड़ देखने को मिल रही है।

नया शैक्षणिक सत्र एक अप्रैल से शुरू हो गया है। प्राइवेट स्कूलों में एक ओर तो दाखिला कराने वालों की भीड़ है तो दूसरी ओर किताबों की दुकानों पर और ड्रेस की दुकानों पर भारी भीड़ देखने को मिल रही है। इस बार प्राइवेट स्कूलों में जो किताब लगाई गई हैं, उनके रेट देख कर अभिभावकों के पसीने छूट रहे हैं। किताबें खरीदने से पहले सोचना पड़ रहा है कि पूरी किताब खरीदी जाए या कि थोड़ी, प्राइवेट स्कूलों में अलग अलग राइटर की किताबें आ गई हैं। स्कूल संचालकों ने अपने स्कूल की किताबें बड़े बुकसेलरों को लाने का ठेका दिया है। दुकानों पर चढ़कर अभिभावक पहले किताब का मूल्य देखता है। उसके बाद अपनी जेब के हिसाब से कुछ किताबें खरीदता है। छोटी छोटी किताबों के दाम सौ से तीन सौ रुपये तक हैं। बड़े बड़े स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने वाले अभिभावकों ने बताया कि इस बार तो किताबें खरीदना मुश्किल हो रहा है। कापी के रेट आसमान छू रहे हैं। स्कूल द्वारा लिखा गया पूरा कोर्स खरीदना है इसलिए परेशानी हो रही है। कई अभिभावकों ने बताया कि कुछ किताबें खरीद लीं है तो कुछ बाद में ले लेंगे।

● **प्रिंट रेट पर बेची जा रही कॉपी व किताबें, यूनिफार्म की मार अलग से**

**विक्रेता नहीं देते हैं छूट**

शहर के पनबड़िया स्थित स्कूल ड्रेस की एक दुकान पर ड्रेस खरीदने वालों की भीड़ देखने को मिली। दुकान पर आधा दर्जन से अधिक कर्मचारी काम करते हैं। सभी के पास चार से छह बच्चे ड्रेस खरीदने को लाइन में लगे मिले। सभी स्कूलों की ड्रेस अलग अलग हैं इसीलिए दुकान पर करीब दर्जन भर स्कूल की ड्रेस बिकती हैं। दुकानदार जितने पैसे बताते हैं उतने ही वसूल लेते हैं। भीड़ अधिक होने के कारण रेट कम ज्यादा करने का समय नहीं होता है। अभिभावकों को मजबूरन ड्रेस खरीदनी पड़ रही है। एक स्कूल में कक्षा पांच के बच्चे की ड्रेस बारह सौ की मिलने पर अभिभावक ने नाराजगी व्यक्त की फिर भी उसे ड्रेस खरीदनी पड़ी।

**क्या कहते हैं अभिभावक**



शहर के एक बड़े स्कूल में उनकी बच्ची कक्षा 6 में पढ़ती है। गुरुवार को किताबें खरीदी हैं। छह हजार की किताबें ली हैं। अभी कापियां भी खरीदनी है। उसके बाद स्कूल ड्रेस भी लेनी है। महंगी किताब कापी मिलने से परेशानी हो रही है।

–वीरेन्द्र सिंह



बड़े स्कूलों की किताबों के रेट भी आसमान छू रहे हैं। अभी कुछ किताबें खरीद ली हैं जबकि कुछ किताबें बाद में लेंगे। क्या करें महंगाई के कारण हिम्मत जवाब दे रही है फिर भी बच्चों को पढ़ाना है। किताब ड्रेस भी खरीदनी है।

– जोगेन्द्र सिंह पटेल



पुत्री कक्षा नौ में पढ़ती है। सात हजार की किताब ली है। कुछ अभी खरीदने हैं जो बाद में लेगे। इसके बाद कापी भी लेनी हैं। महंगाई इतनी है कि बच्चों को पढ़ाना अब संभव नहीं है। क्योंकि स्कूलों की फीस और किताबें खरीदने में मोटी रकम खर्च करनी पड़ रही है। –बबीता गुप्ता



दुकानदार भी क्या करें। किताबें महंगी हैं। इनका कमीशन भी स्कूल मालिकों को देना पड़ता है। स्कूल मालिक तभी किताबें लगाने को देते हैं जब वह मोटा कमीशन पहले तय कर लेते हैं। इसलिए प्रकाशक किताबों का मूल्य अधिक रखते हैं।

–कमल गुप्ता – दुकानदार

## एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी पर 4.81 लाख का जुर्माना

**बदायूं, अमृत विचार :** उपभोक्ता फॉरम बदायूं के अध्यक्ष संजीव यादव ने एचडीएफसी स्टैंडर्ड लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड पर 4.81 लाख रुपये का जुर्माना लगाते हुए राशि परिवादी को देने का आदेश दिया है। साथ में परिवाद दायर की तारीख से 6 प्रतिशत ब्याज भी परिवादी को करेगा।

परिवादी के अनुसार उपभोक्ता फॉर्म में 13 मई 2022 को परिवाद दायर किया गया था। वादी सीमा पांडेय ने अपने पति ब्रजेश पांडेय की मृत्यु के बाद बीमा पॉलिसी के पैसे लेने के लिए दायर किया था। नॉमिनी मृतक का पुत्र अभिषेक पांडेय था। इसलिए उसकी माता की तरफ से परिवाद दायर किया गया। परिवादी के पिता ने एक बीमा पॉलिसी कंपनी से कराई थी जो एचडीएफसी बैंक शाखा जोगीपुरा के प्रबंधक ने 29 सितंबर 2016 को की थी। ब्रजेश पांडेय की मौत हो गई। फिर नॉमिनी ने जब अपने धनराशि प्राप्त करने को आवेदन किया तो लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के प्रबंधक ने उसका आवेदन निरस्त कर दिया। कंपनी ने तय राशि की जगह पर 1 लाख 44 हजार का भुगतान करने की बात कही गई। परिवादी ने अधिवक्ता पंकज शुक्ल के माध्यम से उपभोक्ता फॉर्म परिवाद दायर किया। जहां यह जुर्माना लगाया गया।

# स्कूल चलो अभियान के लिए निकाली रैली

संवाददाता, मुजरिया

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत आयोजित स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग नियंत्रण अभियान की संयुक्त रैलियों का आयोजन किया गया।

क्षेत्र के दर्जन भर विद्यालयों में शिक्षकों ने बच्चों के साथ जागरूकता रैली निकाल कर गांववासियों को घर आंगन व आसपास सफाई रखने का संदेश दिया। गुरुवार को मुजरिया, छोकरपुर, मुढ़सान, दरियापुर, सिलारपुर, बिचोला, सेमरा बनबीरपुर, अफजलपुर छगनपुर, बीबीगंज,सहित दर्जन भर गांव में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों ने शिक्षकों के साथ स्कूल चलो अभियान की शुरुआत की। साथ ही संचारी रोग नियंत्रण की जागरुकता का भी संदेश दिया।

जूनियर हाईस्कूल मुढ़सान में परवेज अनवर ने बच्चों के साथ गांव में घूम कर अभिभावकों को प्रेरित किया। एआरपी राजन यादव, ओमप्रकाश, जमील अहमद, सोमेंद्र कुमार, खालिद कुरैशी ने अपने अपने क्षेत्रों के विद्यालयों में रैली निकाल कर संचारी रोगों की जानकारी दी। संचारी रोगों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



गांव में जागरुकता रैली निकालते बच्चे। ● अमृत विचार

**घंघौसी में बच्चों ने निकाली जागरुकता रैली**

**बिल्सी।** अंबियापुर विकास खंड क्षेत्र के गांव घंघौसी स्थित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने गुरुवार को गांव में स्कूल चलो अभियान के तहत एक जागरुकता रैली निकाल कर बच्चों को स्कूल भेजने को जागरूक किया। प्रधानाध्यापक ब्रजभान सिंह ने बताया कि सर्व शिक्षा अभियान के तहत बच्चों एवं उनके अभिभावकों को जागरूक किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान संतोष शाक्य, एसएमसी अध्यक्ष अलीम, प्रधानाध्यापक ब्रजभान सिंह, मालती, दिलीप कुमार, अम्बुज बाबू, डीएलएड प्रशिक्षु मानसी शर्मा आदि मौजूद रहे।

**पिंडौल स्कूल के बच्चों को वितरित की गईं किताबें**



**बिल्सी।** अंबियापुर क्षेत्र के गांव पिंडौल स्थित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्कूल में गुरुवार को ग्राम प्रधान मुजाहिद खान, स्कूल के एसएमसी अध्यक्ष धर्मवीर शाक्य ने करीब 140 बच्चों को किताबें वितरित कीं। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूल के प्रत्येक बच्चे को सरकार द्वारा नि :शुल्क में किताबें देना एक अच्छा फैसला है। इससे जरूरतमंद बच्चों कोफायदा होगा। उन्होंने अभिभावकों का आह्वान किया है कि पढ़ाई के मामले में स्कूल व बच्चों का सहयोग करें। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक सौरभ श्रीवास्तव, अरविंद कुमार जैन आदि मौजूद रहे।

## हेल्थ सेंटर पर अनुपस्थित मिले तीन कर्मी, लगी फटकार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● **जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण, गंदगी मिलने पर जताई नाराजगी**

● **गांव में जलापूर्ति के आरंभ न होने पर अधिशासी अभियंता व अन्य से मांगा स्पष्टीकरण**

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी मनोज कुमार ने गुरुवार को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बुटला दौलत उझानी का निरीक्षण किया। यहां उन्हें सेंटर में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था नहीं मिली। अनुपस्थित तीन कार्मिकों से स्पष्टीकरण तलब कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से उनको उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं, गांव में जलापूर्ति आरंभ न होने पर अधिशासी अभियंता जल निगम से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी मनोज कुमार ने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बुटला दौलत के निरीक्षण के दौरान डॉ. ओम नारायण सिंह चिकित्सा अधिकारी वहां मौजूद मिले। उपस्थिति पंजिका देखने से ज्ञात हुआ कि कुल सात कार्मिक वहां तैनात हैं। इनमें से चार मौजूद थे जबकि एएनएम रीना, स्टाफ नर्स प्रीति लाल तथा स्टाफ राम अवतार अनुपस्थित पाए गए। उन्होंने अनुपस्थित तीन कार्मिकों से स्पष्टीकरण तलब कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से उनको उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पाया कि टेली मेडिसिन कॉल सेंटर में तीन अप्रैल को पांच कॉल प्राप्त हुई। वहीं, माह मार्च में कुल 66 कॉल प्राप्त कर लोगों को ऑनलाइन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को टेली मेडिसिन सेवा का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। कहा कि इसको वृहद स्तर पर चलाया जाए जिसका लाभ अधिकांश लोगों को मिल सके।

ग्राम के निरीक्षण के दौरान पाया कि जल जीवन मिशन के पाइप लाइन का रजिस्ट्रेशन हो चुका है लेकिन जलापूर्ति अभी आरंभ नहीं हुई है। इस पर उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए।

# शहर रहेगा स्वच्छ तो नहीं होगी संक्रामक बीमारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत गुरुवार को विभिन्न विभागों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया।गुरुवार को नगर पालिका सहसवान के मोहल्ला मोहदीपुर में नाले नालियों की साफ सफाई कराई गई व जलभराव के स्थानों पर लार्वा नाशक दवा का छिड़काव किया गया तथा कई जगहों पर फ़ॉगिंग की गई । कस्बा के लोगों को साफ सफाई करते रहने को भी प्रेरित किया गया। नगर पालिका सदर के द्वारा वार्ड-4 में सभी नाले-नालियों की साफ सफाई की गई । कृषि विभाग द्वारा ग्राम युसूफ नगर में चूहा छछूंदर से रोकथाम के लिए ग्रामवासियों को जागरूक किया गया । पंचायती राज विभाग द्वारा ब्लॉक जगत के ग्राम उनौला व ब्लॉक-वजीरगंज के ग्राम कुर्वी एवं ग्राम भटनी में नाले नालियों की साफ सफाई की गई व झाड़ियों की कटाई की गई ।

जिला मलेरिया कार्यालय विभाग की टीम के द्वारा मोहल्ला नई सराय व गन्ना दफ्तर के पास मोहल्ला शिवपुरम में जलभराव के स्थानों पर लार्वा नाशक दवा का छिड़काव किया गया। लोगों को खुद सफाई कर नगर को स्वच्छ रखने और बीमारियों से बचने को प्रेरित किया गया।



नाली नालों की सफाई करते कर्मचारी। ● अमृत विचार



जागरुकता रैली में शामिल बच्चे। ● अमृत विचार

● **संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत चला सफाई अभियान**

**संचारी रोगों से बचाव को रैली निकाल किया जागरूक**

**सहसवान।** गुरुवार को विकासखंड सहसवान के संविलियन विद्यालय बड़ेरिया के छात्रों की ओर से संचारी रोग से बचाव को जागरुकता रैली निकाली गई। इसके साथ ही स्कूल में नि :शुल्क पुस्तक वितरण भी किया गया। रैली में प्रतिभाग करने वाले बच्चे व शिक्षकों की ओर से बचाव के लिए नारेबाजी की गई ।इसमें बच्चों ने हाथों में पोस्टर लेकर साफ-सफाई का संदेश दिया। कूड़ा निस्तारण में सावधानी व सही स्थान पर निस्तारण किए जाने की जानकारी दी गई। रैली के बाद आयोजित निबंध प्रतियोगिता में छात्रों को पुरस्कृत एवं पुस्तक वितरण किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक जितेश राना, मोहसीना चौधरी, जितेंद्र कुमार शर्मा, हेमंत प्रकाश शर्मा, नवीन सिंह आदि रहे।

## कासगंज के डीसीओ को मिला बदायूं का चार्ज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● **किसानों को गन्ने की नई प्रजाति एवं बेहतर उत्पादन की जानकारी देने को दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** जिला गन्ना अधिकारी हेमराज की बीमारी से मौत के बाद कासगंज के जिला गन्ना अधिकारी को बदायूं का चार्ज दिया गया है। कासगंज के जिला गन्ना अधिकारी ओमप्रकाश ने विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी व्यवस्थाएं सुधार ली जाएं और गन्ना किसानों का चीनी मिलों से जल्द भुगतान कराया जाए। साथ ही किसानों को गन्ने की नई प्रजाति और बेहतर उत्पादन के बारे में जानकारी दी जाएगी।

यहां पर जिला गन्ना अधिकारी रहे हेमराज की मौत बीमारी के चलते 16 मार्च को दिल्ली के एक अस्पताल में हो गयी थी जिससे यहां का जिला गन्ना अधिकारी का पद रिक्त हो गया था। अब शासनादेशानुसार यहां के जिला गन्ना अधिकारी का चार्ज कासगंज के जिला गन्ना अधिकारी ओमप्रकाश को दे दिया गया है। चार्ज मिलने के बाद गुरुवार को ओमप्रकाश ने यहां गन्ना विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि विभागीय व्यवस्थाएं सुधार ली जाएं । चीनी मिलों पर किसानों का बकाया भुगतान जल्द कराने के प्रयास किए जाएं। नए गन्ना पेराई सत्र के लिए क्या-क्या तैयारियां की जानी हैं। इसकी सूची बना कर दी जाए। उन्होंने कहा कि गन्ना विभाग की ओर से जो गतिविधियां किसानों के हित में चलायी जाती हैं, उन्हें जारी रखा जाए। गन्ना किसानों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को जानें जिससे नए पेराई सत्र में किसी तरह की परेशानी न हो।

## डीएम ने कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण दिए निर्देश

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी कार्मिकों से कहा कि मतदान की ड्यूटी एक पवित्र कार्य है और मत देना एक संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाए। सभी अधिकारी व कार्मिक परस्पर समन्वय के साथ कार्य करें तथा निर्वाचन को सुचित पूर्ण, शांतिपूर्ण, निर्विघ्न व सकुशल ढंग से संपन्न कराए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त वैभव शर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे

**मौसम** मई-जून की गर्मी से बचने को अभी से कर रहे तैयारी, बाजारों में बढ़ गए खरीदार

# गर्मी की तपिश बढ़ते ही बिकने लगे पंखे और कूलर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गर्मि की तपिश शुरू होते ही बाजार में पंखा-कूलर की बिक्री शुरू हो गयी है। अगले तीन महीने तक तेज गर्मी पड़ने की उम्मीद के चलते दुकानदारों ने पंखा और कूलरों का स्टॉक कर लिया है। दुकानों पर खरीदारी शुरू होने से पंखा कूलर के बाजार में रौनक बढ़ने लगी है जिससे दुकानदारों के चेहरों पर चमक भी आ गई है।

इस बार गर्मी अधिक पड़ने की संभावना जताई जा रही है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि इस साल बारिश अधिक होती है। उस साल गर्मी भी अधिक पड़ती है। इसलिए गर्मी अभी से लोगों को रुलाने लगी है। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग घरों में कूलर और पंखे लगाते हैं।



दुकान पर रखे कूलर के स्टॉक।

कूलर पंखे चला कर रात को आराम से बच्चे और बड़े सोते हैं। गर्मी अधिक पड़ने की संभावना के चलते दुकानदारों ने दुकानों पर कूलर और पंखों का स्टॉक कर लिया है। कुछ लोग कूलर बनाते हैं। उन्होंने अपनी गोदामों में स्टाक कर लिया है। बाजारों में कूलर पंखों की दुकानों पर खरीदार पहुंचने लगे हैं हालांकि कम संख्या में ग्राहक अभी दुकानों पर आ रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि मई और जून में पंखे कूलर की बिक्री अधिक होती है।

क्योंकि इन्हीं दो महीनों में गर्मी अपने चरम पर होती है और कूलर घर-घर लगाए जाते हैं। बाजारों में हाथ वाले पंखे भी दुकानों पर बिकने लगे हैं। छोटी किट और छोटे पंखे अभी से बिकने लगे हैं। शहर में टिकट गंज बाजार में कूलर, पंखे दुकानों के आगे रख कर बेच रहे हैं। बड़ा बाजार में दुकानों के अंदर कूलर रखे गए हैं। सर्राफा बाजार की कुछ दुकानों पर बड़े-बड़े कूलर ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं।

**बड़े कूलरों की मांग ज्यादा**



बाजार में इस बार बड़े कूलरों की मांग ज्यादा है। इस समय बाजार में नया कूलर आया है जिसकी कीमत दस से पंद्रह हजार रुपए है। इसका लुक अच्छा लगता है। इसलिए ग्राहक इसी कूलर को पसंद करते हैं। वैसे पांच हजार से लेकर बीस हजार तक का कूलर आम तौर पर बाजार में बिकता है। छोटे परिवारों में स्थानीय स्तर पर बनाए गए कूलर अधिक बिकते हैं।

–पंकज अग्रवाल – दुकानदार

## चार घंटे तक बाधित रही बिल्सी नगर की बिजली आपूर्ति

**बिल्सी, अमृत विचार :** गुरुवार को उझानी पावर स्टेशन पर की गयी मरम्मत के कारण नगर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति करीब चार घंटे तक बाधित रही जिससे नगर के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जेई दिनेश कुमार ने बताया कि निगम गर्मी के मौसम में उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति दिए जाने की दिशा में लगातार सुधार लाने का प्रयास कर रहा है। उझानी स्थित 132 केवीए पॉवर स्टेशन पर कुछ तकनीकी कार्य करने के लिए विभाग ने दोपहर तीन बजे से शाम सात बजे तक नगर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को बाधित रखा ताकि तकनीकी कार्य करते समय कर्मचारियों को किसी तरह की दिक्कत न हो। करीब चार घंटे बिजली आपूर्ति न होने के कारण लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बाद में आपूर्ति को बहाल कर दी गयी।




आवश्यकता है

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित अमृत विचार को

रिपोर्टर /सब एडिटर/सीनियर सब एडिटर की

न्यूनतम योग्यता:- स्नातक

मुख्यधारा के अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव

वेतन :- योग्यता अनुसार

बायोडाटा भेजें:-

hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

रमज़ान मुबारक
05 अप्रैल 2024 पच्चीसवां रोज़ा इफ्तार 6:37
06 अप्रैल 2024 छब्बीसवां रोज़ा सहरी 4:32
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
लाइफ केयर हॉस्पिटल
निकट बी.आर.बी. स्कूल, बरेली रोड, बदायूँ
मो. इमरान चौधरी
डायरेक्टर
विशेष सुविधाएं :
● हड्डी के समस्त प्रकार के इलाज व ऑपरेशन की सुविधा। ● महिलाएं के समस्त प्रकार के इलाज व ऑपरेशन की सुविधा। ● बी.पी., शुगर व डेंगू के मरीजों के लिए विशेष इलाज की सुविधा। ● आई.सी.यू. की सुविधा।
24 घण्टे मेडीकल व इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
पैथोलॉजी की सुविधा उपलब्ध
9758669652, 8474913186

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

## 28 मार्च को पीटीओ ने सड़क पर पकड़ी थी तेज रफ्तार दौड़ती स्कूटी

# 50 की रफ्तार से दौड़ी बैट्री वाली स्कूटी, लगा जुर्माना

● आगरा की निर्माता कंपनी को जारी किया गया नोटिस, कंपनी ने जमा किए एक लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** बैट्री से चलने वाले दो पहिया वाहनों की गति 25 किलोमीटर तक निर्धारित की गई है। साथ ही वजन 60 किलोग्राम से कम होना जरूरी है। इन स्कूटी का पंजीयन, नंबर प्लेट, बीमा, टैक्स व लाइसेंस की जरूरत नहीं है। पैसेंजर टैक्स ऑफिसर (पीटीओ) को बैट्री से चलने वाली एक स्कूटी 50 किलोमीटर से तेज गति से दौड़ती मिली। स्कूटी को एआरआरटीओ कार्यालय में खड़ा कराया। स्कूटी के निर्माता कंपनी को नोटिस भेजकर जुर्माना लगाया। कंपनी ने जुर्माना के एक लाख रुपये जमा कर दिए हैं।



मोटर वाहन प्रावधानों के अनुसार दो पहिया बैट्री वाहन की अधिकतम स्पीड 25 किलोमीटर प्रति घंटा से कम होनी चाहिए। साथ ही मोटर की क्षमता 250 वाट और वाहन का वजन 60 किलोग्राम से कम होना चाहिए। वाहन अधिकृत टेस्टिंग एजेंसी से जारी हो। इन वाहनों का पंजीकरण, नंबर प्लेट, टैक्स, बीमा, लाइसेंस के प्रावधान लागू नहीं होते। इसके बाद भी एक स्कूटी 50 किमी. से भी तेज दौड़ रही थी। वाहन निर्माता कंपनी ने जुर्माने के एक लाख रुपये जमा करा दिए हैं। – **रमेश प्रजापति**, पीटीओ

पैसेंजर टैक्स ऑफिसर (पीटीओ) रमेश प्रजापति 28 मार्च को चेकिंग करने के लिए जा रहे थे। बिल्सी मार्ग पर एक स्कूटी तेज गति से जाती दिखी। पीटीओ ने उसकी गति चेक की तो स्कूटी 50 किमी से तेज गति से दौड़ रही थी। पीटीओ ने चालक को रोक लिया। स्कूटी के पीछे नो आरटीओ रजिस्ट्रेशन और नो लाइसेंस रिक्वायर्ड लिखा था। स्कूटी को एआरटीओ कार्यालय ले जाया गया। जहां एआरटीओ प्रवर्तन रामवचन गुप्ता ने तकनीकी जांच की। पता चला कि चालक ने उसमें किसी भी तरह का बदलाव नहीं किया है। निर्माता कंपनी से स्कूटी बनाने में चूक हुई है। निर्माता कंपनी ने ही 55 किमी. गति देने की गलती की है। जिसके चलते स्कूटी निर्माता आगरा के एनजे ऑटोमोटिव के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम 1988 के अंतर्गत कार्रवाई की गई। कार्रवाई के सापेक्ष निर्माता कंपनी ने एक लाख रुपये जुर्माना जमा करके वाद निस्तारित करा दिया।



एआरटीओ कार्यालय में खड़ी बैट्री से चलने वाली स्कूटी।

# पंचायत घर का ताला तोड़कर हजारों का सामान किया चोरी

● तीन अन्य ग्राम पंचायतों के पंचायत घरों को निशाना बना चुक हैं चोर, नहीं हुआ अब तक खुलासा

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** चोरों ने पंचायत घरों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। बुधवार की रात चोरों ने गांव मई रजऊ के पंचायत घर से हजारों रुपये के सामान की चोरी कर ली। ग्राम प्रधान ने तहरीर दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

बिनावर थाना क्षेत्र के गांव मई रजऊ की ग्राम प्रधान गिरजा देवी ने तहरीर देकर बताया कि गुरुवार सुबह लगभग नौ बजे वह पंचायत घर पहुंचीं थीं। पंचायत घर का ताला टूटा हुआ था। भीतर जाकर देखा तो कमरे के ताले भी टूटे मिले और दरवाजे खुले थे। कमरों से कंप्यूटर, इंवर्टर, सोलर पैनल आदि सामान गायब था तो उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव मनोज राज को फोन करके जानकारी दी। डायल 112 पुलिस को सूचना देकर बुलाया। प्रधान और सचिव ने तहरीर देकर खुलासे की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले एक महीने में चोरों ने तीन गांवों के पंचायत घरों से चोरी की है। पुलिस किसी भी चोरी का खुलासा नहीं कर पाई है। ग्राम पंचायत सचिव ने ने बताया कि पंचायत घर से पूरा सिस्टम चोरी कर लिया गया। तहरीर दी गई है। आगे की कार्रवाई पुलिस करेगी।

# पीजीआरपी में पहला स्थान मिलने पर पुलिसकर्मी सम्मानित

**बदायूं, अमृत विचार :** पब्लिक ग्रीवेंस रिव्यू पोर्टल (पीजीआरपी) पर प्राप्त मामलों का त्वरित व गुणवत्तायुक्त निस्तारण का मूल्यांकन किया गया था। जिले के पांच थानों ने संयुक्त रूप से प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। गुरुवार को एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने पीजीआरपी टीम के सदस्यों को सम्मानित किया। जिले के पांच थाने सदर कोतवाली, सिविल लाइन, उझानी, दातागंज, सहसवान रहे। गुरुवार को एसएसपी ने कंप्यूटर ऑपरेटर अंकित कुमार, रवि कुमार, राजकुमार, सोनिया और रश्मि सिसौदिया और पब्लिक ग्रीवेंस रिव्यू पोर्टल की मॉनीटरिंग करने वाले सिपाही संजीव चौधरी को सम्मानित किया।

# जरीफनगर गुरुकुल से पांच बच्चे लापता गुन्नौर से तीन बरामद, दो की तलाश

## महर्षि दयानंद आर्य गुरुकुल में रहते थे ये विद्यार्थी, पुलिस की टीम दिल्ली रवाना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव कोठरा स्थित महर्षि दयानंद आर्य गुरुकुल से बुधवार रात हमउम्र पांच बच्चे लापता हो गए। गुरुवार सुबह जानकारी होने पर गुरुकुल प्रबंधन ने जरीफनगर के थानाध्यक्ष को सूचना दी। थानाध्यक्ष रविकरन गुरुकुल पहुंचे। प्रबंधक और वार्डन से पूछताछ की। तब पता चला कि गुरुकुल से लापता बच्चों में एक की उम्र 17 साल है। वह दिल्ली निवासी है। अन्य बच्चे भी उसके साथ चले गए होंगे। पुलिस टीम दिल्ली जा रही थी। जिला संभल के थाना गुन्नौर क्षेत्र में बस अड्डे से तीन बच्चों को बरामद कर लिया। जबकि दो अन्य की तलाश की जा रही है।

गुरुकुल के प्राचार्य अर्जुन देव ने बताया कि वहां 20 विद्यार्थी पढ़ते हैं, जो अलग-अलग क्षेत्र से हैं।



विद्यार्थियों के लापता होने के बाद जानकारी करते थानाध्यक्ष रविकरन सिंह।

बुधवार शाम सभी ने एक साथ बैठकर भोजन किया था और सोने चले गए थे। रात में किसी समय पांच विद्यार्थी गुरुकुल से चले गए। विद्यार्थी जरीफनगर क्षेत्र के कस्बा नाधा, दिल्ली के थाना शकूरपुरा क्षेत्र, सहसवान क्षेत्र के मोहल्ला इब्राहिम गढ़ी, जिला अलीगढ़ के थाना अतरौली क्षेत्र के गांव बसेई, जिला संभल के थाना रजपुरा क्षेत्र के गांव मौलनपुर निवासी हैं। गुरुवार तड़के अन्य विद्यार्थी जागे तब वह पांचों लापता थे। गुरुकुल प्रबंधन को जानकारी दी।

विद्यार्थियों के लापता होने की खबर पूरे जिले में फैल गई। गुरुकुल के प्राचार्य ने संबंधित विद्यार्थियों के परिजनों को फोन करके अवगत कराया। परिजनों ने बताया कि बच्चे घर पर नहीं आए हैं। प्रबंधन की सूचना पर पुलिस गुरुकुल पहुंची। थानाध्यक्ष ने गुरुकुल के अन्य विद्यार्थी और प्रबंधन से बात की। विद्यार्थियों ने बताया कि गुरुकुल से लापता हुए विद्यार्थियों में से दिल्ली निवासी 17 साल का किशोर सबसे बड़ा है और समझदार है। हो सकता है कि वह सभी विद्यार्थियों को अपने साथ दिल्ली ले गया हो। गुरुकुल के प्राचार्य अर्जुन देव और पुलिस की टीम दिल्ली रवाना हो गई। दोपहर में गुन्नौर पहुंचे थे। जहां बस स्टैंड के पास नाधा, इब्राहिम गढ़ी और मौलनपुर निवासी किशोर मिल गए।

उन्होंने बताया कि दिल्ली निवासी किशोर गांव बसेई निवासी विद्यार्थी के साथ बैठकर दिल्ली चला गया है। पुलिस की टीम दिल्ली रवाना हो गई। थानाध्यक्ष रविकरन ने बताया कि तीन बच्चों को गुन्नौर से बरामद कर लिया गया है। दो बच्चों की तलाश में पुलिस टीम दिल्ली गई है।

## एक नजर

### सीएचसी में घुसा सांड़, हमले में गर्भवती घायल

**बदायूं, अमृत विचार :** उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी गर्भवती उस्मीन पत्नी सलमान गुरुवार को उझानी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आई थीं। वह गेट पर खड़ी थीं। इसी दौरान सड़क पर दो सांड़ लड़ते हुए सीएचसी के भीतर घुस आए। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने सांड़ को भगाना चाहा। उनके ऊपर पानी डाला। एक सांड़ सीएचसी के भीतर घुस गया। गर्भवती उस्मीन पर हमला करके सींघ से उठाकर जमीन पर पटक दिया। वह घायल हो गई। लोगों ने लाठी से सांड़ को भगाया। कर्मचारियों ने घायल महिला को भर्ती किया। जहां उसका इलाज चल रहा है। वह खतरे से बाहर है।

# सूखा व बाढ़ से ना हो कोई जनहानि

**बदायूं, अमृत विचार :** डीएम मनोज कुमार ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में सूखा व बाढ़ होने की स्थिति में किए जाने वाले बचाव कार्यों व कार्ययोजना के संबंध में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सूखा व बाढ़ से कोई जनहानि ना हो। इसके लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारियों से कहा कि 15 अप्रैल तक बाढ़ से संबंधित कार्ययोजना उपलब्ध कराए। जिलाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि गत वर्ष के अनुभव के आधार पर बाढ़ की कार्य योजना बनाई जाए। बाढ़ के दौरान राहत चौपाल लगाई गई। बाढ़ से पूर्व बाढ़ प्रभावित ग्रामों की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी भी कराई गई। उन्होंने बाढ़ प्रभावित रहे ग्रामों की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी करने के भी निर्देश दिए। ग्रामों में बाढ़ शरण स्थल चिह्नित किया जाए ताकि विषम स्थिति उत्पन्न होने पर ग्राम वासियों को वहां शिफ्ट कराया जा सके। संबंधित विभाग अधिकारी परस्पर समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने बताया कि गत वर्ष में 42 ग्रामों में 51 दिन बाढ़ रही। दसमें सभी राहत कार्य कराए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त वैभव शर्मा आदि मौजूद रहे।

# जांच में दोषमुक्त करने के नाम पर मांगे पचास हजार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आसफपुर पर तैनात डाटा ऑपरेटर ने विभागीय अधिकारियों को भेजे पत्र में कहा है कि उसके खिलाफ एक शिकायत की जांच करने वाले डॉक्टर मानसिक उत्पीड़न कर रहे हैं, जिससे वह बेहद परेशान हैं। डाटा ऑपरेटर ने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आसफपुर पर तैनात डाटा ऑपरेटर केशव उपाध्याय ने विभाग के उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में कहा है कि सीएचओ द्वारा एक झूठी शिकायत की गयी थी जिसकी जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच कमेटी बना कर सीएमओ ने जांच कराई थी। जांच टीम ने उसे पिछले दिनों 6 मार्च को बुलाया था। जांच टीम में शामिल डॉक्टर उससे कई सवाल किए जिनका पूरा जवाब दिया गया। अब जांच से दोषमुक्त करने के लिए उनसे पचास हजार रुपए की मांग की गई है। रुपये नहीं देने पर उक्त डॉक्टर ने झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी। पत्र में कहा गया है कि उक्त डॉक्टर ने दस हजार रुपये पहले एक मामले में उससे वसूल लिए। आरोप है कि उन्होंने पिछले साल जुलाई के महीने में एक स्वास्थ्य केन्द्र पर निर्माण कराने के नाम पर फर्जी बिल लगा कर सरकारी धन निकाल लिया गया । इस मामले की शिकायत पर बदायूं की सांसद डा. संघमित्रा मौर्य ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अपने संसदीय क्षेत्र से बाहर स्थानांतरण कराने की संस्तुति भी कर दी थी। डाटा ऑपरेटर केशव उपाध्याय ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण, प्रदेश शासन व प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य सहित कई अन्य अधिकारियों को पत्र भेज कर न्याय की गुहार की है।

केशव उपाध्याय के खिलाफ 15 सीएचओ ने डराने धमकाने की शिकायत सीएमओ से की थी जिसकी जांच करने के लिए सीएमओ ने तीन सदस्यीय कमेटी बनाई थी। उस कमेटी में मैं भी था लेकिन मैंने कभी केशव उपाध्याय से बात तक नही की है। किसी मामले में उनसे बात नही की गयी है। पैसे की मांग करने का आरोप निराधार है। – **डॉ. पंकज शर्मा**, जांच कमेटी सदस्य

# हत्या के प्रयास में पिता-पुत्र सहित चार को 7 साल की सजा

● बहस को सुनने के बाद न्यायाधीश ने माना दोषी, चारों आरोपियों पर 12-12 हजार रुपये लगाया जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** विशेष न्यायधीश गैंगस्टर एक्ट अखिलेश कुमार ने हत्या करने की कोशिश के आरोपियों को दोषी करार दिया है। पिता-पुत्र समेत चार आरोपियों को सात-सात साल की कारावास समेत 12-12 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना की राशि जमा न करने पर दोषी को तीन महीने का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

अभियोजन पक्ष के अनुसार कोतवाली दातागंज क्षेत्र के कस्बा समरेर निवासी श्याम बहादुर सिंह ने 13 जुलाई 2014 को तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने बताया कि गांव निवासी प्रेमपाल, बूंद पाल पुत्र कड़े सिंह के साथ उनकी और उनके भाई की पुरानी रंजिश है। मुकदमा चल रहा है। वह लोग कई बार समझौता का दबाव बना चुके हैं। समझौता न करने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। तहरीर देने से लगभग दो महीने पहले श्याम बहादुर सिंह ने उनके खिलाफ गवाही दी तो वह लोग और ज्यादा रंजिश मानने लगे। 13 जुलाई शाम लगभग 7 बजे श्याम बहादुर सिंह अपने घर के सामने चौपाल पर बैठे थे। प्रेमपाल व उनके बेटे बूंदपाल, अखिलेश, वीनीश पुत्र बूंदपाल आ गए। दो नाली बंदूक और तमंचा से जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या की कोशिश करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली। उपनिरीक्षक ने विवेचना की और आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। एडीजीसी मदन लाल राजपूत और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने सजा सुनाई।

# घर में घुसकर किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा

**बदायूं, अमृत विचार :** घर में घुसकर किशोरी से दुष्कर्म करने के छह साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सौरभ सक्सेना ने आरोपी को दोषी मानते हुए 10 साल के कारावास समेत 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना की 90 प्रतिशत धनराशि पीड़िता को दी जाएगी नहीं तो दोषी को तीन महीने का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। अभियोजन पक्ष के अनुसार एक गांव निवासी 15 साल की किशोरी ने कोतवाली सिविल लाइन पुलिस को 4 मार्च 2018 को तहरीर दी थी। जिसमें उसने बताया कि उस दिन वह घर पर अकेली थी। गांव निवासी वासुदेव घर में घुस आया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। उपनिरीक्षक ने कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। विशेष लोक अभियोजक प्रदीप भारती व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने सजा सुनाई।

# आतिशबाजी में विस्फोट की मजिस्ट्रियल जांच शुरू

● इस्लामनगर विस्फोट की मजिस्ट्रियल जांच करने पहुंची एडीएम प्रशासन रेनू सिंह

● बिसौली मार्ग पर जंगल में बना था गोदाम, प्रशासन ने पहले ही कर दिया था सील

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** कस्बा इस्लामनगर में हुए विस्फोट मामले की मजिस्ट्रियल जांच शुरू हो गई है। गुरुवार को एडीएम प्रशासन रेनू सिंह ने घटनास्थल का जायजा लेकर बारीकी से जांच की। पड़ोस में रहने वालों से बात की। घटनास्थल और आतिशबाज की कस्बा के रजा मार्केट स्थित दुकानों को देखा। नाप कराई। दुकान पर अभिलेख चेक किए। जिसकी बाद प्रशासनिक अमला बिसौली रोड स्थित आतिशबाज असगर अली के गोदाम पर पहुंचा, जो पहले से प्रशासन द्वारा सील मिला।

एक अप्रैल को अख्तर अली के घर में रखी आतिशबाजी में विस्फोट हो गया था जिसमें अख्तर अली की पत्नी सलामत और बेटे तैमूर की मौत हो गई थी। लाइसेंस अख्तर अली के पिता के नाम था जो कई साल पहले निरस्त हो गया था। हादसे के बाद पुलिस ने असगर अली और अख्तर अली के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ रखने और गैर इरादतन हत्या के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की थी। असगर अली को जेल भेजा जा चुका है और अख्तर अली फरार चल रहा है। वहीं, हादसे के बाद जिलाधिकारी मनोज कुमार ने विस्फोट की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए थे।

सोमवार को अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन रेनू सिंह एसडीएम बिल्सी प्रवर्धन शर्मा और सीओ सुशील कुमार सिंह के साथ इस्लामनगर के मोहल्ला मोहाली स्थित घटनास्थल पर पहुंचीं। मुआयना किया। अख्तर अली के पड़ोसियों से जानकारी की। आतिशबाजी के संबंध में काम होता था या नहीं ? लोगों ने बताया कि आतिशबाजी का काम घर के भीतर होता था। असगर अली के छोटे भाई रिजवान से किस किस के घर में रहने के बारे में पूछा। रिजवान ने बताया कि घर में अख्तर अली अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ रहते थे। असगर अली रजा मार्केट में दुकान चलाते थे।



एडीएम प्रशासन को जांच के दौरान बंद मिला जंगल में बना गोदाम।

दीपावली पर काफी मात्रा में आतिशबाजी बची थी तो अख्तर अली के घर में रख दी थी।

अख्तर अली के काम के बारे में पूछने पर रिजवान ने बताया कि वह शादी, पार्टियों में आतिशबाजी ऑर्डर बुक करते थे। रिजवान अपने पिता के साथ उनकी दुकान पर काम करते हैं। जिसके बाद नायब तहसीलदार मोहित कुमार और कानूनगो, लेखपाल ने विस्फोट वाली जगह की चौहद्दी नापी। जिसके बाद एडीएम प्रशासन असगर अली की दुकान पर पहुंचीं। रिजवान ने दुकान खोली। एडीएम ने अभिलेख चेक किए। दुकान की भी नाप कराई। जिसके बाद असगर अली के बिसौली मार्ग पर जंगल में बने गोदाम पर पहुंचीं, जो प्रशासन द्वारा सील किया गया था। गोदाम की भी चौहद्दी की नाप कराई। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।



जांच के दौरान चेक किए गए दुकान के अभिलेख। मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

# 106 मोबाइल फोन किए बरामद एसएसपी ने लौटाए तो खिले चेहरे

● शिकायत प्राप्त होने के बाद सर्विलांस पर लगाए गए थे मोबाइल

● 15 लाख आंकी गई है सभी मोबाइलों की कीमत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सर्विलांस के माध्यम से पुलिस ने लोगों के खोए हुए 106 मोबाइल फोन बरामद कर लिए। जिनकी कीमत लगभग 15 लाख रुपये है। गुरुवार को एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने मोबाइल फोन के मालिकों को बुलाया। उनके मोबाइल दे दिए। मोबाइल मिलने के बाद लोगों के चेहरे पर खुशी नजर आई।

कुछ दिनों से लोगों के मोबाइल फोन बाजार में गुम हो गए तो किसी का मोबाइल सफर के दौरान ट्रेन या बस में छूट गया। किसी ने अपना मोबाइल फोन खोने की शिकायत पुलिस से की तो कुछ लोगों ने ऑनलाइन शिकायत की थी। जिसके बाद से सर्विलांस टीम ने उनके मोबाइल नंबरों को सर्विलांस पर लगाया। जिसकी मदद से मोबाइल बरामद किए। एसएसपी ने कहा कि मोबाइल में बहुत महत्वपूर्ण डाटा होता है। इसे संभालकर रखना चाहिए। इस मौके पर एसपी देहात राम मोहन सिंह उपस्थित रहे।

मोबाइल बरामद करने वाली टीम में सर्विलांस सेल प्रभारी नीरज मलिक, उपनिरीक्षक धर्वेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल संजय सिंह, मुकेश कुमार, सचिन कुमार झा, विपिन कुमार, सचिन कुमार, शराफत हुसैन, अरविंद कसाना, भूपेंद्र, आजाद, मनीष और कुशकांत रहे।



महिला को उसका खोया हुआ मोबाइल वापस करते एसएसपी आलोक प्रियदर्शी। साथ में मौजूद एसपी देहात राम मोहन सिंह। ● अमृत विचार

# पिकअप की बॉडी बढ़ाई 10 हजार का चालान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शोरूम से दो प्रकार के वाहनों की बिक्री की जाती है। बड़े वाहनों में बदलाव किया जा सकता है लेकिन छोटे वाहनों में बदलाव नहीं किया जा सकता। बदलाव करने पर एआरटीओ से अनुमति लेनी होती है। इसके बाद भी वाहन मालिक बदलाव कराकर सड़क पर वाहन दौड़ा रहे हैं। पीटीओ (पैसेंजर टैक्स ऑफिसर) रमेश प्रजापति ने ऐसे ही एक पिकअप पकड़ी। जिसका 10 हजार रुपये का चालान किया गया है।

पीटीओ रमेश प्रजापति बरेली-मथुरा राजमार्ग पर थाना बिनावर क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। बरेली की ओर से आ रहे एक पिकअप पकड़ी। पीटीओ ने पिकअप के पेपर चेक किए, जो जिसका पंजीकरण हॉफ डाला बॉडी में किया गया था जबकि पिकअप पकड़ने के दौरान चालक के ऊपरी हिस्से में अलग से केबिन बना था और पीछे फुल बॉडी कर ली गई थी। जिसके चलते पीटीओ ने पिकअप का 10 हजार रुपये का चालान किया है। पीटीओ ने बताया कि वाहन शोरूम से जिस स्थिति में पंजीकृत होकर आएगा वैसे ही रखा जाएगा। बदलाव के लिए विभाग से अनुमति लेनी जरूरी है। जिसके चलते पिकअप का चालान किया गया है।




थाना बिनावर क्षेत्र में पिकअप का चालान करते पीटीओ रमेश प्रजापति।

# सिर में चोट लगने से गई थी जितेंद्र की जान, हत्या किए जाने की आशंका

● सीधे साइड में कनपटी के ऊपर लगी थी चोट, पुलिस को तहरीर का इंतजार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र में एक गांव के पास खेत की गूल में युवक का शव मिला था। पुलिस ने गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें सिर के सीधे साइड में चोट लगने से मौत होने की पुष्टि हुई है जिससे हत्या का अंदेशा लगाया जा रहा है।

पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बिल्सी क्षेत्र के गांव अगौल जितेंद्र शाक्य के माता-पिता की कई साल पहले मौत हो चुकी है। उनकी पत्नी भी लगभग एक साल पहले उन्हें छोड़कर बिल्सी मोहल्ला एक में अपने मायके जाकर रहने लगी थी। घर पर उनकी दादी चमेली रहती हैं। वह पंजाब में रहकर मजदूरी करते थे। बुधवार देर शाम जितेंद्र शाक्य का शव गांव अगौली के पास खेत की गूल में औंधे मुंह पड़ा था। ग्रामीण की सूचना पर पुलिस पहुंची। युवक के सिर पर चोट लगी थी। सिर से खून निकल रहा था। युवक की हत्या का अंदेशा लगाया जा रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।




फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। सूचना पर मिलने युवक की दादी ने बताया कि जितेंद्र शाक्य कुछ दिन पहले पंजाब से लौटकर आए थे। एक परिचित की मौत की सूचना मिली तो वह मंगलवार को उसके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए कछला स्थित भागीरथी घाट पर गए थे लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटे। बुधवार देर शाम उसका शव गूल में मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कनपटी के पास चोट से हत्या का अंदेशा लगाया जा रहा है।

मृतक के हिमाचल प्रदेश में रहने वाले भाई का इंतजार किया जा रहा है। उनकी तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक कमलेश मिश्रा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। सिर में चोट लगने की वजह से उसकी मौत हुई थी। आगे की जांच की जा रही है। तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हर दर्द का इलाज करते हैं

डॉ. रूप किशोर

समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक

गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन

फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

# डायट में सामान्य और शिवदेवी संस्थान में कार्मिकों का होगा ईवीएम का प्रशिक्षण

## नौ और 10 अप्रैल को अलग-अलग पाली में होगा प्रशिक्षण, अधिकारियों ने दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तेजी से तैयारी की जा रही है। मतदान कार्मिकों को ड्यूटी कार्ड वितरित किए गए हैं। अब मतदान कार्मिकों को सामान्य और ईवीएम का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में सामान्य और शिवदेवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में ईवीएम का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए निर्देश दिए गए हैं।

मतदान कार्मिकों को सुबह साढ़े 11 बजे से दोपहर एक बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें 472 मतदान कार्मिक प्रशिक्षित होंगे। दूसरी पाली का प्रशिक्षण दोपहर दो बजे से साढ़े तीन बजे तक होगा। इसमें 944 मतदान कार्मिक रहेंगे। इसके बाद दोपहर साढ़े चार बजे से शाम छह बजे तक 1416 मतदान कार्मिकों को ईवीएम का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में 9 अप्रैल को पहली पाली में साढ़े 9 बजे से साढ़े 11 बजे, दूसरी पाली दोपहर 12 बजे से 2 बजे और तीसरी पाली में ढाई बजे से साढ़े 4 बजे तक प्रशिक्षण चलेगा। जिसके बाद शिवदेवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सुबह पौने 12 बजे से दोपहर एक बजे, सवा 2 बजे से साढ़े 3 बजे, पौने 5 बजे से शाम छह बजे तक ईवीएम का प्रशिक्षण दिया जाएगा। अगले दिन 10 अप्रैल को तीन पाली में सामान्य और तीन पाली में ईवीएम का प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसमें दोपहर ढाई बजे से साढ़े 4 बजे तक सभी सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट प्रशिक्षित किए जाएंगे।

# बाधित मिली बूथ पर पेयजल व्यवस्था

- डीईओ ने किया बूथों का निरीक्षण, व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने गुरुवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के परिपेक्ष्य में विकास क्षेत्र उझानी के विभिन्न मतदान केंद्र, बूथों का निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों को चुनाव आयोग की मंशा अनुरूप एश्योर्ड मिनिमम फैसेलिटीज (एएमएफ) पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदाताओं से 7 मई को मतदान दिवस के अवसर पर अपने संवैधानिक अधिकार का उपयोग करते हुए निर्भीक होकर वोट करने का आह्वान किया।


ग्रामीण को मतदान करने को जागरूक करते डीईओ मनोज कुमार। ● अमृत विचार

सबसे पहले जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने उझानी के नगर पालिका परिषद के मतदान केंद्र का निरीक्षण किया जिसमें एक बूथ बनाया गया है। जिसके बाद सरोजिनी नायडू संविलियन विद्यालय का निरीक्षण किया। इसमें पांच बूथ बनाए गए हैं। इनमें से एक बूथ को नवनिर्मित कक्ष में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के नौ बूथ, भद्वान गर्ल्स इंटर कॉलेज के सात बूथ, छतुइया प्राथमिक विद्यालय के एक बूथ के बाद उच्च प्राथमिक विद्यालय बुटला दौलत के दो बूथ का निरीक्षण किया। इस बूथ पर पानी की आपूर्ति बाधित थी। उन्होंने एसडीएम बिल्सी को तत्काल पेयजल व्यवस्था दुरुस्त कराने को कहा। डीएम ने परिषदीय विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों से भी बात की। जिसके बाद कछला स्थित राधे लाल इंटर कॉलेज के नौ बूथ का निरीक्षण करके अधिकारियों को निर्देशित किया।

# नहीं मिला तेंदुआ गश्त जारी

**बदायूं, अमृत विचार :** सिलहरी गांव के आसपास तेंदुआ होने का भय ग्रामीणों में है। वन विभाग की टीम चार दिन से गश्त कर रही है। इस दौरान किसी को तेंदुआ नहीं दिख रहा है। फिर भी भय का आलम यह है कि ग्रामीण खेतों पर जाने को तैयार नहीं हैं।

करीब चार दिन पहले सिलहरी गांव में रात के समय एक युवक को किसी जानवर ने हमला कर घायल कर दिया था। युवक ने तेंदुआ होने की बात कही थी लेकिन पुलिस और वन विभाग कर्मचारियों ने जब युवक से पूछताछ की तो उसने तेंदुआ जैसा ही कोई जानवर बताया। फिर भी वन विभाग की टीम गांव के जंगल में गश्त कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ खेतों में छिपा हो सकता है इसलिए वह लोग खेतों की रखवाली करने को नहीं जा रहे हैं। रात को पुलिस भी इस गांव के मुख्य रोड पर गश्त करती है जबकि वन विभाग की टीम भी तैनात है। कुछ दिन पूर्व सलारपुर के औद्योगिक इलाके में एक जगह तेंदुआ बैठा देखा गया था। एक युवक ने मोबाइल में उसका फोटो लेने की बात कही थी। सलारपुर में 12 दिन तक वन विभाग की टीम ने गश्त की मगर वहां किसी को कुछ नहीं मिला। वन दरोगा अशोक कुमार ने बताया कि तेंदुआ नही है। लोग अफवाह फैला रहे हैं। फिर भी वन विभाग की टीम गश्त कर रही है। रात को ग्रामीण भय के चलते घरों के अंदर ही सोते हैं जिससे उन्हें कोई खतरा नहीं रहे।

# विश्व हिंदू महासभा के राष्ट्रीय सचिव ने जताया जान का खतरा, मांगी सुरक्षा

**बदायूं, अमृत विचार :** अलापुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला बजरिया के वार्ड तीन निवासी राहुल द्विवेदी ने बताया कि वह विश्व हिंदू महासभा भारत के राष्ट्रीय सचिव हैं। गौ मानव सेवा संस्थान के राष्ट्रीय प्रभारी भी हैं।

साथ ही भाजपा समर्थक मंच के युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद पर हैं। इसके अलावा कई अन्य संगठनों में उनकी जिम्मेदारी है। अनेक कार्यों के प्रचार प्रसार के लिए अन्य प्रदेशों में भी जाना पड़ता है। उन्होंने अलापुर नगर पंचायत में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई थी। बताया कि 1978 में उनके ताऊ और 1992 में पिता की हत्या हो चुकी है। उन्होंने नगर पंचायत के एक जिम्मेदार से अपनी जान का खतरा बताया। सुरक्षा की मांग करने पर प्रशासन ने उन्हें सुरक्षा मुहैया कराई थी जो बाद में हटा ली गई। अब मांग करने पर शासन को झूठी रिपोर्ट भेज दी जाती है कि उन्हें सुरक्षा की जरूरत नहीं है। राहुल द्विवेदी ने एसएसपी से सुरक्षा दिलाने की मांग की है।

# बच्चों में अच्छी आदतें विकसित करें माताएं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** विकास क्षेत्र उझानी के प्राथमिक विद्यालय रियोनइया में माता उन्मुखीकरण एवं परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र पर पंजीकृत बच्चों की माताएं, ग्राम प्रधान, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य, एआरपी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

गुरुवार को हुए कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक एमएस लाल, सहायक अध्यापक प्रदीप भदौरिया, देवेन्द्र चौधरी, दिनेश कुमार यादव, कुमकुम आदि के द्वारा सुखपाल वर्मा (ग्राम प्रधान पति), मुख्य अतिथि संतोष उपाध्याय वरिष्ठ अध्यापक, प्रमोद कुमार वरिष्ठ अध्यापक उमेश चंद्र, मनीष कुमार (राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त), राजवीर सिंह एआरपी आदि का बैज लगाकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।


बच्चों को परीक्षाफल देते शिक्षक। ● अमृत विचार

### रिजल्ट और पुरस्कार पाकर झूमे उठे बच्चे

**नगला डल्लू।** अंबियापुर क्षेत्र के गांव पिंडौल स्थित उच्च प्राथमिक स्कूल में बुधवार को वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि कक्षा छह में अंजलि, विपिन, आरती सात में पुष्पा, सचिन कुमार, तनिष्का एवं कक्षा आठ में भवान देवी, राधा, अरमान ने अपनी कक्षा में क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान पाया। इधर प्राथमिक स्कूल में कक्षा एक में दरक शाह, दो में शिवम शाक्य, तीन में रिजवान, चार में ओमवीर, पांच में तमन्ना अव्वल रही। बाद में ग्राम प्रधान मुजाहिद खान, एसएमसी अध्यक्ष धर्मवीर ने बच्चों को अंकपत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक सौरभ श्रीवास्तव, अरविंद जैन, प्रेमशंकर, अंशू चौधरी, रचना गुप्ता आदि रहे।

उच्च प्राथमिक विद्यालय दहेमू के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार उपाध्याय ने माताओं से आह्वान किया कि वह बच्चों को नियमित व साफ सफाई के साथ विद्यालय भेजें। राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक मनीष कुमार ने कहा कि माता बच्चे की प्रथम पाठशाला होती है, बच्चों में अच्छी आदतें विकसित करने मे मां का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

उच्च प्राथमिक विद्यालय रियोनइया के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार, एआरपी राजवीर सिंह ने विचार व्यक्त किए। इसके पश्चात परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा पांच के बच्चों को विदाई देते हुए उन्हें उपहार भेंट किए गए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक उमेश चंद्र, मृदुल एस लाल प्रधानाध्यापक, दिनेश कुमार यादव, प्रदीप सिंह भदौरिया, देवेंद्र सिंह चौधरी आदि मौजूद रहे।

Lifelines MEDICAL OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जाँच पैकेज की व्यापक रेंज
जांचों पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, वाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
स्वास्थ्य परामर्श
डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
दिल सम्बन्धित बीमारियां
शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
थायराइड, गठिया, खून की कमी
जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफलाइटिस,
लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।
समयः प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक रविवार को अवकाश रहेगा।
पताः- फैज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्रः- 7895161674, 7906502059

# अनाधिकृत ढाबों पर बस रोकी तो होगी कार्रवाई

- अपनी इच्छा से दिल्ली रूट पर किसी भी ढाबे पर रोडवेज बस रोक देते हैं चालक-परिचालक
- यात्रियों की शिकायत मिलने पर परिहवन निगम के अधिकारियों ने मामले में लिया संज्ञान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** विभिन्न रूटों पर चलने के दौरान रोडवेज बसों के चालक और परिचालक मनमानी नहीं कर सकेंगे। अब उन्हें निर्धारित ढाबों पर बस रोकनी होगी। इसके लिए अधिकृत ढाबे की सूची जारी की गई है। आदेश न मानने पर उन पर कार्रवाई होगी।

रोडवेज बसों का सबसे लंबा रूट दिल्ली का है, जो लगभग ढाई सौ किलोमीटर का है। रोडवेज बसों के चालक और परिचालक रास्ते में किसी भी ढाबे पर बसें रोक देते हैं। यात्रियों से नाश्ता या खाना खाने को बोलते हैं। इन ढाबों पर इनकी सेटिंग होती है। परिवहन निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक तक शिकायतें पहुंचीं। जिसके चलते उन्होंने सभी चालक-परिचालकों को निगम से अधिकृत ढाबे पर ही रोडवेज बसें रोकने को निर्देशित किया है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने कहा कि बदायूं से बिल्सी व इस्लामनगर से आनंद बिहार, बदायूं से बिसौली, इस्लामनगर से आनंद बिहार और बिसौली से चंदौसी व आनंद बिहार मार्ग पर बसें बाबूगढ़ के पास स्थित न्यू हरियाणा ढाबा यात्री प्लाजा पर बसों को रोकेंगे।

> रोडवेज बसों के चालक और परिचालकों को निर्देशित किया गया है कि वह परिवहन निगम से अधिकृत ढाबों पर ही बसों को रोकें। इसके इतर अन्य ढाबों पर बसें रोकने पर कार्रवाई की जाएगी।
> – **डीके चौबे**, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक

# प्राइवेट को दिया रोडवेज बस जैसा रूप, सीज

**बदायूं, अमृत विचार :** एआरटीओ प्रवर्तन अंबरीश कुमार ने चेकिंग अभियान चलाया। बदायूं-ककराला मार्ग पर ओवरलोड तीन डंपर पकड़े। डंपर के खिलाफ कार्रवाई की जा रही थी। इसी दौरान रोडवेज बस की तरह दिखने वाली एक बस आती नजर आई। उन्होंने बस को रुकवाया, जो प्राइवेट बस थी लेकिन यात्रियों को भ्रमित करने के लिए रोडवेज बस जैसा लुक दिया गया था। इसको देखते हुए कार्रवाई स्वरूप उन्होंने बस पर 34 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। बस को सीज कर लिया गया। सवारियां उतारकर दूसरे वाहनों से भिजवाईं। बस के मालिक को सूचना दी गई। एआरटीओ प्रवर्तन ने परिवहन निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक डीके चौबे को सूचना दी। वह मौके पर पहुंचे।

# दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली दातागंज पुलिस दहेज हत्या के आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। पांच मार्च को पोस्टमार्टम में हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई थी। दातागंज के कस्बा परा निवासी सुनील पुत्र रामौतार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और गैरइरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

कस्बा निवासी सुनील कुमार की शादी लगभग छह साल पहले हजरतपुर थाना क्षेत्र के गांव जमालपुर निवासी दयावती पुत्री महिपाल के साथ हुई थी। पांच मार्च को दयावती की मौत हो गई थी। मायका पक्ष ने ससुरालीजनों पर महिला की पिटाई लगाकर हत्या करने का आरोप लगया था। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया तो हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई थी। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

## सार-संक्षेप

### रागिनी ने पास की नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा



**आसफपुर।** कस्बा आसफपुर स्थित देवनागरी पब्लिक स्कूल की मेधावी छात्रा रागिनी कश्यप ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इससे गदगद उसके पिता किशनपाल कश्यप ने उसकी सफलता का श्रेय प्रधानाचार्य अमरपाल यादव समेत सारे स्टाफ को दिया है। रागिनी की सफलता पर विद्यालय स्टाफ ने मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। नवोदय विद्यालय समिति द्वारा कक्षा 6 में प्रवेश के लिए अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा का आयोजन 4 नवंबर को किया गया था जिसका परिणाम 31 मार्च को घोषित किया गया था। इससे पूर्व देवनागरी पब्लिक स्कूल के ही छात्र दक्ष प्रताप सिंह ने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा को पास करके इतिहास रचा था।

### पूर्व मंत्री ने गुलपोशी कर अवाम की सलामती को मांगी दुआ



**बदायूं,अमृत विचार :** हजरत सुल्तान आरफीन रहमतुल्लाह अलैह उर्फ बड़े सरकार के 813 वे उर्से मुबारक के मौके पर पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने चादर चढ़ाई तथा गुलपोशी कर बदायूं की आवाम की सलामती और मुल्क, कौम के लिए तरक्की की दुआ मांगी। चादर चढ़ाने से पहले 23 वे रोजे के मौके पर नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष फातिमा रज़ा की ओर से बड़े सरकार की दरगाह में इफ्तियार पार्टी का आयोजन किया गया। इस रोजा इफ्तार पार्टी में पूर्वमंत्री आबिद रजा मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। इफ्तियार पार्टी के बाद नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष फातिमा रज़ा की ओर से जायरीनों को लंगर भी तकसीम किया गया। इस अवसर पर अशरफ पीजी, मुशाहिद पीरजी, शहाब पीरजी, सगीर पीरजी, अशफाक पीरजी, क़ौसर अली, अनवर खान सभासद, वाहिद अली सभासद, अनवर अंसारी सभासद, छोटे अली सभासद आदि रहे।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया वार्षिकोत्सव



**बदायूं।** विकास क्षेत्र जगत के प्राथमिक विद्यालय आलमपुर में हर्षोल्लास के साथ वार्षिक उत्सव समारोह और परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुकेश सारस्वत एआरपी, ग्राम प्रधान वारी मियां वा पूर्व प्रधान तसलीम एवं एसएमसी सदस्य व अध्यापक उपस्थित रहे। स्वागत गीत से अतिथियों का स्वागत किया गया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। प्रधानाध्यापक फराह नाज द्वारा उपहार भेंट करते हुए कक्षा पांच के परिणाम में अक्सानूर प्रथम, अरीबा द्वितीय और खुशी कुमारी तीसरे स्थान पर रहीं। सभी बच्चों को पुरस्कार के साथ परीक्षा फल दिया गया। मिस फेयरवेल अरीबा, बेस्ट स्टूडेंट अक्सा नूर और बेस्ट सिंगर खुशी रही। कक्षा –तीन की नेम फैजी बेस्ट डांसर रहीं। मुख्य अतिथि मुकेश व एसएमसी अध्यक्ष सलीम को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर फराह नाज, इंचार्ज प्रधान अध्यापक, नेहा गौतम सहायक अध्यापक, शिक्षामित्र नाहीद, अंजुम व ग्राम पंचायत की चतुर्थ कर्मी संजीदा बेगम आदि रहे।

### वालंटियर्स से चुनाव में जुटने का किया आह्वान




**बदायूं, अमृत विचार :** भाजपा कार्यालय पर आयोजित बदायूं लोकसभा सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन में मुख्य अतिथि पूर्व कमिश्नर व बागपत के सांसद डा.सत्यपाल सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष जिला प्रभारी दिनेश शर्मा, क्षेत्रीय महामंत्री राकेश मिश्र अनावा, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने चुनाव में जुट जाने का आह्वान किया।पूर्व कमिश्नर सांसद डॉ.सत्यपाल सिंह ने कहा भाजपा के सभी युवाओं को अब मोदी यानी "मास्टर आफ डिजिटल इन्फोर्मेशन" बनना होगा। आज कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया से अछूता नहीं है। हर हाथ में मोबाइल है, इसकी ताकत को समझिए। साथ ही कहा भ्रष्टाचार मिटाने का दावा करने वाले ख़ुद जेल में हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष जिला प्रभारी दिनेश शर्मा, क्षेत्रीय महामंत्री राकेश मिश्र, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया है। क्षेत्रीय संयोजक सोशल मीडिया जितेंद्र सविता, क्षेत्रीय सह संयोजक आईटी कृष्णवीर सिंह, क्षेत्रीय सह संयोजक सोशल मीडिया शशि भूषण ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

### सोत नदी पर पुत्री ने दी पिता को मुखाग्नि, आंखें हुईं नम



**बिसौली, अमृत विचार :** गौरी शंकर इंटर कॉलेज बगरैन के पूर्व प्रधानाचार्य रमेश चंद शर्मा का निधन होने पर नगर के लोग गमजदा हैं। पूर्व प्रधानाचार्य का गुरुवार को सोत नदी घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। पूर्व प्रधानाचार्य रमेश चंद शर्मा का गुरुग्राम में नारायण अस्पताल में निधन हो गया था। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनकी तेईस वर्षीय इकलौती बेटी महिमा शर्मा ने पार्थिव देह को मुखाग्नि दी। इस मौके पर पंडित राम निवास शर्मा, सभासद दीपक पाठक, वरुण शर्मा, सुबोध शर्मा, अमित शर्मा, राकेश कुमार शर्मा, विश्वेश पाठक, राजकुमार शर्मा, राजपाल शर्मा, दिनेश आर्य, त्रिजीत आर्य, दिग्विजय शर्मा एडवोकेट, मुनेंद्र पाल सिंह आदि मौजूद थे।

### महिला की मौत, विषाक्त पदार्थ खिलाकर मारने की चर्चा

**उसावां, अमृत विचार :** उसावां थाना क्षेत्र के गांव गौतरा कुकुट हल्ली निवासी प्रेमपाल की शादी साल 2019 में जिला बरेली के थाना आंवला क्षेत्र के गांव कनगो निवासी सीताराम की बेटी भारती के साथ हुई थी। गुरुवार शाम भारती की मौत हो गई। गांव में चर्चा हुई कि ससुरालीजनों ने भारती को विषाक्त पदार्थ खिलाकर मार दिया। डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस गांव पहुंची। ससुरालीजनों ने बताया कि भारती कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। बरेली के निजी अस्पताल में उनका इलाज कराया गया था। इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं मायका पक्ष ने भी शिकायत नहीं की है।

### मस्जिद निर्माण की वीडियो वायरल, जांच में निकला जीर्णोद्धार

**बदायूं।** थाना उसहैत क्षेत्र के कस्बा के वार्ड सात में 1990 की एक मस्जिद है, जो ख्वाजा गरीब नवाज मस्जिद के नाम से जानी जाती है। पुरानी होने की वजह से मस्जिद जर्जर स्थिति में है। जिसके कुछ हिस्से को गिरा दिया गया और कुछ हिस्से में निर्माण कार्य चल रहा है। गुरुवार दोपहर लोग नमाज पढ़ने के लिए मंदिर में एकत्र हुए। किसी ने वीडियो बनाई और वायरल किया कि प्लाट में मस्जिद बनाई जा रही है। कई संगठनों के लोग एकत्र हो गए। पुलिस ने काम रुकवा दिया। पुलिस की जांच में पता चला कि नई मस्जिद नहीं बनाई जा रही थी। पुरानी का जीर्णोद्धार हो रहा है। उसहैत के प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि नई मस्जिद के निर्माण की अफवाह फैलाई गई थी।

### भाजपा प्रत्याशी की नुक्कड़ सभा में फायरिंग की चर्चा

**बदायूं।** गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य सहसवान में नुक्कड़ सभा कर रहे थे। इसी दौरान धमाके की आवाज आई। दुर्विजय सिंह ने कहा कि फायरिंग मत करो भाई, प्रदेश में अब फायरिंग बंद हो गई है। उनका यह वीडियो सोशल साइट्स पर वायरल हुआ। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी आशीष शाक्य ने बताया कि दुर्विजय सिंह ने पटाखे छोड़ने से मना किया था। उनकी बात को तोड़ मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक सौरभ सिंह ने फायरिंग न होने की बात कही है।

## शहर में आज

- जिला पूर्ति विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सभी विकास खंडों पर सुबह 10 बजे से।
- श्रीमद भागवत कथा का वाचन कस्बा अमांपुर के जवाहर नगर में दोपहर तीन बजे से।
- महार्षि कश्यप एवं निषादराज जयंती शोभा यात्रा का प्रारंभ नदरई गेट स्थित प्रभु पार्क से शाम चार बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा तीर्थ नगरी सोरों में हरिपदी गंगा की परिक्रमा शाम सात बजे से।

## एक नजर

### मादक पदार्थ सहित एक गिरफ्तार

**कासगंज।** ढोलना पुलिस द्वारा मादक पदार्थ के कारोबारियों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार को इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। जामा तलाशी के दौरान व्यक्ति के पास से 500 ग्राम नशीला पदार्थ पाउडर बरामद हुआ। इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह ने बताया कि आरोपी वसीम निवासी गांव ढोलना को पूछताछ के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

### तीन वांछित गिरफ्तार

**कासगंज।** सदर कोतवाली पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर रामवकील सिंह ने बताया कि दहेज अधिनियम के वांछित पूरन सिंह निवासी नगला भूरा, पॉक्सो एक्ट का आरोपी सतीश पाल निवासी बड़ा गांव एवं चंदन निवासी सिकंदरपुर छिदमा निवासी थाना कंपिल जिला फर्रूखाबाद को गिरफ्तार किया है। सभी पर कार्रवाई की गई है।

### युवक को सर्प ने डसा

**कासगंज।** थाना ढोलना के गांव रहमतपुर माफी में बुधवार को अनिल कुमार पुत्र दलवीर शौच के लिए खेत में गए थे। जब वह शौच के लिए बैठे थे कि तभी उनके दाहिने हाथ में सर्प ने डस लिया और वह बेहोश हो गए। परिवार के लोग उन्हें बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उन्हें उपचार दिया है। परिजनों के मुताबिक उपचार के बाद उनकी हालत में सुधार है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर पेड़ों के कटान से ग्रामीणों की मौज

## पेड़ों के कटान से ईंधन के लिए मिल रही भरपूर लकड़ियां

संवाददाता, मोहनपुरा


राष्ट्रीय राजमार्ग 530 बी के चौड़ीकरण के लिए हो रहा पेड़ों का कटान। ● अमृत विचार

- काट छांट के बाद गट्ठर बनाकर ला रहे अपने घर

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग 530 बी का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसी क्रम में मार्ग चौड़ीकरण हेतु सड़क किनारे खड़े पेड़ों को काटा जा रहा है।

बड़े बड़े पेड़ो को काटकर उनको छोटे टुकड़ों में गाड़ियों के माध्यम से विभाग कर्मी ले जाते हैं। साथ ही टहनियों एवं लकड़ियों के लिए ग्रामीण लोग पहुंचकर इक्कठा कर रहे हैं। जिससे उनके ईंधन का काम हो रहा है। पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे पेड़ों का कटान होते ही पहुंच जाते हैं और छोटी छोटी लकड़ियों और टहनियों के गट्ठर बनाकर अपने घर ले जाते हैं। अथैया, पिवारी एवं आसपास के आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीण इसी माध्यम से अपने घर का चूल्हा जलाने को ईधन को जुटा रहे हैं।

**होगी रसोई गैस की बचत :** गांव में अभी भी लकड़ी के चूल्हे की व्यवस्था रहती है। यह व्यवस्था वैकल्पिक रूप में ग्रामीण रखते हैं। यदि रसोई गैस खत्म हो जाए तो भी लकड़ी के चूल्हे का सहारा लेते हैं। अब जब पर्याप्त लकड़ी ग्रामीणों को मिल रही है तो निश्चित ही रूप से रसोई गैस की भी बचत होगी।

### पांच लीटर कच्ची शराब सहित एक गिरफ्तार

**कासगंज।** थाना सिढ़पुरा पुलिस ने अवैध शराब के कारोबारियों के विरुद्ध अभियान चला रखा है। गुरुवार को इंस्पेक्टर राधेश्याम ने मिली सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। जामा तलाशी के दौरान युवक के पास से पांच लीटर अवैध देसी शराब बरामद की। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी सत्यवीर निवासी पर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### जुए के अड्डे पर पुलिस का छापा, छह पकड़े

**कासगंज।** सिढ़पुरा थाना पुलिस ने जुए के अड्डे पर छापामार कार्रवाई की। पुलिस को देखते ही जुआ खेल रहे लोग भाग छूटे। पुलिस ने बल प्रयोग कर आधा दर्जन जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। मौके से 5200 रुपये की नगदी एवं 52 पत्ते ताश बरामद किए हैं। इंस्पेक्टर राधेश्याम सिंह ने बताया कि आरोपी जानकी, महीपाल और बॉबी निवासी ग्राम सनौठी, सुनील निवासी गांव नगला गुलाबी, जयपाल निवासी गांव नगला वाले, प्रमोद कुमार निवासी गांव मनौनी पर कार्रवाई की गई है।

# जिले की सीमा पर पुलिस कर्मी रहे अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



अलीगढ़ बॉर्डर पर वाहनों की चेकिंग करातीं एसपी अपर्णा रजत कौशिक।

- एसपी ने गंगीरी बॉर्डर पर कराई वाहनों की चेकिंग
- लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बरती जा रही सतर्कता

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में सतर्कता बढ़ती ही जा रही है। बुधवार रात को एसपी ने थाना ढोलना के अंतर्गत जिले की सीमा से लगे अलीगढ़ बॉर्डर पर वाहनों की चेकिंग कराई। बैरियर पर तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। साथ ही वाहनों की सघनता के साथ चेकिंग करने को कहा।

लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद से ही जिले में चुनाव को लेकर पुलिस ने सतर्कता बरतनी शुरू कर दी। जिले की सीमा एटा, फर्रुखाबाद, अलीगढ़, बदायूं, हाथरस की सीमाओं पर बैरियर लगाए गए हैं।

जिले में प्रवेश करने वालों की सघन चेकिंग हो रही है। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने बुधवार रात को अलीगढ़ की सीमा से लगे थाना ढोलना क्षेत्र में लगे बैरियर पर पहुंचकर व्यवस्थाओं को जांचा-परखा और आने जाने वालों की सघन चेकिंग कराई। चेकिंग के दौरान लोगों से पूछताछ भी की गई। न तो कुछ आपत्तिजनक वाहनों से मिला और न ही कोई संदिग्ध व्यक्ति नजर आया। एसपी ने बैरियरों पर तैनात पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए कि नियमित रूप से वाहनों की चेकिंग की जाए। संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली जाए। इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह के अलावा अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# मधुपुरा में विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत

संवाददाता, गंजडुंडवारा

- मायके पक्ष का आरोप दहेज में बुलेट नहीं देने से हुई हत्या

> औच मृतका के शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया है। तहरीर के आधार पर मामला पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। –**विनोद कुमार**, कोतवाली प्रभारी, गंजडुंडवारा

**अमृत विचार :** गांव मधुपुरा में नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वहीं, लड़की पक्ष के लोगों का आरोप है कि ससुरालीजन ने दहेज में बुलेट बाइक और एक लाख रुपये की मांग को लेकर विवाहिता की हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में मृतका के भाई की शिकायत पर शव को पोस्टमार्टम को भेज जांच शुरू करा दी है।

थाना सिकंदरपुरवैश्य के गांव नगला चेती के रहने वाले भागीरथ ने कोतवाली में शिकायत की हैं कि उसकी बहन सूरती की शादी लगभग 10 माह पूर्व मधुपुरा के रहने वाले ओमवीर पुत्र ग्रीश चंन्द्र के साथ हुई थी।शादी में अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज भी दिया था, लेकिन ससुरालजन शादी में दिए दहेज से खुश नहीं थे और बुलेट बाइक व एक लाख रुपये की मांग को लेकर शादी के बाद से ही परेशान करने लगे। पीड़ित के अनुसार बुधवार को उनकी गर्भवती बहन की मृत्यु की सूचना पर जब ससुराल पहुंचे तो ससुरालीजन घर से फरार थे। मामले में पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भिजवाया।

### तीन लोग गिरफ्तार असलहा बरामद

**कासगंज, अमृत विचार:** जिला पुलिस द्वारा अवैध असलाहों के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। सिढ़पुरा पुलिस द्वारा प्रदीप निवासी गांव नगला गुलाबी को गिरफ्तार कर उसके पास से एक तमंचा 315 बोर व एक कारतूस बरामद किया है।

सोरों कोतवाली पुलिस द्वारा सूचना मिलने पर ग्राम बघेल पुख्ता निवासी श्याम सुंदर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक तमंचा 315 व एक कारतूस बरामद किया है। इसी क्रम में सोरों पुलिस द्वारा रिंकू निवासी गांव मौजमपुर की भी गिरफ्तारी की गई है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक तमंचा 12 बोर व एक कारतूस बरामद किया है।

# अनुपस्थित आंगनबाड़ी और सहायिकाओं को दिए नोटिस

संवाददाता, गंजडुंडवारा


आगंनबाड़ी केंद्र पर रजिस्टर, अभिलेख चेक करते परियोजना अधिकारी सचिन व मुख्य सेविका मंजू। ● अमृत विचार

- आंगनबाड़ी केंद्रों पर मिलीं अव्यवस्थाएं, जताई नाराजगी
- मुख्य सेविका एवं परियोजना अधिकारी ने किया निरीक्षण

> औचक निरीक्षण में बड़ी अनिमियतता मिली है। इस संबंध मे आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिए गए हैं। उचित कारण न मिलने पर नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। –**सचिन कुमार**, सीडीपीओ, गंजडुण्डवारा

**अमृत विचार :** बाल परियोजना अधिकारी एवं मुख्य सेविका ने संयुक्त रूप से गुरुवार को विकास खंड क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। केंद्रों पर अव्यवस्थाओं के साथ साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायकाएं भी अनुपस्थित मिली। जिन्हें कारण बताओं नोटिस दिया गया है। केंद्रों पर व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

निरीक्षण में दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी सचिन कुमार को कई अनियमितताएं मिली। जिसमे साफ-सफाई का ध्यान खाना बनाने के दौरान नहीं रखा जान,हॉट कुक्ड मील के रजिस्टर का पूर्ण न होना तथा कई जगह आंगनबाड़ी कार्यकत्री का अनुपस्थित मिलना शामिल है। जिस पर उनके द्वारा आगनबाड़ी कार्यकत्री के अनुपस्थित मिलने पर सुपरवाइजर मंजू सिंह के माध्यम से कारण बताओं नोटिस प्रेषित करने को आदेशित किया एवं वर्तमान स्थिति काफी पर रोष व्यक्त किया गया।

### आगनबाडी केंद्र में यह मिली गड़बड़ी

आंगनबाड़ी केंद्र म्यूनी पर केवल आंगनबाड़ी कंचन उपस्थित मिली तथा केंद्र पर बच्चों की संख्या काफी कम मिली। महमूदपुर पर कोई भी आंगनबाड़ी के द्वारा हॉट कुक्ड मील के रजिस्टर तैयार नहीं किए गये थे और बच्चे भी अनुपस्थित थे। बरोना आंगनबाड़ी केंद्र पर पूनम और रूबी आंगनबाड़ी अनुपस्थित पाई गई वह राशन व हॉट कुक्ड के रजिस्टर भी तैयार नहीं थे क्षेत्र बहरोजपुर में कोई भी बच्चा आंगनबाड़ी केंद्र पर नहीं मिला तथा ना तो उपस्थिति और न ही हॉट कुक्ड मील के रजिस्टर मिले।

### इन्हें जारी हुए नोटिस

ग्राम महमूदपुर में सुनीता एवं मंजू तथा ग्राम मियूनी सीमा, बह रोजपुर में मनोजा,हेमा सुमन बरौना रूबी ,पूनम को कारण बताओ नोटिस दिया गया है।

# अहेरिया समाज इस बार करेगा लोकसभा चुनाव का बहिष्कार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


गांव होडलपुर में सभा के बाद प्रदर्शन करते अहेरिया समाज के लोग। ● अमृत विचार

- गांव होडलपुर में युवा अहेरिया सेवा समिति की बैठक में किया फैसला

**अमृत विचार :** विकास खंड सोरों के गांव होडलपुर में युवा अहेरिया सेवा समिति की बैठक में वक्ताओं ने अहेरिया समाज को सूचीवद्ध न किए जाने पर आक्रोश जताया। निर्णय लिया गया कि अहेरिया समाज लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेगा।

प्रदेश उपाध्यक्ष रामखिलाड़ी ने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आश्वसान दिया था कि लेकिन अहेरिया समाज को न्याय नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि एटा-कासगंज लोकसभा चुनाव में समाज के 65 हजार मतदाता है। जिलाध्यक्ष माधव सिंह ने समाज बंधुओं से आहवान किया कि यदि न्याय नहीं मिलता है तो संपूर्ण समाज पुरजोर तरीके से चुनाव का बहिष्कार कर अपनी ताकत का एहसास दिलाएगा। महाराज सिंह अहेरिया, राजकुमार अहेरिया, डा. जयसिंह अहेरिया, करण सिंह, प्रेमपाल सिंह, बृजेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, सुरेश कुमार, लाखन सिंह, गोविंद हरी सिंह, मीना देवी, ज्ञान सिंह, भगवती देवी, चंद्रशेखर, मदन लाल, सतीश कुमार, महाराज सिंह, जयपाल सिंह, सोम सिंह, राधेश्याम, लक्ष्मण, विनोद, सुभाष, भगवान सिंह, महेंद्र कुमार मौजूद रहे।

# मतदान कार्मिक आयोग के नियमों का कराएं पालन

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- सीडीओ ने चुनाव ड्यूटियां अनिवार्य रूप से प्राप्त करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** लोक सभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए डीएम एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी सभाकक्ष में मतदान कार्मिकों का प्रथम रैंडमाइजेशन संपन्न किया गया।

मतदान संपन्न कराने के लिए कुल 5564 मतदान कार्मिकों की तैनाती की गई है। इसमें 1391 पीठासीन अधिकारी, 1391 प्रथम मतदान अधिकारी, 1527 द्वितीय मतदान अधिकारी एवं शेष तृतीय मतदान अधिकारियों को प्रथम प्रशिक्षण दिया जाएगा। सभी मतदान कार्मिकों को श्रीगणेश इंटर कॉलेज, कासगंज में प्रशिक्षण दिया जाएगा। सभी मतदान कार्मिकों को निर्देश दिए गए हैं कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन को व्यवस्थित और सकुशल ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण अवश्य प्राप्त करें तथा अपने दायित्वों का पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निर्वहन करें। सीडीओ एवं प्रभारी निर्वाचन कार्मिक सचिन ने सभी कार्यालयाध्यक्षों को निर्देश दिए है कि विकास भवन सभागार से अपने अधीनस्थ अधिकारी, कर्मचारियों की निर्वाचन ड्यूटियां अनिवार्य रूप से यथाशीघ्र प्राप्त करा लें। प्रथम रैंडमाइजेशन के दौरान सीडीओ सचिन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम राकेश कुमार पटेल, सूचना विज्ञान अधिकारी कृष्ण मुरारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी राजीव कुमार एवं जिला विद्यालय निरीक्षक पीके मौर्य मौजूद रहे।

# दिव्यांगजनों ने रैली निकाल मतदाताओं को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करतीं एसडीएम कोमल पवार। ● अमृत विचार

- जलपान से पहले मतदान करने के लिए किया प्रेरित

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दिव्यांग मतदाताओं के शत-प्रतिशत मतदान एवं आम मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से तहसील सहावर में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसडीएम द्वारा दिव्यांग जन मतदाता जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

एसडीएम कोमल पवार ने कहा कि अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग सात मई को सबसे पहले मतदान करके करें और साथ ही अपने अन्य साथियों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। सक्षम एप दिव्यांगजनों की सहायता के लिए बनाया गया है। यदि किसी को मतदान स्थल पर ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर आदि नहीं मिलती है, कहीं रैंप नहीं है तो उसकी शिकायत सक्षम एप पर की जा सकती है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सुरेश चंद्र, समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पांडेय, लोकसभा सामान्य निर्वाचन द्वारा नामित सदस्य ऑइकोन राम नरेश मिश्रा आदि रहे।

**स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत होंगे जागरुकता कार्यक्रम:** उपजिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम राकेश कुमार पटेल ने बताया कि सभी कार्यालयाध्यक्ष, अधिकारी स्वीप गतिविधियों के दौरान भारत निर्वाचन आयोग की आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि पांच अप्रैल को जिला पूर्ति अधिकारी अपने सभी कार्यालयों के माध्यम से चुनाव के प्रति जागरूकता फैलाएं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जनपद में संचालित अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थाओं व कई स्थानों पर कार्यक्रम कर मतदाताओं को प्रेरित करेंगे।

### जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर कार्यक्रम

**कासगंज।** जिला निर्वाचन अधिकारी सुधा वर्मा द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जनपद में स्वीप अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों को भव्यता एवं सफलता पूर्वक करने के लिए विभागों में कार्यक्रम आयोजित कराने हैं। कार्यक्रमों का उद्देश्य जनपद में जेंडर रेशियो, मतदान प्रतिशत बढ़ाना है। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी द्वारा छह अप्रैल को मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए निर्देशित किया गया है। प्रत्येक ब्लॉक एवं तहसील स्तर के प्रतिनिधि अधिक से अधिक संख्या में पूर्व सैनिकों एवं विधवाओं तथा उनके आश्रितों को लेकर छह अप्रैल को सुबह 11 बजे कार्यालय में उपस्थित हों ताकि जनपद स्तर पर वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया जाए।

### छत से गिरकर युवक गंभीर

**कासगंज।** पटियाली थाना क्षेत्र के गांव जिनौल में 23 वर्षीय रिषभ पुत्र राजेश सिंह अचानक छत से नीचे आ गिरे। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने घायल अवस्था में पटियाली के स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया और हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां घायल का उपचार जारी है। हालत में सुधार है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से ग्रामीण की मौत

संवाददाता, गंजडुंडवारा

> घटना में पीड़ित के भाई द्वारा नामजदों के विरुद्ध तहरीर दी है। मामले की जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। –**राजेश कुमार भारतीय**, एएसपी

**अमृत विचार :** गंजडुंडवारा क्षेत्र के गांव बांसी में सड़क किनारे खड़े बाइक सवार को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। इससे 55 वर्षीय बाइक सवार की मौत हो गई। स्वजनों ने तीन नामजदों के खिलाफ तहरीर कोतवाली में दी है।


मृतक चंद्रप्रकाश।

गांव निवासी मृतक चन्द्रप्रकाश के भाई दयाशंकर पुत्र ने ख्यालीराम ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उनके भाइयों का गांव में उनकी जगह पर भट्ठा लगाने आए चोब सिंह व दो अन्य के साथ अपनी जमीन का इकरारनामा किया था। मंगलवार को रुपयों के लेनदेन में विवाद हो गया था। बुधवार की दोपहर करीब 11 बजे उनके भाई चन्द्रप्रकाश सड़क किनारे बाइक खड़ी कर गनेशपुर निवासी मुहीद से बात कर रहे थे कि तभी चोब सिंह की ट्रैक्टर से चंद्रप्रकाश चपेट में आ गए और उनकी मौत हो गई। मुहीद निवासी गनेशपुर भी घायल हो गए। परिजनों ने हत्या करने के आरोप लगाए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर और बाइक को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

### जिला न्यायालय में बेहोश होकर गिरा वृद्ध

**कासगंज।** थाना गंजडुंडवारा के कादरगंज रोड निवासी 77 वर्षीय रामप्रकाश व्यास पुत्र खमानी मुकदमे की पैरवी के लिए जिला न्यायालय आए हुए थे। सीजेएम कोर्ट के बाहर अचानक वह बेहोश होकर गिर पड़े। पुलिस ने बेहोशी की हालत में उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया और घटना की जानकारी परिजनों को दी है। पुलिस की सूचना पर परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए थे। जहां वृद्ध का उपचार जारी था।

# शिकायत करने वाले ग्रामीणों के ही ध्वस्त कर दिए पट्टे

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- तहसील प्रशासन और ग्राम प्रधान की बताई मिली भगत
- रास्ते के अतिक्रमण को हटाने को दिए प्रार्थना पत्र पर हुई कार्रवाई

> गांव नसरतपुर में अवैध कब्ज़ा हटाए जाने के लिए टीम भेजी गई थी। नियम अनुसार कब्जे हटाए गए हैं। यदि कोई शिकायत मिलती है तो फिर पुन: जांच कराई जाएगी। –**संजीव कुमार**, एसडीएम

**अमृत विचार:** चकरोड पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने को लेकर की गई शिकायत के बाद गांव पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने कार्रवाई की, लेकिन शिकायतकर्ता ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान और तहसील प्रशासन ने मिली भगत के चलते शिकायतकर्ताओं के ही पट्टों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर दी जो पूरी तरह गलत है। इसको लेकर ग्रामीणों ने आक्रोश जताया है और आंदोलन की चेतावनी दी है।

मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव नसरतपुर का है। इस गांव में ग्रामीणों ने कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री के नाम संबोधित प्रार्थना पत्र में शिकायत दर्ज कराई की गाटा संख्या 88 में चकरोड है और यहां कुछ दबंगों ने अवैध कब्जा कर लिया है।

ग्रामीणों की शिकायत पर प्रशासन ने टीम का गठन किया। अब टीम गांव नसरतपुर पहुंची। नायब तहसीलदार के नेतृत्व में पहुंची टीम ने अवैध कब्जों को हटाया, लेकिन शिकायतकर्ता ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन ने ग्राम प्रधान की मिली भगत से शिकायतकर्ता ग्रामीणों पट्टे ध्वस्त कर दिए हैं, वहीं प्रशासन ने सही कार्रवाई होने का दावा किया है।

ग्रामीण ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि ग्राम प्रधान की मिली भगत है। ग्राम प्रधान ने पहले तो शिकायतकर्ता ग्रामीणों पर झूठी एफआईआर दर्ज करा दी और अब प्रशासन से मिली भगत कर शिकायतकर्ता ग्रामीणों के पट्टों पर अवैध रूप से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर दी।




# पक गई गेहूं की फसल, शुरू हुई कटाई

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



- किसान अनाज को जल्द से जल्द घर लाने की तैयारी में जुटे
- परिवार संग खेतों में फसल की कटाई कर रहे किसान

> गेहूं की फसल की कटाई और मढ़ाई के दौरान धूल और धुंध बढ़ जाती है। ऐसे में सांस रोगियों के लिए समस्या हो सकती है। सांस रोगी इस मौसम में सतर्कता बरतें। – **डा. संजीव कुमार**, सीएमएस

**अमृत विचार :** मौसम बदल गया है। वैसे तो होली पर्व के बाद जौ की फसल की कटाई शुरू हो गई, लेकिन अब गेहूं की फसल भी पूरी तरह पक कर तैयार है और किसान फसल की कटाई में जुट गए हैं। अनाज को जल्द घर लाने की तैयारी में है। मौसम बिगड़े, उससे पहले ही किसान सुरक्षित फसल अपने घर ले आना चाहते हैं। इधर, इस मौसम में अस्थमा रोगियों को समस्या हो सकती है। अगैती गेहूं की फसल पूरी तरह पक कर तैयार है। पिछैती फसल पकने की ओर है। किसान फसल की कटाई के साथ ही मढ़ाई की तैयारी कर रहे हैं। चारों तरफ किसान परिवार सहित खेतों में दिखाई दे रहे हैं।

**धूल व धुंध से बढ़ रही परेशानी, सावधानी बरतें सांस रोगी:** गेहूं की फसल पक कर तैयार है। जिसकी कटाई और मढ़ाई से धूल और धुंध बढ़ जाती है। साथ ही मौसम का मिजाज पल-पल बदल रहा है। इस कारण सबसे अधिक असर अस्थमा के मरीजों पर हो रहा है। वहीं, छोटे बच्चों में भी सांस लेने में दिक्कत हो रही है। 25 मार्च से तीन अप्रैल तक 280 मरीज सांस की समस्या होने पर जिला अस्पताल में आ चुके हैं, जिसमें 93 बच्चे शामिल हैं। इसमें से 10 मरीजों को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा है। इसको लेकर चिकित्सक भी मरीजों को सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं।

# खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693 9837338306



बवासीर भगन्दर

ऑपरेशन से बचें दर्द रहित उपचार

सैक्स रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज



डॉ. एस.के. गुप्ता

(गुप्त रोग चिकित्सक)

बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ

ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक

स्थापित 1960

माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।

मो. 9259082174


# अलविदा पर इबादत को उमड़ेंगे रोजेदार

## सुरक्षा व्यवस्था को प्रशासन ने की तैयारियां

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** रमजान माह का अंतिम जुमा आज होगा। जुमा अलविदा की नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों में रोजेदार और नामजियों की भीड़ रहेगी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने भी तैयारियां की है।

मान्यता है कि रमजान माह में अन्य जुमे के मुकाबले आखिरी जुमा पर अधिक शबाब मिलता है। इसी मान्यता के चलते मुस्लिम समुदाय के लोग और रोजेदार मस्जिदों में पहुंचकर नमाज अदा करते हैं।

जुमा अलविदा को लेकर पूर्व संध्या पर मुस्लिम समाज के लोगों में खासा उत्साह देखा गया। घरों में भी विशेष तैयारियां हुई। पुलिस प्रशासन ने भी जुमा अलविदा को लेकर तैयारियां की हैं। जिले की सभी मस्जिदों पर पुलिस की ड्यूटियां लगाई हैं।

> जुमा अलविदा की नमाज शांति पूर्ण ढंग संपन्न कराई जाएगी। सुरक्षा की दृष्टि से जिले की सभी मस्जिदों पर पुलिस बल की ड्यूटियां लगाई हैं। ड्रोन कैमरे से भी निगरानी कराई जाएगी।
> – **राजेश कुमार भारतीय**, एएसपी



> रमजान का आखिरी जुमा अलविदा कहलाता है। इस जुमे के बाद रमजान का मुबारक महीना पूरा हो जाता है। जुमा अलविदा सबसे अफजल है। अन्य जुमों के मुताबिक जुमा अलविदा पर अधिक शवाब मिलता है।
> – **मौलाना इकराम अहमद**, शहर काजी

### जान बूझकर रोजा न रखना गुनाह, 30 दिन के रोजे उम्मत पर फर्ज

**भरगैन, अमृत विचार :** पैगंबर हजरत मोहम्मद को जब अल्लाह ने अपना नबी बनाया तो उनकी उम्मत पर 50 दिन के रोजे रखने का हुक्म दिया था। पैगंबर हजरत मोहम्मद ने अल्लाह से गुजारिश की कि 50 दिन के फर्ज रोजे नहीं रखे जाएंगे। अल्लाह ने पैगंबर की गुजारिश को कुबूल करते हुए रमजान में 30 दिनों के रोजे उनकी उम्मत पर फर्ज किए। शेष 20 रोजों को नफिल किया गया। जो ईद के बाद छह रोजे, मोहर्रम, बकरीद, शाबान, रजब आदि इस्लामिक महीनों में रखे जाते हैं। नफिल रोजे को रखने पर सवाब है और नहीं रखने पर गुनाह भी नहीं है। भरगैन निवासी अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के साबिक तालिब-ए-इल्म रिहान खान कहते हैं कि बालिग मुसलमान पर रमजान के 30 रोजे फर्ज किए गए हैं। जो बीमार हैं, बहुत बूढ़े हैं, शरीर में रोजा रखने की क्षमता नहीं है, मानसिक रूप से बीमार है। उन्हें रोजे नहीं रखने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि अगर वह बराबर बीमार रहता है तो 30 रोजे के बदले 60 गरीबों को दोनों वक्त का खाना खिलाना होगा या फिर 60 गरीबों को पौने दो किलो गेहूं या इसके बराबर बाजार की मौजूदा कीमत पर रकम अदा करनी होगी। अगर कोई सफर में है और उसे रोजा रखने में दिक्कत हो तो सफर खत्म होते ही रोजा रखने का हुक्म है।



रिहान खान।

## एक नजर

### पुलिस पार्टी पर पथराव रिपोर्ट दर्ज

एटा। निधौलीकलां के एसआई सुरेन्द्र सिंह का कहना है कि जलेसर क्षेत्र के गांव हुसैनपुर में पुलिस पार्टी दबिश देने की गई थी। इसी दौरान रामनगर निवासी सुनील पुत्र जोनई समेत तीन लोगों द्वारा रास्ता रोककर पुलिस पार्टी पर ईंट पत्थर फेंके सरकारी कार्य में वाधा डाली और गाली गलौज कर धमकी दी गई। एसआई ने सुनील व उसके साथियों के खिलाफ अभियोग दर्ज कराया है।

### बेहोश मिले व्यक्ति को अस्पताल में कराया भर्ती

एटा। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के एटा-कासगंज मार्ग पर नगर क्षेत्र के देशी जायका होटल निवासी जंगबहादुर पुत्र वीर बहादुर बेहोशी हालत में पड़ा मिला। गुरुवार को सुबहपुलिस ने उसको उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। उससे लूटपाट की आशंका है।

# राजस्व और यात्रियों में हुआ इजाफा मगर नहीं बढ़ाई सवारी गाड़ी

- एटा-आगरा फोर्ट पैसेंजर को जयपुर तक चलाने की उठी मांग

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** जिले से चलने वाली एकमात्र पैसेंजर ट्रेन में किराया कम होने के बाद यात्रियों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। इसके कारण रेलवे का राजस्व भी बढ़ा है। इसके बाद भी जिले के लोगों के लिए कोई नई सवारी गाड़ी नहीं चलाई जा रही है, न ही आगरा एटा फोर्ट पैसेंजर ट्रेन के फेरे बढ़ाए जा रहे हैं।

होली से पहले उत्तर मध्य रेलवे की ओर से विभिन्न स्थानों के लिए होली स्पेशल सवारी गाड़ियों की शुरुआत की गई जिससे जिले के लोगों को भी उम्मीद थी कि यहां से भी जयपुर, मथुरा व दिल्ली के लिए ट्रेन का संचालन किया जाएगा। मगर ऐसा नहीं हो सका। जिले की जनता को निराशा हाथ लगी। उसे मात्र एक ही सवारी गाड़ी एटा आगरा फोर्ट पैसेंजर के सहारे ही यात्रा करनी पड़ेगी।

गुरुवार को ट्रेन से यात्रा कर मेहंदीपुर बालाजी से लौटी वेदवती ने बताया कि टिकट काफी सस्ता है। बस में लगभग 125 रुपये प्रति सवारी किराया है। वहीं, रेलवे से मात्र 25 रुपये में एक व्यक्ति आगरा पहुंच जाता है। मगर दिक्कत तब हुई जब आगरा से मेंहदीपुर जाने के लिए लगभग तीन घंटे इंतजार करना पड़ा। अगर इस ट्रेन को आगे जयपुर तक कर दिया जाए तो जनता को काफी लाभ होगा।

> जिले की जनता व जनप्रतिनिधियों की मांग के आधार पर प्रस्ताव तैयार कर बोर्ड को भेजा जाता है। उसके बाद ही गाड़ी के फेरे बढ़ाने या नई यात्री गाड़ी चलाई जाती है। मांग आने पर ही कुछ नया होने की उम्मीद है।
> –**डॉ. अमित मालवीय**, सीनियर पीआरओ उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज

### क्या कहते हैं यात्री

एटा-आगरा फोर्ट पैसेंजर से यात्रा करना सुखद अनुभव है। इसमें बस की अपेक्षा काफी कम किराया है। इस सवारी गाड़ी को जयपुर तक किया जाना चाहिए। इसमें आगरा के साथ ही मेहंदीपुर बालाजी व खाटू श्याम के दर्शन के लिए भारी संख्या में भक्त जाते हैं।

–**मनोज कुमार**, छछैना

जिस प्रकार से एटा-आगरा फोर्ट पैसेंजर चल रही है। उससे जिले की जनता को फायदा तो हो रहा है। मगर यह दिन में एक ही फेरे लगाती है, जिसकी वजह से जनता को कम लाभ मिल पा रहा है। अयोध्या व दिल्ली, कानपुर के लिए भी ट्रेन का संचालन होना चाहिए।

– **गौरव कुमार**, घंटाघर

# पूर्व बसपा विधायक समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल




पूर्व विधायक अजय यादव का स्वागत करते बीजेपी नेता। ● अमृत विचार

**एटा, अमृत विचार :** बसपा नेता एवं पूर्व विधायक, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय यादव गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। अजय के अलावा मिरहची नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी उपाध्याय और उनके पति सर्वेश उपाध्याय व निधौली कला की नगर पंचायत अध्यक्ष शिखा गुप्ता ने भी पार्टी की सदस्यता ली। उन्होंने कहा-बसपा में दम घुट रहा था सपा अवसरवादी पार्टी है।

पूर्व विधायक ने कहा कि मैं अब हमेशा भाजपा के साथ रहूंगा तथा पार्टी के लिए दिन-रात काम करूंगा। भाजपा प्रत्याशी को अच्छे वोटों से जिताएंगे। नरेंद्र सिंह, संदीप जैन जिला अध्यक्ष भाजपा एटा, पूर्व मंत्री अवधपाल सिंह यादव, एमएलसी आशीष उर्फ आसू यादव, संजीव दिवाकर विधायक जलेसर, भाजपा नेता दिनेश वशिष्ठ सहित अन्य वरिष्ठ नेतागण एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

एटा। कोतवाली नगर क्षेत्र के नगला पोता निवासी सोनू (40) पुत्र शमी ने बुधवार की रात घर पर ही फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने सोनू को फांसी के फंदे से लटकते हुए देखा। इसके बाद रोना-पीटना मच गया। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। सोनू घर पर रहकर अपना निजी काम कर परिवार चलाता था। परिजनों ने बताया कि सोनू अपने कमरे में सोने के लिए चला गया। रात करीब 10 बजे कमरे में कुछ होने की आहट हुई तो परिजनों ने झांक कर देखा तो सोनू फंदे पर लटक रहा था। परिजन आनन फानन में उतारकर उसको मेडिकल कालेज ले गए। डाक्टर ने सोनू को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि सोनू शराब पीने का आदी था। बुधवार को भी वह शराब पीकर आया था, परिजनों ने इसी बात पर विवाद हो गया। सोनू की मौत के बाद पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

### ट्रक की टक्कर से ईको सवार चार लोग घायल

एटा। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के अलीगंज रोड स्थित ग्राम पमांस के पास बुधवार की रात करीब 10 बजे तेज रफ्तार ट्रक ने ईको में टक्कर मार दी। आरोपी चालक फरार हो गया। दुर्घटना में घायल राजा का रामपुर के गांव गढ़िया जगन्नाथ निवासी अरुण राठौर (42) पुत्र सतीश सिंह, थाना व कस्बा गंजडुण्डवारा निवासी सलीम (46) पुत्र मोहम्मद शेर, जनपद कासगंज के गंजडुण्डवारा निवासी समा परवीन (40) पत्नी सलीम, अलीशा (25) पुत्री सलीम को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। डाक्टर ने प्राथमिक उपचार देने के बाद दो लोगों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### उपनिरीक्षक को रास्ते में रोककर दी धमकी

एटा। थाना निधौली कलां में तैनात उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने गांव रामनगर निवासी सुनील कुमार व उसकी पत्नी प्रीति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि इन लोगों ने रास्ते में रोककर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। लोकसभा चुनाव में पुलिस ने उसको पाबंद किया था जिससे कुपित होकर ऐसा करने का आरोप लगाया गया है। उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह के अनुसार 2 अप्रैल को वह क्षेत्र में शांति व्यवस्था, वांछित वारंटियों की तलाश और जरूरी काम से भ्रमण कर रहे थे। शाम लगभग 6 बजे बाइकल में ककराला पेट्रोल पंप से पेट्रोल डलवाकर सड़क पर पहुंचे। तभी गांव किसनपुर की ओर से मोटरसाइकिल पर सुनील कुमार निवासी रामनगर आया। सामने बाइक खड़ी कर रास्ता रोकते हुए गाली गलौज करने लगा। उसने कहा कि चुनाव में मेरा नाम 107-116 में कैसे दे दिया। अगर नाम नहीं हटाया तो जान से मार दूंगा। उसी समय पंप के पास से गुजर रहे कोबरा मोबाइल प्रथम के आरक्षी रतनेश व पीआरडी जवान लटूरी सिंह आ गए। जिसके चलते सुनील कुमार मौके से अपने घर की ओर भाग गया।


अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।


### भाई को पीटकर किया घायल

एटा। नयागांव थाना क्षेत्र के ग्राम नगला गढ़ा निवासी मकरंद पुत्र निरोत्तम सिंह और उसके छोटे भाई सूरजपाल में मामूली विवाद हो गया। इस पर सूरजपाल ने अन्य के साथ मिलकर मकरंद व उसकी पत्नी के साथ मारपीट कर दी गई। घायल को उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006


# मारपीट की घटनाओं में कई लोग घायल

**एटा, अमृत विचार :** अलग-अलग थाना क्षेत्रों के हुईं मारपीट की घटनाओं में कई लोग घायल हुए हैं। घायलों को स्वास्थ्य केन्द्रों में भर्ती कराने के पश्चात कानूनी कार्रवाई की। जसरथपुर के गांव भढापुर निवासी रामनरेश पुत्र राजपाल के साथ गांव के निवासी गोरेलाल पुत्र महेश समेत दो लोगों ने मारपीट कर धमकी दी। अलीगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव महाराजपुर निवासी अनिल की पत्नी रूबी का आरोप है कि गांव के निवासी विनय समेत चार लोगों ने उसके साथ मारपीट की गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। अलीगंज के ग्राम पहरईया निवासी पानदेवी पत्नी राजेश ने बताया कि गांव के निवासी वीरेन्द्र पुत्र रामसरन समेत दो लोगों ने उसके घर में घुसकर लाठी डंडों से मारपीट की। पीड़िता ने कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा हुई मारपीट की घटनाओं में कोतवाली नगर के न्यू रैवाडी निवासी शहनाज पुत्र जलालुद्दीन को गांव के चुन्ना समेत दो लोगों ने पीट दिया। मिरहची के गांव जयरामपुर निवासी चन्द्रवती पत्नी कैलाश को गांव अनिल ने हमलाकर घायल किया है।

# इमरजेंसी में मरीजों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

संवाददाता, एटा

- इमरजेंसी के ऑनलाइन होने से मरीजों को मिलेगा लाभ
- नए ऑक्सीजन प्लांट से मरीजों को दी जाएगी ऑक्सीजन

**अमृत विचार:** मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है। वार्ड में मॉनीटर लगाए जाएंगे। इसके अलावा ओटी (ऑपरेशन थिएटर) को दुरुस्त किया जाएगा। गुरुवार को को यहां नए स्ट्रेचर सहित व्हीलचेयर पहुंचाई गई।

मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी प्रभारी डॉ. माधवेंद्र ने बताया कि मरीजों का यहां बेहतर उपचार मिले इसके लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। इमरजेंसी को ऑनलाइन कर दिया गया है। अब मरीज का विवरण पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। यहां से मरीज रेफर होता है तो पोर्टल पर रेफर की जानकारी दी जाती है। अगर वार्ड में शिफ्ट करते हैं तो वहां की जानकारी ऑनलाइन देते हैं।

इमरजेंसी वार्ड में चार मल्टी पैरा मॉनीटर लगा दिए गए हैं। चार और लगाए जाएंगे। इनसे मरीज के ऑक्सीजन लेवल, पल्स, ब्लड प्रेशर आदि की जानकारी स्क्रीन पर नजर आती है। इसके अलावा ऑक्सीजन पाइपलाइन को बदला जाएगा। कॉलेज प्रांगण में लग रहे नए तरह के ऑक्सीजन प्लांट से मरीजों को ऑक्सीजन दी जाएगी। चिकित्सकों को भी निर्देश दिए गए हैं कि मरीज का बेहतर उपचार किया जाए।

### बनेगी आईसीयू

सीएमएस ने बताया कि इमरजेंसी में 10 बेड की आईसीयू भी बनाई जाएगी। उसकी प्रक्रिया जारी है। वार्ड बनने से गंभीर रोगियों को यहां भर्ती कर उनका उपचार किया जा सकेगा। मालूम हो कि अभी इमरजेंसी सहित मेडिकल कॉलेज में आईसीयू नहीं है।

# मास्टर ट्रेनर्स को दिया ईवीएम का प्रशिक्षण

## अफसरों को मतदान प्रक्रिया एवं पोस्टल बैलट के संबंध में दी गई जानकारी

संवाददाता, एटा



कलेक्ट्रेट सभागार में मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण देते अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु गुरूवार को कलैक्ट्रेट सभागार में मास्टर ट्रेनर्स, सामान्य मास्टर ट्रेनर्स एवं अनिवार्य सेवाओं वाले विभागीय पोस्टल बैलेट नोडल ऑफिसरों को मतदान प्रक्रिया एवं पोस्टल बैलट के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

डीएम ने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार अनिवार्य सेवाओं से जुड़े विभागों यथा पुलिस, चिकित्सा, डाक विभाग, रेलवे, विद्युत, दूरदर्शन, सूचना आदि से संबंधित मतदाताओं हेतु पोस्टल बैलेट से मतदान किए जाने की सुविधा प्रदान की गई है। इसी क्रम में आज विभागों द्वारा पोस्टल बैलेट हेतु चयनित नोडल अधिकारियों के माध्यम से मतदान कर्मियों, पत्रकारों को पोस्टल बैलेट से मतदान करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। डीएम ने ईवीएम मास्टर ट्रेनर्स एवं विभागों द्वारा पोस्टल बैलेट हेतु चयनित नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आयोजित प्रशिक्षण को गहनता से हासिल करें, यदि कोई जिज्ञासा है तो उसे प्रशिक्षण के दौरान अवश्य दूर कर लिया जाए। मतदान की सुगमता के लिए सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट्स को भी ईवीएम-वीवीपैट का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा ताकि कोई समस्या या शिकायत होने पर उसका त्वरित निस्तारण संभव हो सके।

सीडीओ डा. एके बाजपेयी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष चैधरी ने भी मास्टर ट्रेनर्स, पोस्टल बैलेट के नोडल अधिकारियों को उनके दायित्वों एवं कर्तव्यों के बारे में अवगत कराया। प्रभारी अधिकारी कार्मिक सीडीओ डा. एके बाजपेयी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष चौधरी, डीडीओ प्रवीण कुमार राय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण, पोस्टल बैलेट हेतु नामित नोडल अधिकारीगण, समस्त मास्टर ट्रेनर्स आदि उपस्थित रहे।

# रुपयों एवं दस्तावेजों से भरा बैग लेकर भागे लुटेरे

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- एक साथी दबोचा, दो भागने में हुए सफल
- बैनामा लेखक के साथ हुई घटना, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** बुधवार की शाम तहसील में तीन बदमाशों ने बैनामा लेखक का तीन लाख से भरा बैग लूट लिया और भागने लगे। तहसील में कुछ अधिवक्ताओं ने एक को तो पकड़ लिया, जबकि बैग लेकर दो साथी फरार हो गए। बैनामा लेखक की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बैनामा लेखक भारत सिंह बुधवार की शाम अपने चैंबर से बक्सा बंद कर रहे थे। पड़ोस में ही उन्होंने बैग रख लिया जिसमें तीन लाख रुपये थे। बैनामा और स्टांप वेंडर का लाइसेंस था। साथ ही और भी कई रिकॉर्ड थे। तभी तीन लोग वहां आए और बैग लेकर भागने लगे। बैनामा लेखक चिल्लाया तो आसपास के अन्य अधिवक्ताओं ने एक व्यक्ति को तो पकड़ लिया जबकि दो व्यक्ति बैग लेकर भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है और मामले में जांच शुरू कर दी है।

पकड़े गए व्यक्ति का नाम मध्यप्रदेश के राजगढ़ निवासी दीपक सिसौदिया बताया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। बैनामा लेखक ने जल्द कार्रवाई की मांग की है।

> पीड़ित की तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
> – रामवकील सिंह, इंस्पेक्टर

# चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से मतदान के लिए किया जागरूक

**एटा अमृत विचार :** उल्फत राय इंटर कॉलेज खेड़ा बसुन्धरा एटा में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के लगभग 30–40 छात्रों ने प्रतिभाग किया और बच्चों ने विभिन्न प्रकार के विषयों को अपनी चित्रकला के माध्यम से दर्शाया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजू राम रतन एवं अन्य शिक्षकों ने चित्रों का अवलोकन किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है हम सभी को अपने बहुमुल्य वोट का बहुत सोच समझ कर इस्तेमाल करना चाहिए हम जब भी वोट देने जाए तो जाति धर्म क्षेत्र मजहब आदि से ऊपर उठा कर देश की तरक्की, शिक्षा मे सुधार, गुणवत्ता परक शिक्षा, बेहतरीन स्वस्थ्य सुबिधाए, हमारे लिए रोजगार, आदि को बेहतर बनाने वाले और ईमानदार व्यक्ति को ही अपना वोट देना चाहिए। यदि हम सभी ऐसा करते हैं तो आने वाले समय में हम सभी अपने देश को विश्व में सबसे ऊचा कर सकते है। प्रत्योगीता मे अंजलि व सौरभ, अनुज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# दो गांवों में लाखों के जेवर व नगदी समेट ले गए चोर

**एटा, अमृत विचार :** जसरथपुर थाना क्षेत्र के दो गांवों में चोरों ने धावा बोल दिया। यहां से चोर लाखों रुपए की नगदी और आभूषण चोरी कर फरार हो गए। पीड़ितों ने पुलिस से शिकायत की है।

जसरथपुर थाना क्षेत्र के गांव ठटिंगरा निवासी सुनील कुमार ने बताया कि बुधवार की देर रात चोर उनके मकान के अंदर रखे लाखों रुपए और लाखों रुपए के जेवर चोरी कर चंपत हो गए। गुरूवार को सुबह घटना की जानकारी हुई तो पुलिस को अवगत कराया। वहीं गांव नगला सरदार निवासी चन्द्रपाल सिंह ने बताया कि उनके घर में बुधवार की रात सभी लोग सो रहे थे, तभी चोर घर से लाखों रुपए और लाखों के जेवर लेकर चोर फरार हो गए। पुलिस ने चोरों को पकड़ने का प्रयास तेज कर दिया है। चोरी की सूचना पर क्षेत्राधिकारी सुधांशू शेखर इंस्पेक्टर समेत उक्त गांवों में पहुंचे और जांच पड़ताल की गई।

# जिले में एंटी रैबिज वैक्सीन की किल्लत

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** गर्मी पड़ रही है। तापमान भी बढ़ रहा है। ऐसे में कुत्ते हिंसक हो रहे हैं, जो लोगों को काट रहे हैं। लोग सीएचसी पर एंटी रैबिज वैक्सीन लगवाने पहुंच रहे हैं। वैक्सीन की जिले में कमी होने पर कासगंज से एक हजार एंटी रेबिज वैक्सीन (एआरवी) मंगाई गई हैं।

सीएमओ डॉ. उमेश त्रिपाठी ने बताया कि मौसम में बदलाव होने पर कुत्तों में तनाव की स्थित पैदा हो जाती है। इससे अक्सर कुत्ते हिंसक हो जाते हैं। वहीं, समाज के लोगों के नकारात्मक व्यवहार से भी उन पर प्रभाव पड़ता है। इससे वह लोगों को काट लेते हैं। सीएचसी पर एंटी रैबिज वैक्सीन लगवाने प्रति दिन बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। वैक्सीन की वहां कमी न पड़े। इसके लिए कासगंज से एक हजार वायल मंगाई गईं हैं, यहां जो वैक्सीन थी उसे बुधवार को सभी सीएचसी पर भेज दिया गया था।

**एक माह में पहुंचे 3500 लोग:** मेडिकल कॉलेज की बात करें तो बीते एक माह में मेडिकल कॉलेज में 3500 व्यक्ति एंटी रैबिज इंजेक्शन लगवाने के लिए पहुंचे। गुरुवार को यहां 152 व्यक्ति वैक्सीन लगवाने के लिए पहुंचे। चिकित्सकों की मानें तो अगर किसी व्यक्ति को कुत्ता काट ले तो 24 घंटे के अंदर उसे इंजेक्शन जरूर लगवा लेना चाहिए। वहीं, कुत्ता काटने पर घाव को साबुन और पानी से साफ करें। घाव पर एंटीबायोटिक क्रीम लगा लें। पीड़ित को चिकित्सक के पास लेकर जाएं। एंटी रैबिज वैक्सीन जरूर लगवाएं। देशी दवाओं के चक्कर में न पड़ें।

- कासगंज से मंगाई गईं एक हजार एंटी रैबिज वैक्सीन

### तीन दिनों में छह लोगों को बंदरों ने काटा

**एटा, अमृत विचार :** क्षेत्र में इन दिनों बंदरों के उत्पात से हर कोई परेशान है। तीन दिन में छह लोगों को बंदर काट चुके हैं। वहीं, सब्जी की फसलों को बड़े पैमाने पर खराब कर रहे हैं जिससे किसान परेशान हैं। कस्बे में हालत यह है कि बच्चों ने घर की छतों पर खेलना छोड़ दिया है। महिलाएं कपड़े सुखाने के लिए छत पर नहीं जा पा रही हैं। महिलाएं व बच्चे घर से बाहर अकेले निकलने से भी डर रहे हैं। स्थानीय निवासी रामप्रताप लोधी ने बताया कि तीन दिन में बंदरों ने संजू, मिलन, लक्ष्मी, सुनीता, माया और व मिथलेश को काटकर घायल कर दिया है। संजू, सुनील, राजेंद्र सिंह, प्रमोद, सुभाष यादव, संतोष आदि का कहना है बंदर झुंड बनाकर आते हैं। घर के अंदर घुसकर खाद्य सामग्री, कपड़े व अन्य सामान उठा ले जाते हैं। महिलाओं व बच्चों पर हमला कर देते हैं। बंदरों के चलते गलियों में लोगों का निकला मुश्किल हो गया है। बंदरों के आतंक से बचने के लिए लोग हजारों रुपये खर्च करके लोहे के जाल लगवा रहे हैं। वहीं, ग्रामीण क्षेत्र में बंदर खेतों में लगी सब्जी की फसल उजाड़ रहे हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। पीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राहुल यादव ने बताया कि बंदरों का आतंक बढ़ रहा है। रोजाना चार से पांच केस बंदर से काटने के आते हैं। उन्हें एंटी रैबिज का इंजेक्शन लगाया जाता है। नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी उपाध्याय का कहना है कि जल्द ही अभियान चलाकर बंदरों को पकड़वाया जाएगा।

- सब्जियों को पहुंचा रहे नुकसान

# पुलिस और अर्द्धसैनिक बल ने निकाला फ्लैग मार्च

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनावों को देखते हुए पुलिस ने तैयारियां तेज कर दीं हैं। अलीगंज और अवागढ़ कोतवाली क्षेत्र में पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स ने मिलकर फ्लैग मार्च निकाला।

संयुक्त बल ने घनी आबादी और संवेदनशील इलाकों से गुजरते हुए असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया कि चुनाव प्रभावित करने का प्रयास किया तो खैर नहीं। साथ ही आमजन को यह विश्वास दिलाया कि निडर होकर मतदान करें। जनपदीय पुलिस द्वारा अर्द्धसैनिक बल के साथ थाना अवागढ के ग्राम जिनावाली, नयाबांस, टिकासर, बहोरनपुर, नगला रामजीत, औनेरा, वीरनगर, नगला सीर, कस्बा अवागढ़ तथा थाना अलीगंज के ग्राम मोहम्मद नगर बझेरा, ढ़िबया, कंचनपुर अशेनव, टपुआ, कीनोड़ी खैराबाद, पुरहर, मितौलिया, नथुआपुर, विजेदेपुर व कस्बा अलीगंज में फ्लैग मार्च एरिया डोमिनेशन आमजन को निष्पक्ष एवं भय मुक्त मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।


कोतवाली क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकालती पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### एक वर्ष बाद भी तैयार नहीं हुए 104 विद्यालयों के भवन

**एटा, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग के 104 विद्यालयों में बीते एक वर्ष से अधिक समय से भवनों का निर्माण हो रहा है, लेकिन अब तक यह कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। इनमें से 89 विद्यालय ऐसे हैं जो लोकसभा चुनाव में मतदान केंद्र बनाए गए हैं। वर्ष 2022 में बेसिक शिक्षा के 104 विद्यालयों को जर्जर घोषित किया गया था। भवन टूटने के बाद वहां निर्माण शुरू हुआ था। 31 मार्च 2023 तक भवनों का निर्माण कराकर विभाग को सौंपने की बात कही गई। बाद में निर्माण का समय बढ़ा दिया गया और जून तक विभाग को भवन देने को कहा, लेकिन निर्माण की प्रक्रिया धीमी गति से चलती रही। बताया गया कि नए शैक्षिक सत्र में भवन विभाग को मिल जाएंगे, लेकिन यह नहीं मिल पाए। लोकसभा चुनाव को लेकर 104 विद्यालयों में से 89 विद्यालयों में पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। इसी को लेकर बीते दिनों सीडीओ की अध्यक्षता में विकास भवन में बैठक हुई। इसमें 89 विद्यालयों को 20 अप्रैल तक विभाग को देने के निर्देश दिए गए। बीएसए दिनेश कुमार ने बताया कि 104 विद्यालयों में से 89 में कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। रंगाई–पुताई का कार्य जारी है। सीडीओ की अध्यक्षता में बैठक हुई थी। उसमें 20 तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश कार्यदायी संस्था को दिए गए हैं।

### गांव व खेतों तक जाने को नहीं करनी होगी लंबी दूरी तय

**एटा, अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 34 के अधिक ऊंचाई होने की वजह से कई गांवों के लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। उनको काफी दूरी तय करने के बाद गांवों तक पहुंचना होता था। इसको लेकर लंबे समय से सर्विस रोड की मांग की जा रही थी। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने मांग को मंजूर कर लिया और अब कार्य कराना शुरू करा दिया है। नेशनल हाईवे स्थित चौथा मील फ्लाईओवर के पास छितौनी गांव से लेकर गांव ककैरा तक एनएचएआई सर्विस रोड तैयार करा रही है। इसका निर्माण कार्यदायी संस्था पीएनसी की ओर से शुरू करा दिया गया है। इस सर्विस रोड बनने से गांव छितौनी, सिराव, दूल्हापुर, रारपट्टी, नगला मदिया और ककैरा, लालगढ़ी आदि की जनता को लाभ मिलेगा। अब तक इन गांवों के लोगों को लंबी दूरी तय करने के बाद अपने गांव अथवा खेतों तक पहुंचना होता था। हाईवे का निर्माण होने के दौरान ही ग्रामीणों ने आवाज उठाई थी, लेकिन उस समय अनसुना कर दिया गया। बाद में ग्रामीणों की परेशानी को देखकर सर्विस रोड बनाने का निर्णय लिया गया है। एनएचएआई तकनीकी प्रबंधक ओमेंद्र कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की ओर से वर्ष 2020–21 में ही मांग की गई थी। इसके आधार पर 12 किमी. की दोनों ओर सर्विस रोड बनाई जा रही है। इससे ग्रामीणों को सुविधा हो जाएगी।

### पहले वोट दो, सारे काम छोड़ दो

**अवागढ़ अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा जनपद में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जलेसर रोड स्थित जनता इंटर कालेज में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे जनता इंटर कालेज से 20 छात्र छात्राएं, चेतराम सिंह इंटर कालेज नरौरा के 4 छात्र छात्राएं, जनकल्याण इंटर कालेज सिकरारी के 5 छात्र छात्राएं, सीएसएसडी जैन विद्यालय से 10 छात्र छात्राएं, गोपालजी महाराज बालिका इंटर कालेज से 5 छात्र छात्राएं, बलवंत सिंह इंटर कालेज से 5, मल्लिका अर्जुन इंटर कालेज नया बांस से 6 छात्र छात्राओं, प्रेमा देवी इंटर कालेज 5, महेश चंद्र लौंग श्री देवी औनेरा से 5 ने भाग लिया। मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता के परिणाम में प्रथम पुरस्कार कु.अनामिका चेतराम सिंह इंटर कालेज नरौरा, द्वितीय पुरस्कार कु. अकांक्षा शर्मा जनता इंटर कालेज, तृतीय पुरस्कार कु. ज्योति जन कल्याण इंटर कालेज सिकरारी ने हासिल किया। नोडल विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश बाबू यादव ने विजेता छात्र छात्राओं का आभार प्रकट कर पुरस्कृत किया। रणवीर सिंह परमार, एसएन यादव, मेहरबान सिंह, रामप्रकाश आर्य, अनिल कुमार, अरविंद कुमार, अमर सिंह, लोकेंद्र कुमार, फतेह सिंह, धर्मेंद्र कुमार, अंकुर बौद्ध आदि थे।

### पीड़ित की नहीं लिखी रिपोर्ट, धरने पर बैठने की चेतावनी

**एटा, अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र में कचहरी पर तारीख करने आए नाजिरपुर निवासी वीरेश कुमार ने थाना कोतवाली नगर में तहरीर देते हुए बताया कि 2 अप्रैल 2024 को अपने केस की तारीख करने कचहरी आया था, । तारीख करके कचहरी से बाहर निकला, तो जेल चैराहे पर गांव के दया कुमार ने आठ अन्य लोगों के साथ उसकी मारपीट की। वीरेश कुमार ने कोतवाली नगर में तहरीर दी, लेकिन रिपोर्ट तक दर्ज नहीं की है। पीड़ित का कहना है कि अगर वह मुझे मार ही डालते तब पुलिस सुनती यह बहुत दुखद है। पीड़ित का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज नहीं होती है तो वह धरने पर बैठने के लिए मजबूर हो जाएगा।

फ्री डेन्टल इलाज
INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES BAREILLY
Excellence towards profession
स्थान:- डेन्टल कॉलेज
पीलीभीत बाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर चौराहे के पास बिचपुरी मोड
(रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज कैम्पस)
प्रस्तुत करता है
स्वच्छ दंत अभियान
एक और कदम स्वच्छता की ओर
दिनांक :- 02 अप्रैल 2024 से प्रारम्भ
06 अप्रैल 2024 को समापन
सुविधाऐं
★ मुफ्त परामर्श, ★ मुफ्त रजिस्ट्रेशन
★ मुफ्त दांतों की सफाई
★ मुफ्त दांतों का निकालना
अन्य इलाज सस्ते दरों पर
नोट - बच्चों के दाँतों के इलाज की सभी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध है।

# मौसम में बदलाव से अस्पतालों में बढ़े मरीज

संवाददाता, एटा

- डेंगू की जांच निगेटिव, प्लेटलेट्स आ रहे कम, चिकित्सक सावधानी बरतने को दे रहे सलाह

**अमृत विचार:** मौसम में बदलाव से इन दिनों बुखार का प्रकोप फैलने लगा है। लोगों को तेज बुखार आ रहा है। इसमें लोगों के प्लेटलेट्स गिर रहे हैं, लेकिन जांच में किसी को मलेरिया व डेंगू नहीं निकल रहा है। चिकित्सक डेंगू को संदिग्ध मान उपचार कर रहे हैं। इस वर्ष अभी तक डेंगू व मलेरिया का कोई केस नहीं आया है। हालांकि चिकित्सक सावधानी बरतने को सलाह दे रहे हैं।

मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को इमरजेंसी में दो बुखार के पीड़ित भर्ती किए गए। जबकि बच्चा वार्ड में पांच व डेंगू वार्ड में तीन मरीज भर्ती थे। मेडिसन वार्ड में मरीजों का उपचार कर रहे डॉ. अंशुल यादव ने बताया कि वायरल बुखार से लोग पीड़ित हो रहे हैं। कोई सर्दी लगकर भी बुखार आना बता रहा है।

ऐसे मरीजों की डेंगू व मलेरिया की जांच करा रहे हैं। रिपोर्ट में डेंगू व मलेरिया पॉजिटिव नहीं आ रहा है, लेकिन प्लेटलेट्स 70 से 80 हजार तक आते हैं। ऐसे में उन्हें डेंगू का संभावित मरीज मानकर उपचार कर रहे हैं। डेंगू वार्ड में भर्ती गांधी मार्केट निवासी अल्तमश ने बताया तीन दिन से वह वार्ड में भर्ती है। बुखार की समस्या है। बताया कि ओपीडी में प्रतिदिन 100 से 120 मरीज तक वायरल बुखार के पहुंच रहे हैं।

### 200 व्यक्तियों की सीबीसी जांच, 30 के प्लेटलेट्स कम

पैथोलॉजी कक्ष में प्रतिदिन 200 मरीजों की सीबीसी जांच हो रही है। इसमें से 30 मरीजों के प्लेटलेट्स कम आ रहे हैं। जबकि प्रतिदिन डेंगू की 15 से 20 जांच हो रहीं है लेकिन रिपोर्ट सभी की निगेटिव आ रही है।

# प्रशिक्षण स्थल का प्रभारी अधिकारी और सीडीओ ने लिया जायजा

**एटा, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में प्रभारी अधिकारी कार्मिक सीडीओ डा. एके बाजपेयी ने अधिकारियों के साथ प्रशिक्षण स्थल निधौली रोड स्थित सेण्ट पॉल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल पहुंचकर जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान विभिन्न कक्षों में जाकर निरीक्षण करते हुए मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि 08 अप्रैल से शुरू हो रहे प्रशिक्षण में मतदान अधिकारी प्रथम, पीठासीन अधिकारी प्रतिभाग करेंगे, जिसकी अधिकतम संख्या 3805 हैं, को प्रशिक्षण प्रदान किए जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी प्रशिक्षार्थियों को गहनता से प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ-साथ निर्वाचन के दायित्वों को भली प्रकार से अवगत करा दिया जाए जिससे कि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि मतदान कार्मिकों को निधौलीरोड स्थित सेण्ट पॉल्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में दो पालियों में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक, अपरान्ह 2 बजे से सांय 5 बजे तक दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतदान कार्मिक अपने आवंटित समय के अनुरूप प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे। मा0 आयोग के निर्देशानुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी। डीडीओ प्रवीण कुमार राय, पीडी सुरेन्द्र कुमार गुप्त, बीएसए दिनेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण, कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

FUTURE
GROUP OF INSTITUTIONS
Learn · Assimilate · Transcend
• Tele Callers (F)
• Business Executives(M)
• Social Media Exe.(F)
For Bareilly, Budaun, Pilibhit, Shahjahanpur, Lakhimpur
MBA, Fluent in English (Exp. in Academic)
Salary Negotiable
WALK IN INTERVIEW
07 April, 2024
11:00am to 2:00pm
City Office: D-46, IInd Floor, Butlar Plaza, Bareilly
Ph.:9917480040

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
आवश्यकता है
अति शीघ्र आवश्यकता है, फुल स्टाफ की।
विश्वास डायग्नोस्टिक सेंटर
पता- ITBP बुखारा मोड़, बरेली
मो. 7037760814, 9695554511
निम्नलिखित पदों में योग्य स्टाफ की आवश्यकता है।
1. नर्सिंग स्टाफ
2. रिसेप्शनिस्ट
3. कंप्यूटर ऑपरेटर
4. एक्स-रे टेक्नीशियन
5. लैब टेक्नीशियन
6. सफाई कर्मचारी
7. PRO
8. Blood Collection Team
इच्छुक व्यक्ति ऊपर दिए गए पते पर संपर्क करें।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।



महाभारत काल और जंगे आजादी का इतिहास समेटे कैराना की कहानी में नफरत, पलायन, असुरक्षा और अराजकता का गुनहगार विलेन है, तो मोहब्बत और इंसानियत के जीतने की इबारत लिखने वाला लोगों के दिलों में धड़कता हीरो है। चुनावों में बाजी मारने वाला एक अनूठा राजनीतिक घराना है, तो ध्रुवीकरण और जातीय समीकरण के दृश्यों के साथ 'जिन्ना और गन्ना' जैसे सवालों के बीच कानों में शहद घोलने वाला किराना घराना का संगीत है, 'जो मिले सुर मेरा तुम्हारा तो बने सुर हमारा' का अमिट संदेश सुनाता है। इन सबके बीच दर्शक के रूप में खड़ा वह मतदाता है, जो देश की संसद में अपना प्रतिनिधि भेजते समय डॉ. लोहिया की उस बात से इत्तफाक रखता है, कि रोटी को जलने से बचाने के लिए जिस तरह उलटना-पलटना जरूरी है, वैसे ही लोकतंत्र की मजबूती के लिए सरकार या प्रतिनिधि को भी बदलते रहना चाहिए।

# कैराना का किससे याराना
# किसे मिलेगा ठिकाना


मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार:** कभी हिंदुओं के पलायन की वजह से सुर्खियां बटोरने वाले कैराना के चुनावी माहौल को पिछले हफ्ते शामली की जनसभा में मुख्यमंत्री योगी की इस बात से समझा जा सकता है कि 'वोट में बहुत ताकत होती है। जब वोट गलत हाथ में जाता है तो कैराना में पलायन होता और कर्फ्यू लगता है। जब वोट सही हाथ में जाता है तो अपराधी पलायन करता है। कांवड़ यात्रा निकलती है और धूम-धड़ाके के साथ विकास होता है।' कैराना का सच भी यही है, असुरक्षा के कारण पलायन के बदनुमा दाग से बाहर निकल कर अब यह कस्बा विकास के पथ पर अग्रसर है।

कैराना का अपना पौराणिक और ऐतिहासिक इतिहास है। मान्यता है कि महाभारत काल में कर्ण ने इसे बसाया था। आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के खिलाफ मराठों को छिपने की जमीन यहीं मिली थी। लेकिन शास्त्रीय संगीत की किराना घराना परंपरा को जन्म देने वाले कैराना की राजनीतिक पहचान किसी एक नेता के साथ सुर-ताल मिलाने की नहीं है। यहां मतदाता बीते तीन चुनावों से अलग उम्मीदवार चुन रहे हैं। इस बार भाजपा ने अपने सांसद प्रदीप चौधरी को फिर से मैदान में उतारा है। वह गुर्जर मतों के अलावा हिंदू और भाजपा के परंपरागत वोट बैंक को जोड़ने में जुटे हैं।

## अनूठा घराना हसन परिवार, तीन सदस्य सांसद, एक रहा विधायक

- कैराना का अनूठा राजनीतिक घराना है, हसन परिवार। इसके चार में तीन सदस्य सांसद रहे और एक सदस्य कई बार विधायक चुना गया।
- सपा प्रत्याशी इकरा हसन के पिता मुनव्वर हसन तो विधायक, एमएलसी के अलावा लोकसभा व राज्यसभा दोनों सदनों के सांसद रहे।




- भाजपा ने दोबारा गुर्जर कार्ड खेलकर सांसद प्रदीप चौधरी पर जताया है भरोसा, हिंदू-मुस्लिम गुर्जर होंगे आमने-सामने
- सपा ने इकरा हसन पर लगाया दांव, उनकी मां तब्बसुम 2014 व 19 में हारीं, 2018 में जीतीं थीं उपचुनाव

## ... यहां समीकरण और गुणा-भाग नेता नहीं जनता तय करती

पश्चिमी यूपी के शामली जिले का प्रतिनिधित्व कैराना लोकसभा सीट करती है। मुजफ्फरनगर से अलग होकर वर्ष 2011 में शामली जिला अस्तित्व में आया था। मुस्लिम और जाट बाहुल्य कैराना लोकसभा सीट पर ध्रुवीकरण और जातीय खेमेबंदी का बोलबाला रहता है। लेकिन राजनीतिक दलों और नेताओं का सारा गुणा-भाग यहां की जनता हर बार गलत साबित कर देती है। यह सिलसिला 1962 से चला आ रहा है। कोई दल लगातार दो चुनाव नहीं जीत पाया है। 1989 और 1991 में जनता दल के प्रत्याशी ने दो लगातार चुनाव जीते, लेकिन तीसरी बार हार गए। ऐसे में कोई दल दावा नहीं कर सकता कि यह उसका गढ़ है। कांग्रेस को इस सीट पर जीत का 40 सालों से इंतजार है। 2014 व 2019 में भाजपा जीती लेकिन 2018 का उपचुनाव हार गई थी।

### लोकसभा चुनाव 2019 का परिणाम


| दल | प्रत्याशी | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | प्रदीप चौधरी | 5,66,961 |
| सपा | तबस्सुम बेगम | 4,74,801 |
| कांग्रेस | हरेंद्र मलिक | 69,355 |


### 2018 लोकसभा उपचुनाव परिणाम

| दल | प्रत्याशी | वोट |
|---|---|---|
| रालोद | तबस्सुम हसन | 4, 81,181 |
| भाजपा | मृगांका सिंह | 4, 36, 564 मत |

### लोकसभा चुनाव 2014 के नतीजे

| दल | प्रत्याशी | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | हुकुम सिंह | 5,65,909 |
| सपा | नाहिद हसन | 3, 29, 081 |
| बसपा | कंवर हसन | 1, 60, 414 |
| रालोद | करतार भड़ाना | 42,706 |




लोकसभा चुनाव-2019 में राजनीतिक दलों का वोट शेयर



### रालोद अध्यक्ष की दादी सांसद रहीं, मायावती हारीं थीं पहला चुनाव

कैराना सीट से 1980 में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पत्नी एवं रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी की दादी गायत्री चौधरी सांसद रह चुकी हैं। मायावती ने अपना पहला चुनाव यहीं से लड़ा था। कांसीराम ने बहुजन समाज पार्टी बनाई और मायावती को 1984 में इस सीट से खड़ा किया। लेकिन सपा की मौजूदा प्रत्याशी इकरा हसन के बाबा अख्तर हसन ने उन्हें हरा दिया था, मायावती तीसरे स्थान पर रही थीं।

### ढाई लाख बुजुर्ग तय कर सकते हवा का रुख

- कैराना लोकसभा सीट पर 60 से 100 वर्ष आयु के दो लाख 57 हजार से अधिक मतदाता हैं। ये बुजुर्ग मतदाता किसी भी दल और प्रत्याशी के पक्ष में हवा का रुख तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

### 35% से ज्यादा मुस्लिम करीब 20% गुर्जर मतदाता भाग्य विधाता

- कैराना लोकसभा सीट पर 17,22,432 मतदाताओं में पुरुष 9,21,820, महिला मतदाता 8,00,518 तथा 871 थर्ड जेंडर मतदाता है। एक अनुमान के मुताबिक इनमें सर्वाधिक छह लाख मुस्लिम मतदाता हैं। दलित वर्ग के दो लाख वोटर और तकरीबन इतने ही जाट मतदाता हैं। इसके बाद सवा लाख से ऊपर कश्यप मतदाता बताए जाते हैं। हिंदू और मुस्लिम गुर्जर मिलाकर तीन लाख से अधिक हैं।



भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी

### विधानसभा में भाजपा व रालोद ने दो-दो, सपा ने जीती एक सीट

- कैराना लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें दो सीटें सहारनपुर और तीन सीटें शामली जिले में आती हैं।
- 2022 के विधानसभा चुनाव में नकुर और गंगोह सीट पर भाजपा जीती थी तो कैराना विधानसभा सीट सपा के हिस्से में गई थी। थाना भवन और शामली सीट पर राष्ट्रीय लोकदल का कब्जा है।



### सपा ने प्रत्याशी बदल इकरा पर लगाया दांव

- सपा ने प्रत्याशी बदलकर अपने विधायक नाहिद हसन की छोटी बहन इकरा हसन को टिकट दिया है। इकरा की मां तब्बसुम बेगम ने 2018 के उपचुनाव में रालोद के टिकट पर सपा के समर्थन से भाजपा प्रत्याशी हुकुम सिंह की बेटी मृगांका सिंह को पराजित किया था। लेकिन 2019 में चुनाव हार गई थीं। इन दोनों के मुकाबले बसपा ने सहारनपुर निवासी श्रीपाल राणा पर दांव खेला है। वह राजपूत वोटों के साथ दलित वोटों पर फोकस कर रहे हैं। इस सीट पर 14 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनकी किस्मत का फैसला पहले चरण के मतदान में 19 अप्रैल को होगा।

### स्थानीय मुद्दे

- छुट्टा पशु
- बकाया गन्ना भुगतान
- फैक्ट्रियों का प्रदूषित पानी
- नाले की समस्या।



वोट जरूर डालें

कर्नाटक के हुबली में लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर मतदाता जागरूकता अभियान के लिए कुछ इस अंदाज में वाहन पर निकाली गई रैली।

## बैलेट से चुनाव की मंशा रह गई अधूरी

**अमृत विचार:** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में गुरुवार को प्रत्याशियों के नामांकन के अंतिम दिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का 384 प्रत्याशियों वाला फार्मूला फेल हो गया। यहां नामांकन पत्र खरीदने के अंतिम दिन 241 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे थे। लेकिन नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन 23 उम्मीदवारों ने 32 नामांकन पत्र जमा किए। कल नामांकन की जांच की जाएगी। यहां चुनावी सभा में पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा था कि 384 नामांकन फार्म जमा करें, ताकि बैलेट पेपर से मतदान हो सके।


# मेनका-वरुण के बिना बदले समीकरण


वैभव शुक्ला, पीलीभीत

**अमृत विचार:** पीलीभीत में इस बार का लोकसभा चुनाव राजनीतिक दलों की प्रतिष्ठा से जुड़ चुका है। भाजपा चार लाख से अधिक वोट से जीत दर्ज करने का लक्ष्य तय करके नए चेहरे के साथ मैदान में है, तो समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के लिए तराई क्षेत्र में अपनी सियासी जमीन पाने का मौका है। साढ़े तीन दशक में यह पहला चुनाव है जब मेनका गांधी या वरुण गांधी मैदान में नहीं हैं। हालांकि भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद का पीलीभीत से जुड़ाव रहा है, लेकिन इस सीट पर वह चुनाव पहली बार लड़ रहे हैं। ऐसे में भी सपा की साइकिल ने रफ्तार नहीं पकड़ी और बसपा के हाथी की चाल सुस्त रही तो दोनों दलों के लिए

पीलीभीत लोकसभा सीट मेनका गांधी और वरुण गांधी के चलते हाई प्रोफाइल बनी रही है। सूबे की सत्ता से दूर रहते हुए भी भाजपा लोकसभा चुनाव में मेनका गांधी या वरुण गांधी को प्रत्याशी बनाकर जीत दर्ज करती रही। दो बार चुनाव में भाजपा ने निर्दलीय उम्मीदवार मेनका गांधी को समर्थन किया था। इसके उलट समाजवादी पार्टी और बसपा पीलीभीत में कभी जीत दर्ज नहीं कर सकी हैं। प्रदेश में सरकार होने और जिले की अधिकांश विधानसभा सीटों पर विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष समेत कई जनप्रतिनिधि होने के बाद भी बसपा या सपा यहां कभी अपना सांसद नहीं बना पाए। 2007 में प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनी थी। जिले की दो विधानसभा सीटों पर बसपा के विधायक चुने गए। जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर भी बसपा काबिज रही, लेकिन 2009 के लोकसभा चुनाव में बसपा महज 13.44 प्रतिशत वोट ही हासिल कर सकी थी। इस चुनाव में वरुण गांधी ने 4,19,539 वोट पाकर जीत दर्ज की थी। बसपा के प्रत्याशी गंगाचरन राजपूत को 1,12,576 वोट ही मिल सके थे। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हाजी रियाज अहमद ने 1,17,903 (14.08) प्रतिशत वोट पाए थे। समाजवादी पार्टी की 2012 में सूबे में सरकार आई। जिले की चार में से तीन सीटों पर समाजवादी पार्टी के विधायक चुने गए। लेकिन 2014 के लोकसभा चुनाव में साइकिल रफ्तार नहीं पकड़ सकी। भाजपा की मेनका गांधी ने 5,46,934 वोट पाकर जीत दर्ज की। इस चुनाव में सपा के बुद्धसेन वर्मा को 2,39,882 वोट मिले थे। बहुजन समाज पार्टी के अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू ने 1,96,294 वोट पाए थे। 1999 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मेनका गांधी ने 4,33,421 वोट पाकर जीत दर्ज की। बसपा के अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू दूसरे नंबर पर रहे थे। समाजवादी पार्टी के रामसरन को महज 58792 वोट मिले थे।

2004 में भाजपा के सिंबल पर मेनका गांधी ने 2,55,615 वोट पाकर जीत दर्ज की थी। सपा के सत्यपाल गंगवार 1,52,895 वोट पाकर दूसरे जबकि बसपा के अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू 1,21,269 वोट तीसरे नंबर पर रहे थे। लेकिन इस बार तस्वीर कुछ बदली हुई है। 35 साल बाद पीलीभीत के सियासी परिदृश्य से मेनका और वरुण गायब हैं। भाजपा प्रत्याशी की ही तरह सपा प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार पहली बार पीलीभीत से चुनाव मैदान में हैं।





### इस बार चुनाव में प्रत्याशी

- जितिन प्रसाद : भारतीय जनता पार्टी
- भगवत सरन गंगवार : सपा (गठबंधन)
- अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू : बसपा

### पीलीभीत में सपा-बसपा 2019 में साथ लड़कर भी ढाई लाख वोटों से पिछड़े

- पीलीभीत सीट पर सपा-बसपा कभी जीत दर्ज नहीं करा सकी है। इस सीट पर भाजपा का विजय रथ रोकने में दोनों दल तब भी सफल नहीं हो पाए थे जब 2019 में साथ मिलकर गठबंधन में चुनाव लड़ा था। सपा ने इस चुनाव में पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा को प्रत्याशी बनाया था। गठबंधन प्रत्याशी के रूप में उन्हें 4,48,922 वोट मिले, जबकि उनके मुकाबले भाजपा प्रत्याशी वरुण गांधी ने 7,04,549 वोट पाकर 2,55,627 मतों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी। इस बार चुनाव में दोनों दल अलग-अलग हैं। हालांकि समाजवादी पार्टी का कांग्रेस के साथ गठबंधन है।

# हेमा मालिनी पर टिप्पणी में सुरजेवाला की शिकायत

**दिल्ली।** कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला के विरुद्ध राष्ट्रीय महिला आयोग ने निर्वाचन आयोग से शिकायत की है। सुरजेवाला पर मथुरा से भाजपा की उम्मीदवार फिल्म अभिनेत्री एवं सांसद हेमा मालिनी के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है।

राष्ट्रीय महिला आयोग हेमा मालिनी के खिलाफ कथित तौर पर अशोभनीय टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला के खिलाफ कार्रवाई के लिए निर्वाचन आयोग का रुख किया। भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने 'एक्स' पर वीडियो साझा किया था। इसमें कांग्रेस सांसद सुरजेवाला कथित तौर पर सत्तारूढ़ दल पर हमला करते हुए हेमा मालिनी के बारे में कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे हैं। आयोग ने कहा कि वह सुरजेवाला की बेहद आपत्तिजनक टिप्पणियों की कड़ी निंदा करता है। आयोग ने एक ट्वीट में कहा कि ये महिला विरोधी टिप्पणियां हैं और किसी महिला की गरिमा के लिए अपमानजनक हैं। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने औपचारिक रूप से मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखकर सुरजेवाला के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने और तीन दिन के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट देने का अनुरोध किया है। भाजपा ने बुधवार को सुरजेवाला पर हेमा मालिनी के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि इस टिप्पणी से पता चलता है कि कांग्रेस महिला विरोधी है। सुरजेवाला ने 31 मार्च को कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के फरल गांव में 'इंडिया' गठबंधन के समर्थन में एक चुनावी रैली के दौरान कथित टिप्पणी की थी।

बसपा की तैयारी — पिछली बार की 10 सीटें और घटता जनाधार बचाने की चुनौती, भीम आर्मी चीफ की पार्टी से युवाओं को अपनी तरफ खींचने की कवायद

# ... और नगीना लोकसभा क्षेत्र बना आकाश आनंद का लांचिंग पैड

महेश शर्मा, कानपुर

**अमृत विचार:** दलित, मुस्लिम और ओबीसी के दिग्गज नेताओं के बसपा छोड़ जाने के बाद पार्टी सुप्रीमो मायावती ने स्टार प्रचारक के रूप में अपने भतीजे आकाश आनंद पर भरोसा जताया है। यूपी का नगीना लोकसभा क्षेत्र आकाश का लांचिंग पैड होगा। यहां वह छह अप्रैल को जनसभा करेंगे, जबकि मायावती 13 अप्रैल को उत्तराखंड के हरिद्वार से लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगी। बिट्रेन से एमबीए की पढ़ाई करके आए आकाश मायावती के छोटे भाई आनंदकुमार के बेटे हैं।



मायावती भतीजे आकाश के साथ।

नगीना लोकसभा सीट को बसपा ने अपनी जिताऊ सीट में रखा है। यहां कुल मतदाताओं में 20 फीसदी दलित और 40 फीसदी मुस्लिम हैं। बसपा का पश्चिमी उत्तर प्रदेश में यही आधार वोट रहा है। नगीना सीट पर 2019 में बसपा प्रत्याशी गिरीशचंद्र ने सपा के समर्थन से भाजपा को 1.66 लाख वोटों से हराया था। इस बार बसपा ने गिरीश का टिकट काटकर सुरेंद्रपाल सिंह को प्रत्याशी बनाया है। यहां भीम आर्मी चीफ आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के नेता चंद्रशेखर आजाद भी प्रत्याशी हैं। नगीना बसपा के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद की चुनावी राजनीति में एंट्री प्वाइंट माना जा रहा है। यहां का युवा दलित चंद्रशेखर आजाद से प्रभावित है। आकाश आनंद की कोशिश युवा वर्ग को बसपा से जोड़ने की है। बसपा ने आकाश आनंद की 25 रैलियां कराने की योजना बनाई है। इनमें से अधिकतर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में होंगी। आकाश आनंद मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ में भी चुनाव संभाल रहे हैं।

### विधान सभा चुनावों में 30.43 से घटकर 12.88 पहुंचा मत प्रतिशत

- 2007 में 206 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत से यूपी में सरकार बनाने वाली बसपा को तब 30 .43 प्रतिशत वोट मिला था जो लगातार घट रहा है। 2022 के विधान सभा चुनाव में यह सिर्फ 12 .88 फीसदी ही रह गया। पार्टी का सिर्फ एक विधायक है। लोकसभा चुनाव 2019 में सपा के साथ मिलकर लड़ने पर बसपा को दस सीटें हासिल हुई थीं। अब इन्हें बचाकर रखना और पार्टी का ग्राफ बढ़ाना मायावती और आकाश आनंद दोनों के सामने बड़ी चुनौती है।
- लोकसभा चुनाव को आनंद के राजनीतिक चातुर्य की कड़ी परीक्षा माना जा रहा है। वह 2019 में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक बनाए गए थे। उन्हें मायावती के उत्तराधिकारी के रूप में तैयार किया जा रहा है। हालांकि एंट्री उस वक्त पर हुई है जब बसपा का जातीय गणित गड़बड़ा चुका है। यूपी में भीम आर्मी के चंद्रशेखर आजाद लोकप्रियता में अपना मुकाम बना चुके हैं।

### राजस्थान विस चुनाव में मेहनत नहीं लाई थी रंग

आकाश ने राजस्थान में हुए विधानसभा चुनाव में काफी मेहनत की थी। पार्टी 184 सीटों पर लड़ी थी और 1.82 फीसदी वोटों के साथ दो सीटों पर जीती थी, जबकि 2018 में वहां 4 .03 फीसदी वोट हासिल करके छह सीटों पर विजय हासिल की थी। अन्य राज्यों में बसपा को मुंह की खानी पड़ी थी। ऐसे में आकाश आनंद के सामने छिटकते दलित वोटों को जोड़ना और उसके साथ ही मुस्लिम और ब्राह्मणों में सामंजस्य बैठाना चुनौती है। यही समीकरण 2007 में बसपा को यूपी की सत्ता में लाया था

दीवानगी



बेंगलुरु दक्षिण भाजपा उम्मीदवार तेजस्वी सूर्या के समर्थन में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह दिखा। पार्टी की महिला कार्यकर्ता मोदी की गारंटी से लोगों को लुभाते नजर आए।


# रिकार्ड मतों से जीते नानाजी देशमुख , सबसे कम मतों से हारे अटल

## कांग्रेस की सुभद्रा जोशी ने जनसंघ के अटल बिहारी को था हराया

## भाजपा के सत्यदेव सिंह को रिजवान जहीर तथा सपा के रिजवान जहीर को बृजभूषण ने हैट्रिक बनाने से था रोका

लालजी सिंह, बलरामपुर

**अमृत विचारः** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई तथा राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख के नाम बलरामपुर लोकसभा चुनाव क्षेत्र से सबसे कम तथा सबसे अधिक मतों से हारने जीतने का रिकॉर्ड आज भी कायम है । जनसंघ के अटल जी को कांग्रेस की सुभद्रा जोशी ने 1962 में सबसे कम मतों से हराया था। जनसंघ के नानाजी देशमुख ने बलरामपुर राज परिवार की कांग्रेस उम्मीदवार महारानी राजलक्ष्मी को सबसे अधिक मतों से चुनाव हराया था ।



बात करते है 1957 के लोकसभा चुनाव से। इस चुनाव में जनसंघ उम्मीदवार अटल बिहारी वाजपेई बलरामपुर के साथ-साथ लखनऊ और मथुरा से भी लोकसभा का चुनाव लड़ रहे थे । बलरामपुर से उनको जीत मिली जबकि लखनऊ और मथुरा में वह चुनाव हार गए । उन्हें भारतीय संसद में पहली बार पहुंचने का मौका बलरामपुर संसदीय क्षेत्र से ही मिला । वर्ष 1962 में जनसंघ के अटल बिहारी वाजपेई को कांग्रेस उम्मीदवार सुभद्रा जोशी ने चुनौती दी। इस चुनाव में सुभद्रा जोशी को 1,02,260 मत मिले । जबकि अटल बिहारी वाजपेई को 100208 मतों पर संतोष करना पड़ा । अटल बिहारी वाजपेई को इस चुनाव में मात्र 2052 मतों से हार का मुंह देखना पड़ा । हालांकि इसका बदला अटल बिहारी वाजपेई ने 1967 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सुभद्रा जोशी को 32,000 मतों से पराजित कर ले लिया। 1971 में इस सीट पर कांग्रेस के चंद्रभाल मणि तिवारी ने जनसंघ के प्रताप नारायण मिश्र को करीब 5000 मतों से हरा दिया था ।1977 का लोकसभा चुनाव काफी रोचक रहा। इंदिरा गांधी की इमरजेंसी के बाद हुए चुनाव में जनसंघ ने बलरामपुर लोकसभा सीट पर नानाजी देशमुख को अपना उम्मीदवार बनाया। कांग्रेस ने उनके सामने बलरामपुर राज परिवार की महारानी राज लक्ष्मी को उतारा। पूरे देश में कांग्रेस के खिलाफ उठी लहर को महारानी भी अपने पक्ष में नहीं कर पाईं। नाना जी देशमुख को इस चुनाव में 2,17,254 मत मिले जबकि महारानी राज लक्ष्मी को 1,03,248 मतों से ही संतोष करना पड़ा। नाना जी को सर्वाधिक 1,14,006 मतों से जीत मिली। 1980 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर कांग्रेस प्रत्याशी चंद्रभाल मणि तिवारी ने जनता पार्टी के शारदा प्रसाद द्विवेदी को करीब 21000 मतों से पराजित कर दिया ।1984 में कांग्रेस के प्रत्याशी दीपनरायन वन ने निर्दलीय उम्मीदवार फलजुल बारी को लगभग 9000 मतों से चुनाव हराया। वर्ष 1989 में भाजपा के सत्यदेव सिंह को निर्दलीय उम्मीदवार फसीउर् रहमान उर्फ मुन्नन खान करीब 20000 मतों से चुनाव हरा दिया। और इस सीट पर पहली बार किसी निर्दल उम्मीदवार को सांसद बनने का मौका मिला। 1991 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के सत्यदेव सिंह ने जनता पार्टी के सैयद मुजफ्फर हुसैन को करीब एक लाख मतों से चुनाव हराया। 1996 में भी सत्यदेव सिंह ने जीत का सिलसिला जारी रखा। उन्होंने सपा के अकबाल हुसैन को करीब 60,000 मतों से पराजित किया। 1998 में सपा प्रत्याशी रिजवान जहीर ने भाजपा के सत्यदेव सिंह को हैट्रिक बनाने से रोक दिया और रिजवान जहीर करीब 57000 से चुनाव जीतकर सांसद बने ।1999 में भी रिजवान जहीर ने सपा प्रत्याशी के रूप में अपने जीत का सिलसिला जारी रखा और भाजपा के कुशल तिवारी को करीब 20000 मतों से चुनाव हराया। वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने बलरामपुर सीट से गोंडा के बृजभूषण शरण सिंह को मैदान में उतारा। बृजभूषण ने रिजवान जहीर की हैट्रिक रोकी और उन्हें करीब 52000 मतों से हराकर जीत दर्ज की।



### वर्ष 2009 में खत्म हो गया था बलरामपुर लोकसभा का अस्तित्व

2009 के परिसीमन में बलरामपुर लोकसभा का अस्तित्व ही खत्म हो गया। चुनाव आयोग ने बलरामपुर जिले के तीन तथा श्रावस्ती जिले की दो विधानसभाओं को मिलाकर श्रावस्ती नाम से नया लोकसभा क्षेत्र बनाया। इस लोकसभा क्षेत्र से पहली बार कांग्रेस के डॉक्टर विनय कुमार पांडे को सांसद बनने का मौका मिला। वर्ष 2014 में भाजपा के दद्दन मिश्रा ने सपा के माफिया आतिक अहमद को हराकर चुनाव जीत लिया ।वर्ष 2019 में सपा बसपा गठबंधन के बसपा प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा ने भाजपा के दद्दन मिश्रा को करीब 5000 मतों से चुनाव हराकर यह सीट बसपा की झोली में डाल दी।

अतीत के झरोखे से

## गोंडा-बलरामपुर की चीनी की मिठास में घुली जौनपुर की पीढ़ी

# जौनपुर छोड़ यहीं के हो गए सत्यदेव सिंह व उनका पूरा परिवार

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचारः** फर्राटेदार हिंदी और अंग्रेजी का ज्ञान, किसी प्रोफेसर की तरह वक्तव्य, देश विदेश की राजनीति व वहां की सामाजिक व्यवस्था का बारीकी ज्ञान रखने वाले सत्यदेव सिंह शायद ही किसी को विस्मृत हुए हों। नपी तुली भाषा व अपनी बात का लोहा मनवाना उनके लिए आम बात थी।

बलरामपुर चीनी मिल यूनिट के तुलसीपुर इकाई में महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत सत्यदेव सिंह अपने पिता बाबू राजपति सिंह का हाथ पकड़कर जौनपुर से गोंडा आ गए। जौनपुर जिले के दरवेशपुर गांव के रहने वाले सत्यदेव सिंह ने अपनी पढ़ाई के दौरान ही छात्र राजनीति को आगे बढ़ाने का काम किया। वर्ष 1970 में वह जौनपुर से गोंडा आए और 1977 में ही उनकी राजनीतिक सक्रियता के चलते जनता पार्टी ने गोंडा से टिकट दे दिया और सत्यदेव सिंह ने लोकसभा का यह चुनाव भारी मतों से जीत लिया।

सत्यदेव सिंह का जन्म पूर्वांचल के जौनपुर के दरवेशपुर गांव में हुआ था। वे पिता राजपती सिंह के साथ वह भी गोंडा आ गए। पढ़ाई लिखाई के साथ उन्होंने राजनीति में कदम रखा। 1975 के आपात

### एक बार गोंडा तथा दो बार बलरामपुर से हुए सांसद

काल के बाद पूरे देश में चली कांग्रेस विरोधी लहर में वह भी शामिल हो गए। उनकी सक्रियता को देखते हुए जनता पार्टी ने उन्हें गोंडा लोकसभा सीट से टिकट दे दिया। कांग्रेस विरोधी लहर में सत्यदेव सिंह ने कांग्रेस से सांसद रहे मनकापुर राजघराने के कुंवर आनंद सिंह को मात देकर चुनाव जीत लिया। सत्यदेव सिंह ने 71273 के भारी अंतर से आनंद सिंह को परास्त किया था।


उनकी राजनीतिक सक्रियता, सोच व विचार को देखते हुए 1980-85 तक उन्हें भारतीय जनता पार्टी के युवा संगठन भारतीय जनता युवा मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बना दिया गया। इसके बाद उन्होंने मुड़कर नहीं देखा। एक बार भाजपा की बागडोर थामी तो वह अपने अंतिम समय तक भाजपा, संघ के होकर रह गए। कुशल वक्ता होने के साथ ही वह प्रखर विद्वान थे।

1990 में राम मंदिर आंदोलन में सक्रिय रहे और पार्टी ने उन्हें 1991 में बलरामपुर से चुनाव लड़ाया। वह भाजपा के टिकट पर बलरामपुर सीट से चुनाव जीतने में सफल रहे। इसके बाद 1996 में भी वह भाजपा के टिकट पर चुनाव जीतने में सफल रहे। जौनपुर से आकर गोंडा बलरामपुर की राजनीति में घुलने के कारण उनका परिवार भी राजनीति से जुड़ गया। उनकी पत्नी सरोज रानी सिंह भी गोंडा और बलरामपुर से जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं।

सत्यदेव सिंह एक संभ्रांत परिवार से थे। वह तीन भाई थे। उनके एक भाई आईएएस तो दूसरे बैंक के अधिकारी रहे। राजनीतिक रूप से अपने अंत समय तक वह सक्रिय रहे लेकिन कोरोना जैसी महामारी ने पहले उनकी पत्नी सरोज रानी सिंह उसके बाद सत्यदेव सिंह को निगल लिया।

### सत्यदेव की मांग पर बना था देवीपाटन मंडल व बलरामपुर जिला

वर्ष 1997 में गोंडा से कटकर बलरामपुर जिला बन गया और गोंडा को मंडल मुख्यालय बनाकर देवीपाटन कमिश्नरी का नाम रखा गया। 1997 में सत्यदेव सिंह बलरामपुर के सांसद थे और प्रदेश भाजपा के महामंत्री थे। उनकी मांग पर मंडल मुख्यालय और बलरामपुर जिला अस्तित्व में आया था।



सत्यदेव सिंह

### गोंडा उत्तरी, पश्चिमी व पूर्वी के रूप में बंटा था लोकसभा क्षेत्र

गोंडा लोकसभा के लिहाज से तीन क्षेत्रों में बंटा था। गोंडा उत्तरी से चौधरी हैदर हुसैन, गोंडा पश्चिमी से शंकुतला नायर तथा गोंडा पूर्वी जिसमें बस्ती का कुछ भाग शामिल था। वहां से केशवदेव मालवीय ने पहला चुनाव जीता था। गोंडा उत्तरी में बलरामपुर व गोंडा का कुछ भाग शामिल था। यहां से चौधरी हैदर हुसैन कांग्रेस से चुनाव जीते थे। गोंडा पश्चिमी से जो आज कैसरगंज है वहां से हिंदू महासभा की शकुंतला नायर ने चुनाव जीता था जबकि गोंडा का पूवी एरिया जिसमें मनकापुर, छपिया व नवाबगंज सहित अन्य भाग तथा बस्ती का कुछ भाग मिलाकर क्षेत्र बना था वहां से केशवदेव मालवीय चुनाव जीते थे।

### बलरामपुर सीट

| | | |
|---|---|---|
| चौधरी हैदर हुसैन | 1952 | कांग्रेस |
| अटल बिहारी बाजपेयी | 1957 | जनसंघ |
| सुभद्रा जोशी | 1962 | कांग्रेस |
| अटल बिहारी बाजपेयी | 1967 | जनसंघ |
| चंद्रभाल मणि तिवारी | 1971 | कांग्रेस |
| नाना जी देशमुख | 1977 | जनसंघ |
| चंद्रभाल मणि तिवारी | 1980 | कांग्रेस |
| दीप नरायन वन | 1984 | कांग्रेस |
| फसीउर्रहमान मुन्नन खां | 1989 | निर्दल |
| सत्यदेव सिंह | 1991 | भाजपा |
| सत्यदेव सिंह | 1996 | भाजपा |
| रिजवान जहीर | 1998 | सपा |
| रिजवान जहीर | 1999 | सपा |
| बृजभूषण शरण सिंह | 2004 | भाजपा |
| विनय कुमार पांडेय | 2009 | कांग्रेस |
| दद्दन मिश्रा | 2014 | भाजपा |
| राम शिरोमणि वर्मा | 2019 | बसपा |

# भाजपा की चुनौती आसान करेगा तीसरा मोर्चा

## 25 सीटों पर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस व सपा की बाजी पलटने में सक्षम है ओवैसी-पल्लवी की जोड़ी

## सपा को विधानसभा चुनाव में कई सीटों पर हारने से लेकर माहौल बिगाड़ने की वजह थी एआईएमआईएम

## अखिलेश पर हमलावर ओवैसी साध रहे मुस्लिम वोट बैंक, इंडिया गठबंधन ठहरा रही भाजपा की बी टीम

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में विपक्ष का विखराव भाजपा की चुनौती आसान कर सकता है। खासकर हाल ही में बना तीसरा मोर्चा, जिसमें छोटी-छोटी चार पार्टियां हैं, लेकिन प्रदेश में पूरब से मध्य और पश्चिम तक 25 सीटों पर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और अपना दल (कमेरावादी) की पल्लवी पटेल की जोड़ी असरदार दिख रही है। ओवैसी का असर प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में सपा पहले ही भुगत चुकी है, जबकि बिहार और महाराष्ट्र में उलटफेर समेत कई राज्यों में महागठबंधन को नुकसान उठाना पड़ा था।

असदुद्दीन ओवैसी जब से उत्तर-प्रदेश में सक्रिय हुए हैं, तब से अखिलेश यादव की मुश्किलें बढ़ गई हैं। वे न सिर्फ मुस्लिमों को वोट बैंक समझने वाली पार्टियों की पोल खोलकर माहौल बिगाड़ रहे हैं, वरन माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के घर जाने से लेकर कई मौकों पर मुसलमानों को अपने बीच का प्रतिनिधि चुनने का नारा बुलंद करते दिखते हैं। लोकसभा चुनाव में उनकी पूरी तैयारी थी कि बसपा के साथ गठबंधन करके इंडिया गठबंधन (कांग्रेस, सपा, राष्ट्रीय जनता दल, टीएमसी आदि) को उत्तर-प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र आदि राज्यों को चुनौती पेश की जाए। लेकिन, मायावती से बात नहीं बनीं, जबकि इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनने की उनकी कोशिश भी नाकाम रही। अलबत्ता अखिलेश समेत कई नेताओं ने उन्हें भाजपा की बी टीम ठहरा कर अछूत बना दिया।

यही हाल राज्य सभा चुनाव में सपा को वोट देने के बावजूद भी अखिलेश यादव के आंख से उतर चुकीं अपना दल (कमेरावादी) की पल्लवी पटेल का रहा। अंततः ओवैसी और पल्लवी ने एक साथ आकर पीडीए के जवाब में पीडीएम (पिछड़ा, दलित, मुसलमान) न्याय मोर्चा बनाकर 40 सीटों पर प्रत्याशी उतारने की रणनीति से इंडिया गठबंधन का खेल बिगाड़ने में जुट गए हैं। उनके साथ नए मोर्चे में बाबूराम पाल की राष्ट्रीय उदय पार्टी, प्रेमचंद बिंद की प्रगतिशील मानव समाज पार्टी भी शामिल है।

प्रदेश में कुल मुस्लिम आबादी 19.3 फीसदी (3.84 करोड़) है. इसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश, रुहेलखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में मुसलमानों की मजबूत उपस्थिति है। प्रदेश में 30 फीसदी से ज्यादा मुस्लिम आबादी वाली 21 लोकसभा सीटें हैं। इसमें खासतौर पर सहारनपुर, मेरठ, कैराना, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, बुलंदशहर, अलीगढ़, घोसी और गाजीपुर है। लेकिन 20 से 30 फीसदी मुस्लिम वोटर वाली सीटों की संख्या जोड़ दें तो, आंकड़ा कुल 80 सीटों में 65 सीटों तक पहुंचेगा। अपना दल कमेरावादी पार्टी का असर भी पूरब से मध्य उप्र. के कई जिलों में है। पल्लवी पटेल सपा के साथ कौशांबी की सिराथू विधानसभा क्षेत्र से पिछली बार उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को हराकर असर दिखा चुकी है। इस दौरान 'मिले मुलायम-सोनेलाल' यानी यादव और कुर्मी के साथ पोस्टर के जरिए सियासी संदेश दिया गया था। प्रदेश में ओबीसी का सबसे बड़ा हिस्सा इन्हीं दो जातियों का है।

### अखिलेश को ओवैसी दे चुके हैं तगड़ा झटका

- **– ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहाद–उल मुस्लिमीन** (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैशी बीते विधानसभा चुनाव में सपा प्रमुख अखिलेश के सत्ता में आने का सपना तोड़ने में सबसे आगे थे। 95 सीटों पर प्रत्याशी उतारकर 4 .5 लाख वोट हासिल किए, जिसमें सात विधानसभा सीटों पर 10 हजार से ज्यादा वोट मिलने से सपा जीती हुई बाजी हार गई थी। इन सीटों पर सपा की भाजपा से हार का अंतर 217 वोट से 1647 वोट तक का था। इसके पहले 2017 में ओवैसी ने पहली बार प्रदेश में 38 सीटों पर प्रत्याशी उतारकर 2 .05 लाख वोट हासिल किए थे। चुनाव–दर–चुनाव दूना हो रहा ओवैसी का वोट बैंक इसबार लोकसभा चुनाव में पीडीएम न्याय मोर्चा से जितना असर दिखाएगा, उतना की करारा झटका इंडिया गठबंधन को लगना तय है।

### यह है मुस्लिम वोटिंग पैटर्न

- सीएसडीएस के मुताबिक साल 2019 के लोकसभा में उप्र में मुस्लिम वोटिंग कांग्रेस को 14 फीसदी, भाजपा को 8 फीसदी, सपा व बसपा गठबंधन को 73 फीसदी और अन्य के खाते में 5 फीसदी थी। वहीं साल 2014 में कांग्रेस को 11 फीसदी, भाजपा को 10 फीसदी, बसपा को 18 फीसदी और सपा को 58 फीसदी मुस्लिम वोट गए थे। हालांकि विधानसभा चुनाव 2017 में ओवैसी की पार्टी 38 सीटों पर लड़ी थी, जिसमें 37 पर जमानत जब्त हो गई थी। उसे कुल 2 .46 फीसदी वोट मिले। साल 2022 के विधानसभा चुनाव में ओवैसी ने 95 सीटों पर चुनाव लड़ाया और सभी पर प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई, मगर 2 .01 फीसदी वोट मिले।

### ऐसे अप्रत्यक्ष तौर पर भाजपा की मददगार रही ओवैसी की पार्टी

| सीट का नाम | भाजपा को वोट | रालोद को वोट | सपा को वोट | बसपा को वोट | ओवैसी की पार्टी को वोट | जीत का अंतर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बिजनौर | 97,165 | 95,720 | गठबंधन में सीट रालोद को | 52,035 | 2,290 | 1,445 |
| नकुड़ | 1,04,114 | गठबंधन में सीट सपा को | 1,03,799 | 55,112 | 3,593 | 315 |
| कुर्सी | 1,18,720 | गठबंधन में सीट सपा को | 1,18,503 | 35,561 | 8,541 | 217 |
| सुल्तानपुर | 92,715 | गठबंधन में सीट सपा को | 91,706 | 22,521 | 5,251 | 1,009 |
| औराई | 93,691 | गठबंधन में सीट सपा को | 92,044 | 28,413 | 2,190 | 1,647 |
| शाहगंज | 87,233 (निषाद पार्टी के साथ) | गठबंधन में सीट सपा को | 86,514 | 48,957 | 8,128 | 719 |
| मुरादाबाद नगर | 1,48,384 | गठबंधन में सीट सपा को | 1,47,602 | 14,013 | 2,261 | 782 |


## पहली बार मैदान में नहीं होगा कांग्रेस का प्रत्याशी

# पं. जवाहर लाल नेहरू कर चुके हैं मछलीशहर का प्रतिनिधित्व

जौनपुर

उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले की मछलीशहर लोकसभा सीट का गठन 1962 में हुआ था,इससे पहले 1952 के चुनाव में यह क्षेत्र फूलपुर लोकसभा क्षेत्र में था, यहीं से उस समय पंडित जवाहर लाल नेहरू पहला चुनाव जीतकर देश के प्रधानमंत्री मंत्री बने थे।

इस सीट पर चार बार कांग्रेस का परचम लहरा चुका है जबकि एक बार भारतीय लोकदल, तीन बार जनता दल, तीन बार भाजपा , दो बार सपा और एक बार बीएसपी के सांसद चुने गये हैं। मछलीशहर में 1962 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के गनपतराम सांसद चुने गये थे। 1967 और 1971 में कांग्रेस के ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित नागेश्वर द्विवेदी सांसद बने थे। 1977 में भारतीय लोकदल के टिकट पर राजकेशर सिंह सांसद चुने गये थे। 1980 शिव शरण वर्मा जनता पार्टी से सांसद बने थे। 1984 के चुनाव में श्रीपति मिश्रा ने कांग्रेस का पुनः परचम लहराया था, 1989 चुनाव में पूर्व सांसद शिवशरण वर्मा ने पुनः यह सीट कांग्रेस से छीनकर जनतादल की झोली में डाल दिया था और 1991 के चुनाव में जनता दल से ही शिवशरण वर्मा पुनः सांसद बने थे। 1996 के चुनाव में इस सीट पर भाजपा के डॉ राम विलास वेदांती सांसद चुने गये । वर्ष 1998 में भाजपा के स्वामी चिन्मयानंद एमपी बने थे। 1999 के चुनाव में सपा प्रत्याशी सी एन सिंह सांसद बने थे। 2004 आम चुनाव में बसपा के बाहुबली उमाकांत यादव जेल रहते हुए भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी को हराकर सांसद बने थे।



2009 में सपा प्रत्याशी तूफानी सरोज सांसद चुने गये। 2014 चुनाव में मोदी लहर के दौरान एक बार फिर बीजेपी के रामचरित निषाद सांसद चुने गये थे और 2019 में यहां से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी बीपी सरोज बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी टी राम को मात्र 181 मतों से पराजित कर सांसद चुने गए हैं।

मौजूदा लोकसभा चुनाव में अभी तक मछलीशहर सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र से किसी भी पार्टी ने अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की है। 1984 के चुनाव के बाद आज तक 40 वर्ष हो रहे हैं कांग्रेस पार्टी का पहली बार यहां से प्रत्याशी चुनाव नहीं लड़ेगा, इस बार कांग्रेस का चुनाव चिन्ह इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर नहीं रहेगा। क्योंकि यह सीट चुनावी समझौते में समाजवादी पार्टी के खाते में गई है।

तैयारी जीत की | लोस चुनाव को लेकर दोनों ही दलों ने गीतों के जरिए मतदाताओं को लुभाने की तैयारी

# राजनीतिक बयानबाजी ही नहीं, पार्टियों के बीच सॉन्ग–वार भी

## एनडीए का गीत - सपने नहीं हकीकत को बुनते हैं, तभी तो सब मोदी को चुनते हैं

## सपा-कांग्रेस गठबंधन का गीत- दिल्ली में प्रवेश की खातिर ये इंडिया का गठबंधन है

अजय दयाल, लखनऊ

**अमृत विचारः** हर चुनाव की तरह इस बार भी राजनीतिक दलों के बीच 'सॉन्ग-वार' चल रही है। उत्तर प्रदेश में भाजपा गठबंधन के मुकाबले सपा-कांग्रेस गठबंधन के बीच गीत-संगीत के माध्यम से भी आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला है। इन गीतों में अपने-अपने दलों की उपलब्धियों का बखान करने के साथ दूसरे दलों की खामियां निकाल कर आमजन को रिझाने का प्रयास है। इस तरह के म्यूजिक एल्बम अलग-अलग क्षेत्रों में प्रचलित भाषा के मद्देनजर भी बनवाए जा रहे हैं। इसके लिए पार्टियों में एक अलग फंड की भी व्यवस्था है।

रोचक यह कि एक पार्टी अगर कोई गाना बनवा कर दूसरे पर हमला करती है तो दूसरा दल भी उसी तर्ज पर गीत के जरिए ही जवाब देने को आगे आ जाता है। यानि एक-दूसरे पर सोशल मीडिया से तीखी बयानबाजियां और मंच से भाषण देने के अलवा गीत-संगीत से भी हमला किया जा रहा है।

उदाहरण देखें तो सपा-कांग्रेस गठबंधन का पिछले दिनों थीम सॉन्ग लांच हुआ। इसमें इंडिया गठबंधन का बखान करते हुए गाने के बोल कुछ इस तरह हैं-

**गठबंधन है, गठबंधन है ये इंडिया का गठबंधन है,**

**दिल्ली में प्रवेश की खातिर, राहुल और अखिलेश की खातिर**

वहीं, इससे पहले खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा का चुनावी थीम सॉन्ग जारी किया था। यह गीत कुछ इस तरह है-

**जन–जन की आंखों के सपने लेकर चले, उम्मीदों को देखो कैसे नये पंख मिले।**

**तीन रंग में रंगा तिरंगा शान से लहराया, भारत मां के माथे पर फिर से मुकुट सजाया।।**

दोनों ही दलों के गीत बकायदा वीडियोज आधारित भी हैं जिसमें इन दलों से जुड़े नेताओं की वीडियो क्लिपिंग्स को दर्शाया गया है। हालांकि भाजपा ने अन्य दलों के मुकाबले इस गीत-संगीत वाले प्रचार में भी बाजी मार रखी है। लोस चुनाव के मद्देनजर भाजपा कुछ और गाने कान में पड़ रहे हैं-

**बढ़ना हर उम्मीद के पार, नई भारत की यही पुकार,एक बार फिर मोदी सरकार...**

एक गीत मैं मोदी का परिवार हूं पर भी आधारित है। दूसरी ओर समाजवादी पार्टी भी एक वीडियो गीत को लेकर सत्तापक्ष के सांसदों को कटघरे में खड़ा कर रही है। यह गाना कुछ इस तरह है—

**हाजिर हों, हाजिर हों सांसद जी हाजिर हों,**

**पांच साल दें हिसाब, क्षेत्र को क्या दिया दें जवाब।**

बहरहाल, इन्हीं चुनावी गीतों, म्यूजिक एल्बम के बहाने स्थानीय कलाकारों को भी कमाई करने का भी अवसर मिल रहा है। बकायदा किसी-किसी को पूरे लोकसभा चुनाव का ही कॉन्ट्रेक्ट मिल रहा है।



### चुनाव आयोग की भी है नजर

चुनावी गीत हों या ऐसे म्यूजिक एल्बम, चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता के तहत इन पर भी पैनी नजर है। बीते दिनों राजस्थान दिवस के मौके पर पर्यटन विभाग की ओर से एक सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान लोक कलाकारों ने एक निर्दलीय लोस उम्मीदवार की तारीफ करते गीत गाया। चूंकि कार्यक्रम सरकारी था, इसलिए मामला आचार संहिता के उल्लंघन का बना।

### फिर उसी कलाकार को मौका

पिछले लोकसभा चुनाव में नरेन्द्र मोदी पर राहुल गांधी चौकीदार शब्दावली को लेकर हमलावर थे। उस वक्त भाजपा की ओर से जवाब में, मैं भी चौकीदार गाने को अभियान की तरह सामने लाया गया। यह गीत मोदी के समर्थन में माहौल बनाने में काफी सहायक माना गया। इस बार के चुनाव में उसी कलाकार को मोदी का परिवार शीर्षक गीत का जिम्मा दिया गया है।

उद्यमेनैव हि सिध्यन्ति, कार्याणि न मनोरथै ।
न हि सुप्तस्य सिंहस्य, प्रविशन्ति मृगा: ॥

प्रयत्न करने से ही कार्य पूर्ण होते हैं, केवल इच्छा करने से नहीं, सोते हुए शेर के मुख में मृग स्वयं प्रवेश नहीं करते हैं।

## संपादकीय

# भारत-अमेरिका संबंध

अमेरिका कई क्षेत्रों में भारत के साथ अपने रिश्ते मजबूत कर रहा है। भारत के साथ संबंधों को गहरा करना अमेरिकी विदेश नीति के सबसे महत्वपूर्ण तत्वों में से एक है। भारत और अमेरिका के व्यापक साझा हित हैं। अमेरिका उस क्षेत्र को खतरनाक मानता है जहां चीन आगे बढ़ रहा है। बुधवार को इंडो-पैसिफिक लैंड फोर्सेज कमांडर जनरल चार्ल्स फ्लिन ने कहा कि चीन की आधुनिक मिसाइलों का मुकाबला करने के उपायों का पता लगाने में अमेरिकी बलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। अमेरिका निकट भविष्य में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मध्यम दूरी की मिसाइलें तैनात करने पर विचार कर रहा है। भारत की हिंद-प्रशांत महासागर पहल का उद्देश्य भी एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत को बढ़ावा देना और क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखना है। क्योंकि दुनिया का अधिकांश व्यापार संचार की समुद्री लाइनों पर निर्भर होने के कारण उनकी सुरक्षा बनाए रखना महत्वपूर्ण है। चूंकि व्यापार बड़े पैमाने पर महासागर के माध्यम से किया जाता है, इसलिए मजबूत समुद्री परिवहन सहयोग से हिंद-प्रशांत में देशों के भीतर और बीच शिपिंग नेटवर्क को मजबूत करने में मदद मिलेगी। समुद्री क्षेत्र में सहयोग निकट भविष्य में भारत-अमेरिका संबंधों का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन सकता है। साथ ही तेजी से सिर उठाते खतरों का सामना करने के लिए भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय ख़ुफिया सूचना सहयोग को न सिर्फ सशक्त करने की ज़रूरत है, बल्कि इसे विभिन्न क्षेत्रों में फैलाने के लिए तमाम संभावनाओं को तलाशने की भी आवश्यकता है।

भारत और अमेरिका खास तौर पर इंडो-पैसिफिक में महाद्वीपीय, समुद्र और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में संवेदनशील जानकारी साझा करने के साथ ही इंटेलिजेंस सेक्टर में आपसी सहयोग सशक्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दोनों देशों के बीच मज़बूत होती भागीदारी ने खुफिया मामलों में आपसी सहयोग की संभावनाओं के ऐसे द्वारा खोलने का काम किया है जिनके बारे में दो दशक पहले सोचना भी मुमकिन नहीं था। जिस प्रकार से क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर सुरक्षा को लेकर माहौल में बदलाव आ रहा है, उसके मद्देनज़र अमेरिका और भारत की खुफिया एजेंसियों के बीच सशक्त सहयोग बेहद ज़रूरी हो गया है। समुद्री क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न प्रकार की जानकारियां आज के दौर में क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के लिए ख़ासी महत्वपूर्ण हो गई हैं। यही वजह है कि खुफिया जानकारी साझा करने का महत्व भी बहुत बढ़ गया है। इंडो-पैसिफिक में रणनीतिक सफलता हासिल करने के लिए समुद्री मार्गों की सुरक्षा, समुद्री लुटेरों का मुक़ाबला करना और प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना बेहद अहम हो जाता है।

# किसानों से गेहूं खरीद क्यों है जरूरी



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

> असल में सरकारी नियमानुसार प्रत्येक वर्ष एक अप्रैल को सेंट्रल पूल में 74.60 लाख मीट्रिक टन गेहूं रहना आवश्यक है। भारतीय खाद्य निगम स्वयं और राज्य सरकारों के सहयोग से बफर स्टॉक यानी सेंट्रल पूल के लिए किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं और चावल की खरीद करती है। इसी क्रय किए गए खाद्यान्न में से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण किया जाता है।

सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत किसानों से की जाने वाली गेहूं खरीद नियत समय से पहले ही प्रारंभ कर दी है, क्योंकि केंद्रीय पूल का गेहूं स्टॉक बफर मानक से भी नीचे आ जाने की संभावना है और यदि ऐसा हो जाता है तो पिछले सोलह वर्षों में पहली बार ऐसा होगा। वस्तुत पिछले दो सालों से गेहूं की कम सरकारी खरीद, देश के 80 करोड़ लोगों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत मुफ्त राशन निरंतर दिए जाने और बाजार मूल्य नियंत्रण के लिए भारतीय खाद्य निगम द्वारा खुले बाजार में की गई अधिक बिक्री के कारण बफर स्टॉक की यह स्थिति हुई है।

असल में सरकारी नियमानुसार प्रत्येक वर्ष एक अप्रैल को सेंट्रल पूल में 74.60 लाख मीट्रिक टन गेहूं रहना आवश्यक है। भारतीय खाद्य निगम स्वयं और राज्य सरकारों के सहयोग से बफर स्टॉक यानी सेंट्रल पूल के लिए किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं और चावल की खरीद करती है। इसी क्रय किए गए खाद्यान्न में से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण किया जाता है। देश में सूखा, बाढ़, भूकंप आदि जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान आने वाली खाद्यान्न की कमी को दूर करने के लिए खाद्यान्न इसी बफर स्टॉक से ही भेजा जाता है। किसी भी देश में खाद्यान्न की उपलब्धता की स्थिति को दर्शाने के लिए यह बफर स्टॉक महत्वपूर्ण है। वस्तुतः पिछले दो सालों से खुले बाजार में गेहूं का दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक है। स्वाभाविक रूप से किसानों ने सरकारी क्रय केंद्रों पर बेचने के बजाय खुले बाजार में बेचना श्रेयस्कर समझा। खुले बाजार में निजी व्यापारियों द्वारा गेहूं का ज्यादा मूल्य दिए जाने के कारण किसान सरकार को पहले की तरह गेहूं नहीं बेच रहे हैं। इन्हीं सब कारणों से इस वर्ष देश में गेहूं के रिकॉर्ड उत्पादन की संभावना के बावजूद सरकार ने अपना क्रय लक्ष्य 320 लाख मीट्रिक टन ही रखा है।

चुनावी वर्ष होने के कारण सरकार पर अतिरिक्त दबाव यह है कि किसी तरह से वह मंहगाई को नियंत्रण में रखें। इसी के दृष्टिगत बाजार में गेहूं के मूल्य नियंत्रण हेतु सरकार ने भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से ओपन मार्केट सेल स्कीम के अंतर्गत सरकार द्वारा सिर्फ 2150 रुपये प्रति क्विंटल के रियायती दर पर 80.04 लाख मीट्रिक टन गेहूं निजी और सहकारी क्षेत्र को बेच चुकी है। खुले बाजार में इतनी अत्यधिक मात्रा में गेहूं आने के बावजूद गेहूं का मूल्य कोई विशेष कम नहीं हो पाया है। अभी खरीद सीजन प्रारंभ होने और मार्केट में नया गेहूं आने के बावजूद गेहूं का मूल्य ज्यादा नहीं गिरा है। सरकारी क्रय केंद्रों पर किसानों को गेहूं बेचने के लिए अनेक प्रकार की कागजी औपचारिकताएं पूरी करनी होती हैं, जबकि व्यापारी किसानों के घर से गेहूं खरीद बिना किसी कागजी प्रक्रिया के कर लेते हैं।

> हालांकि गिरते बफर स्टॉक के बावजूद गेहूं के आयात के बारे में कभी नहीं सोचा गया, क्योंकि विदेशी खरीद से देश की इमेज पर असर पड़ता है और किसानों में गलत संदेश जाता है। इसके अतिरिक्त अभी ऐसी स्थिति नहीं आई है कि गेहूं आयात करना पड़े।

हालांकि इसको देखते हुए सरकार ने इस वर्ष शुरू से ही मोबाइल क्रय केंद्रों की स्वीकृति दे दी है। अब सरकार भी किसानों के घर से गेहूं खरीद करेगी। निजी व्यापारी 'जो जैसा है, जहां है' नियम के आधार पर खरीद करते हैं। जबकि सरकारी क्रय केंद्रों पर मानक निर्धारित हैं। सरकारी क्रय केंद्रों पर किसानों को उसके बिक्री का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से उनके बैंक खातों में किया जाता है। जबकि निजी व्यापारी अभी भी ज्यादातर नकद भुगतान करते हैं, जो किसानों को ज्यादा सुविधाजनक लगता है। खेती और पारिवारिक के खर्चों के लिए तत्काल नकद पैसे उनको अच्छा लगता है। इसके अतिरिक्त अधिकतर किसानों ने बैंकों, सहकारी समितियों या अन्य संस्थाओं से कृषि या अन्य कार्यों के लिए ऋण लिया होता है जिसके संबंध में उन्हें भी लगता है कि सरकारी केंद्रों पर बेचे गए गेहूं का भुगतान यदि उनके बैंक खातों में गया तो संबंधित बैंक अपना ऋण या बकाया पहले एडजस्ट कर लेगी। इसके अतिरिक्त वे निजी व्यापारियों से भी फसल लगाने से पूर्व ही अग्रिम ले लिया गया होता है। इन सब कारणों से यदि मार्केट रेट एमएसपी से ज्यादा कम नहीं है तो वे निजी व्यापारियों को खाद्यान्न बेचना ज्यादा पसंद करते हैं। यहां यह भी महत्वपूर्ण है कि गेहूं ऐसा खाद्यान्न है जिसका किसान स्वयं भी आसानी से भंडारण कर सकता है और यदि तत्काल उन्हें पैसे की आवश्यकता नहीं है तो वे गेहूं नहीं बेचते हैं।

केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2023-24 में गेहूं के अनुमानित उत्पादन 1120 लाख टन के सापेक्ष खपत मात्र 1077 लाख टन ही होने की संभावना है। हालांकि अमेरिका का कृषि विभाग आस्ट्रेलिया और भारत को छोड़कर कनाडा, रूस, यूक्रेन, यूरोपियन यूनियन में गेहूं के उत्पादन में गिरावट होने का अनुमान जारी किया है जिससे वैश्विक बाजार में भाव ज्यादा रहने की संभावना है। आम चुनाव के बाद देश में गेहूं के रिकॉर्ड उत्पादन की स्थिति में गेहूं एक्सपोर्ट शुरू होने की संभावनाएं भी जताई जा रही हैं। राष्ट्रीय कृषि बाजार यानी ई-नाम के अनुसार देश की कई मंडियों में गेहूं का दाम अभी भी एमएसपी से ज्यादा है। भारत चीन के बाद दुनिया का सबसे बड़ा गेहूं उपभोक्ता और उत्पादक देश है, लेकिन घटती सरकारी खरीद और घटते बफर स्टॉक के दृष्टिगत सरकार ने 2022 में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। बफर स्टॉक में गेहूं के कम भंडारण से खुले बाजार में कीमतें बढ़ने की संभावना होती हैं।

हालांकि गिरते बफर स्टॉक के बावजूद गेहूं के आयात के बारे में कभी नहीं सोचा गया, क्योंकि विदेशी खरीद से देश की इमेज पर असर पड़ता है और किसानों में गलत संदेश जाता है। इसके अतिरिक्त अभी ऐसी स्थिति नहीं आई है कि गेहूं आयात करना पड़े। अमेरिकी कृषि विभाग की रिपोर्ट के अनुसार भारत का कम गेहूं भंडार सरकार को इस वर्ष दो मिलियन मीट्रिक टन खाद्यान्न आयात करने के लिए मजबूर कर सकता है, लेकिन सरकार अपना क्रय लक्ष्य और बफर स्टॉक पूरा करने के लिए कृत संकल्पित है। इसलिए उसने अनौपचारिक रूप से व्यापारियों सहित बड़े, बल्कि पर्चेजर्स कारगिल इंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, लुइस ड्रेफस कंपनी औलम ग्रुप इत्यादि को भी संकेत दिया है कि वे किसानों से नए सीजन के गेहूं की खरीदारी कम से कम अप्रैल में करने से बचें। वर्ष 2007 के बाद से सरकार की ओर से यह इस तरह का प्रथम पहल है। वैसे भी मई के मध्य के बाद से गेहूं की खरीद कम होने लगती है। महंगाई पर नियंत्रण रखने के लिए गेहूं व्यापारियों को स्टॉक की घोषणा करने के काम को एक अप्रैल से आगे भी जारी रखने को कहा है। सरकार ने रेलवे से भी अप्रैल में बड़े व्यापारियों को माल ढुलाई हेतु मालगाड़ी उपलब्ध नहीं कराने के लिए कहा है जिससे बड़े पैमाने पर गेहूं बाहर नहीं जा पाएगा। अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि बड़े व्यापारियों को बड़ी मात्रा में गेहूं खरीदने का मौका न मिले। डिस्ट्रेस सेल अर्थात् न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम पर खरीद तो कदापि न हो। हालांकि मध्य प्रदेश और राजस्थान में गेहूं की खरीद पर बोनस दिए जाने के चलते उत्तर प्रदेश में गेहूं की खरीद में समस्या आ सकती है, क्योंकि निजी खरीदार यहां गेहूं के दाम कम होने के कारण मध्य प्रदेश व राजस्थान की बजाय गेहूं खरीदने का प्रयास करेंगे, जिस पर रोक आवश्यक है। खुले बाजार में किसानों को अभी भी अपने गेहूं का मूल्य एमएसपी से ज्यादा मिल रहा है। यह अच्छी बात है, क्योंकि सरकार स्वयं किसानों को उनकी आय दुगुनी करने का वायदा कर चुकी है, परंतु सरकार के बफर स्टॉक और देश में खाद्यान्न प्रबंधन हेतु सरकारी खरीद भी जरूरी है तो इसका विकल्प यह है कि सरकार बोनस घोषित कर दे, परंतु इस पर विश्व व्यापार संगठन के नियम बाधक हैं। निर्यात पर रोक का वह पहले ही विरोध कर चुकी है। सबसे ज्यादा दबाव उत्तर प्रदेश की खरीद पर है, जो देश का सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक राज्य है, परंतु यहां देश की कुल सरकारी खरीद में मात्र दो प्रतिशत का योगदान रहा है। सरकार के विशेष प्रयासों से इस बार अच्छी गेहूं खरीद होने की संभावना है। यहां खरीद को और गति प्रदान के लिए पंजाब और हरियाणा की तर्ज पर आढ़तिया खरीद की शुरुआत की जा सकती है, जिसे निजी क्षेत्र का योगदान भी सरकारी खरीद में शामिल हो जाएगा या राजस्थान और मध्य प्रदेश राज्यों की तरह गेहूं पर बोनस घोषित किया जा सकता है।

## प्रसंगवश

# पुराना पड़ गया है पुरस्कार और दंड का सिद्धांत



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

पुरस्कार और दंड की प्रक्रिया का दूसरे छात्रों की मनः स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और वे उत्साहित नहीं होते, शोध तो यही कहती है। इसी एप्रोच के चलते अव्वल आने वाले छात्र एक 'स्पेशल केटेगरी' के समझे जाते हैं और जो छात्र सामान्य हैं और 35-45 या 50 प्रतिशत अंक लेकर पास हुए हैं, उनकी कमियों पर रिसर्च करके दूर करने की कोशिश होनी चाहिए। इस बाबत क्लास टीचर्स के एनालिसिस और एक्शन फॉर इम्प्रूवमेंट क्या रहता है, इस बारे में रिवाड्र्स देते समय इनके पास कोई प्लान है तो उसका ब्योरा नहीं दिया जाता, क्योंकि सोच किसी और दिशा में काम कर रही होती है।

विदेशों में इस पर बहुत रिसर्च हुई हैः लेख और किताबें लिखी गई हैं और समाधान सुझाए गए हैं। रिकमेन्डेशन्स पर काम किया गया तो नतीजे भी अच्छे थे। प्रतिभा बढ़ाई जा सकती है अगर लर्निंग के तरीके में चालू प्रैक्टिसेस में कुछ परिवर्तन किए जाएं। एनसीईआरटी इस मामले में कुछ विशेष नहीं करता। रिवाड्र्स एंड पनिशमेंट की थ्योरी अब रिजेक्ट की जा चुकी है और 'इन्क्लूसिव थ्योरी' पॉपुलर है ताकि सभी बच्चे आत्मविश्वास के साथ और मजबूत इरादे के साथ न कि निरुत्साहित किए जाने वाले माहौल में स्कूल और कॉलेज की शिक्षा पूरी करें और एक 'मिनिमम डिज़यारेबल' लेवल तक तो पहुंचे ही। मैं बहुत ब्रिलियंट तो खुद भी नहीं रहा और न ही हूं, लेकिन परिश्रमी और लगनशील हूं और धीरे-धीरे वे तरीके सीख गया जिनके करने अडॉप्ट करने से विषय के प्रति अपनी समझ में इजाफा कर पाया। स्कूल और कॉलेज के दिनों में मैं औसत प्रतिभा का विद्यार्थी रहा, लेकिन विश्वविद्यालय में पहुंचने पर और विषय विशेष में गहन रुचि होने के कारण, अभ्यास से मैंने टॉप किया और मेरे से एकदम नीचे वाले और मेरे अंकों में 20 प्रतिशत का अंतर रहा। पद्धति बदलकर मैंने अपनी जानकारी का विस्तार किया और कुछ मायनों में थोड़ी से 'विजडम' भी हासिल की जो उम्र के साथ अनुभव बढ़ने से भी धीरे-धीरे बढ़ती है।

स्कूल एजुकेशन विभाग में टेक्स्ट बुक्स में दर्ज इन्फार्मेशन कंटेंट को डिलीवर करते समय परिवर्तन लाने की जरूरत है, जो इसलिए संभव ही नहीं, क्योंकि टीचर्स को इंस्ट्रक्शन्स इशू करने वाले महकमा और इसका थिंक टैंक ऐसा करने नहीं देता। असल में ये लोग एजुकेशनल फिलॉसफी और साइकोलॉजी के अलावा परिवेशी तत्वों और पृष्ठभूमि का ध्यान नहीं रखते। एक टाइट फ्रेम में शैक्षिक करियर निकालने वाले अध्यापकगण वही पिटी-पिटाई लकीर को आयुपर्यन्त फॉलो करते रहते हैं, बिना इस बात की परवाह किए कि वे किस तरह के कौशलयुक्त नागरिक देश को देना चाहते हैं। रिवॉर्ड और पनिशमेंट की नेचुरल थ्योरी मनुष्य द्वारा स्थापित रिवॉर्ड और पनिशमेंट की थ्योरीज से बिल्कुल अलग स्तर पर काम करती है, ऐसा आभास तभी हो सकता है जब अध्यापक गण हायर लर्निंग के रिसर्च जर्नल्स को पढ़ें।

मेरे हिसाब से रिवाड्र्स एंड पनिशमेंट को कभी हाईलाइट तो करना ही नहीं चाहिए। आईएएस एंड अलाइड सर्विसेज के एग्जाम को क्वालीफाई करने वाले कैंडिडेट्स में से जो आईएएस की केटेगरी को एलॉट किए जाते हैं इनमें से उच्चतम और निम्नतम स्कोरिंग वाले चयनित व्यक्तियों की परफॉरमेंस के हिसाब से क्या इनकी पोस्टिंग डेवलप्ड और अंडर-डेवलप्ड डिस्ट्रिक्स में की जाती है। क्या हाईएस्ट 10 स्कोरर्स को इलीट पोस्टिंग दी जाती है। मैंने देखा है कि एक्साम क्लियर करने में जो बहुत मेधावी रहे और जो उक्त दस प्रतिशत से नीचे के रहे इनकी सर्विस परफॉरमेंस एक डिजायरेबल लेवल और उच्चतम लेवल के बीच उतार चढ़ाव पर रही। यह बात रिटायर हो गए आईएएस से बातचीत करके या इनमें से कुछेक के संस्मरण पढ़ के मैंने जानी। इस सब्जेक्टिविटी में ऑब्जेक्टिविटी किस तरह से देखी जा सकती है, यह देखने वाले की ऑब्ज़र्वेशनल स्किल्स पर भी निर्भर करता है। पोस्ट-रिटायरमेंट के बाद अपनी प्री-रिटायरमेंट परफॉरमेंस पर कौन दृष्टिपात करता है? मुझे लगता है एवरेज़ेज ड्रा करने के चक्कर में ऑब्जेक्टिविटी का इंसानी गुणों से मिलान करना हम अधिकांश अवसरों पर भूल जाते हैं। इसलिए टीचर्स को हाई और हायर-सेकंड्री लेवल के स्टूडेंट्स को कैसा माहौल देना चाहिए, इसके प्रति अत्यंत सावधान रहने की जरूरत होती है।

# सब कुछ धुंधला-धुंधला सा है



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

> जनचेतना में सत्ता विरोध की लहर उठी। दमन को अपना हथियार और मनमानियों को अपना औजार बना चुकी सत्ता की प्राचीरें जन चेतना के प्रतिरोध को झेल नहीं सकी।

समझ में नहीं आ रहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार सत्ता में पहुंचने देने का विरोध कौन कर रहा और समर्थन कौन कर रहा? प्रत्यक्ष में बड़ी-बड़ी बातें बोलेंगे। संविधान पर खतरे की संभावनाएं गिनाएंगे, डिक्टेटर राज आने का डर दिखाएंगे, उखाड़ फेंकने की मुनादी करेंगे, लेकिन भीतर ही भीतर करतब ऐसी करेंगे कि मोदी की राह आसान हो जाए। अब यह डर के कारण से हो, लोभ के कारण से हो या जिस भी कारण से हो, ऐसे नेता और ऐसे राजनीतिक दल जनता के लिए किसी डिक्टेटर या किसी विभाजक राजनीतिज्ञ से भी अधिक खतरनाक हैं।

एक दौर था, जब इंदिरा गांधी के खिलाफ विपक्ष के नेताओं का गठजोड़ सामने आया था। भले ही यह एकता सत्ता में आने के बाद जल्दी ही बिखर गई, लेकिन इसने यह साबित किया कि अगर कोई शक्तिशाली सत्ताधीशों के संवैधानिक अधिकारों से खिलवाड़ करेगा, राजनीतिक विरोधियों के दमन के लिए सत्ता का अनुचित प्रयोग करेगा तो भारत की लोकतांत्रिक राजनीति में अंतर्निहित चेतना उसे उखाड़ फेंकने की शक्ति रखती है।

'इंदिरा इज इंडिया एंड इंडिया इज इंदिरा' ... राजनीतिक चारणों और चेले चपाटों के ऐसे बोल किस बियाबान में लुप्त हो गए, खुद मैडम भी समझ नहीं पाईं और जैसा कि कई इतिहासकार बताते हैं, वे इतनी बड़ी चुनावी हार के बाद कुछ दिनों के लिए सदमे में चली गई थीं। तब के नेताओं में नैतिक शक्ति थी। तब मोरारजी थे, अटल थे, चंद्रशेखर थे, चरण सिंह थे, मधु लिमये थे, मधु दंडवते थे, मृणाल गोरे थी, जॉर्ज फर्नांडिस थे, कई अन्य थे और सबसे बढ़कर जयप्रकाश नारायण का करिश्माई और प्रभावी नेतृत्व था। नेतृत्व की नैतिक आभा में जनता की राह आलोकित होती है, उसकी चेतना ज्योतिर्मयी होती है। जनचेतना में सत्ता विरोध की लहर उठी। दमन को अपना हथियार और मनमानियों को अपना औजार बना चुकी सत्ता की प्राचीरें जन चेतना के प्रतिरोध को झेल नहीं सकी। तब जबकि दक्षिण भारत में इंदिरा गांधी ने अच्छी खासी सीटें जीती थी, हिंदी पट्टी के राज्यों ने उनकी नियति का फैसला कर दिया था।

आज वही हिंदी पट्टी मोदी की राजनीति का पैरोकार बना है। दो वक्त की रोटी के लिए और बच्चों की स्कूल फीस के लिए खून सुखाते मेहनतकश लोगों की चेतना "मोदी मोदी" के प्रायोजित शोर में कहीं लुप्त सी हो गई लगती है और उनकी मुक्ति की बातें करने वाले विपक्ष के कई नेता, कई राजनीतिक दल अपने ही करतबों में लिप्त हैं। वे मोदी से अधिक जनविरोधी हैं। भारतीय राजनीति का वर्तमान उनके नैतिक पतन का बोझ उठाते-उठाते थक चुका है और भविष्य में इस बात का खतरा चारों ओर मंडराता दिख रहा है कि इनमें से कई लोग, कई दल चुनावी भाषणों में मोदी विरोध, संविधान की रक्षा, डिक्टेटर शिप के खतरे आदि की बातें करेंगे और अपनी मानसिक और राजनीतिक ऊर्जा मोदी को ही पुनः सत्तासीन करने में जाया करेंगे। सब कुछ धुंधला-धुंधला सा है।

मीडिया जिम्मेवारी ले चुका है कि वह जनता तक सत्य को पहुंचने नहीं देगा। महज ऐसा ही होता तो गनीमत थी। बड़े-बड़े चैनल, बड़े-बड़े एंकर तैयार हैं कि वे झूठ को इतना महिमा मंडित करेंगे कि वह सत्य की जगह लेकर आम लोगों का दिमाग खराब कर दे। आज से कुछ दशकों के बाद जब भारत के आज के दौर की विसंगतियों को विश्लेषित किया जाएगा तो तीन अध्याय मुख्य होंगे, पहला, भारतीय शहरी मध्य वर्ग का मानसिक और नैतिक अंधकार, दूसरा विपक्ष की राजनीति का नैतिक पतन और तीसरा मीडिया की मुख्यधारा का जनता का शत्रु बन जाना।नवउदारवाद का भारतीय संस्करण अपनी ढाई तीन दशकों की यात्रा के बाद ऐसा ही राजनीतिक मंजर लाने वाला था। इस संस्करण ने राजनीति से उसकी नैतिकता को सोखना शुरू किया जिसका एक परिणाम कारपोरेट शक्तियों की उंगलियों में राजनीति और आर्थिकी की डोर आने के रूप में सामने आया। कारपोरेट मीडिया यूं ही विध्वंसक और जहरीली भूमिका में नहीं आता। जिसे 'नियो लिबरल इकोनॉमी' और इससे उत्पन्न 'नियो लिबरल पॉलिटिक्स' कहते हैं। वह यूरोप और अमेरिका जैसे संपन्न और पढ़े लिखे समाज में अपनी जो छाप छोड़ता रहा, भारत में उसके बहुत आगे जाकर अपने अमानुषिक रूप में सामने आया। इस रूप को भारतीय राजनीतिक फलक पर ऐसे ही सामने आना था।

## सोशल फोरम

# बेवकूफी का सौंदर्य



अनूप शुक्ल
कानपुर

सोचते हैं कोई बहुत बड़ी बेवकूफी की बात कह डालें, लेकिन फिर आलस्य हावी हो जाता है। इस चक्कर में दूसरे बाजी मार ले जाते हैं। इसी चक्कर में कुछ लोगों ने तो इत्ती आला बेवकूफी की बातें कहीं कि मन किया कि उनको दुनिया का सर्वश्रेष्ठ बेवकूफ घोषित कर दें, लेकिन फिर आलस्य ने बाजी मार ली। साथ में बहाना भी कि ऐसे किसी को बेवकूफ घोषित करना उचित नहीं होगा।

कायदे से टीम बनाकर सर्वे करके फिर वोटिंग कराकर 'सर्वश्रेष्ठ बेवकूफ' तय करना चाहिए। क्या पता कल को कोई ऐसा ऑनलाइन सर्वे कराने भी लगे। लोग एसएमएस करें- अपने प्यारे दोस्त को सबसे बड़ा बेवकूफ अवश्य चुनें। वोटिंग के लिए ये वाला बटन दबाएं। किसी का कोई प्रशंसक मेल करे कि फलाने भाई साहब को सबसे बड़ी बेवकूफी और सबसे बड़े बेवकूफ दोनों के लिए वोट दें। उससे ज्यादा बड़ा कायदे का बेवकूफ और कोई नहीं है दुनिया में। लोग अपने को सबसे बड़ा बेवकूफ साबित करने के लिए ज्ञानियों की सहायता से अपने बेवकूफी के किस्से बयान करें। तमाम नई कंपनियां खुल जाएं बेवकूफी का बायोडाटा बनाने वाली। किसी नुक्कड़ पर साइनबोर्ड लगा दिखे-यहां सब भाषाओं में बेवकूफों के बायोडाटा लिखे जाते हैं। यूनीकोड सुविधा उपलब्ध।

दुनिया में बेवकूफी का अस्तित्व हमेशा से रहा है, लेकिन बेवकूफी को उचित सम्मान कभी नहीं मिला। बहुमत हमेशा उपेक्षित रहा। हर व्यक्ति बेवकूफी से अपना पल्ला छुड़ाने की कोशिश करता दिखता है। किसी को बेवकूफ कह दो तो वह और ज्यादा बेवकूफी का तर्क देते हुए कहेगा 'हम बेवकूफ न हैं।' अगर बहुत उदारता में अपने को बेवकूफ मान भी लिया तो इस शर्त के साथ मानेगा कि आप उससे बड़े बेवकूफ़ हैं। ये वे लोग होते हैं, जो अशुद्ध बेवकूफ होते हैं जिनकी बेवकूफी में अक्ल की मिलावट हो जाती है।

शुद्ध बेवकूफ कभी अपने को ज्ञानी कहलाने के फेर में नहीं पड़ता। शुद्ध बेवकूफ पवित्रात्मा होता है। निर्मल। निडर। बेखौफ। वह अशुद्ध बेवकूफों और फर्जी ज्ञानियों की तरह अपने को बेवकूफी से दूर दिखाने के झमेले में नहीं पड़ता। छाती ठोंककर कहता है 'हां भाई हम बेवकूफ हैं।'

-फेसबुक वॉल से

# राज्य के धन के प्रति चाणक्य की संवेदना




डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मनुष्यः कुरुते तत्तु यन्न शक्यं सुरासुरैः। (मुद्रा राक्षस) मनुष्य जो कर सकता है, वह न देवता के वश की बात है और न असुर ही वह कर सकता है। मनुष्य सृजन भी करता है, किंतु विनाश भी वही करता है। देवता भी उसी में है तो दानव भी उसी में है। मनुष्य की ऐसी पहचान किसने की? महामति चाणक्य ने। ई.पू चौथी शती। वही प्रचंड विद्रोही! चंद्रगुप्त ने देखा था, वह घास को उखाड़ रहा था। चंद्रगुप्त ने पूछा तो बोला- "यह घास मेरे पैर में चुभ गई, मैं भी इसकी जड़ खोदकर मठा डाल दूंगा"। वह वज्र संकल्प-"अब यह शिखा तभी बंधेगी, जब नंद वंश का समूल नाश कर दूंगा"। "आचार्य! अपने पक्ष के अनेक प्रभावशाली व्यक्ति आपका साथ छोड़कर विपक्षियों से जा मिले हैं।" कौटिल्य ने उत्तर दिया - "जो चले गए हैं, वे तो चले ही गए हैं, जो शेष रह गए हैं, वे भी जाना चाहें तो चले जाएं, नंदवंश का विनाश करने के लिए सैकड़ों सेनाओं से भी अधिक बलशाली मेरी बुद्धि ही मेरे साथ बनी रहे।"

नंद के साम्राज्य को ध्वस्त करके एक नई राष्ट्रीयता का प्रतिपादक। राष्ट्र की अवधारणा का जनक। भारत की राजनैतिक एकता का स्वप्नद्रष्टा और उस स्वप्न को धरती पर साकार करने वाला : जीवन के यथार्थ को इतने स्पष्ट शब्दों में प्रकट कर देने वाला चिंतक! महान मेधावी चाणक्य! वही चाणक्य जिसने सिकंदर के आक्रमण को छोटे-छोटे स्वार्थों से ऊपर उठकर देखा था। सिकंदर के आक्रमण को उसने किसी जनपद, किसी राज्य, किसी जाति, किसी संप्रदाय, किसी वर्ण के संकट की नजर से नहीं देखा, राष्ट्र के संकट के रूप में देखा था और मौर्य साम्राज्य स्थापित किया था। वही चाणक्य जिसने प्रयोजनवाद की प्रतिष्ठा करते हुए कहा था कि न प्रयोजनमंतरा मनुष्यः स्वप्नेऽपि विचेष्टते। प्रयोजन के बिना मनुष्य स्वप्न में भी चेष्टा नहीं करता। वही चाणक्य जिसने अपने अर्थशास्त्र ग्रंथ में लिखा था कि सर्वज्ञता लोकज्ञता। शास्त्रज्ञोऽप्यलोकज्ञो भवेन्मूर्ख तुल्यः (542-54) अर्थात् जो शास्त्र को जानता है, किंतु लोक को नहीं जानता तो वह मूर्ख तुल्य ही है। लोक के संबंध में इतनी बड़ी बात चाणक्य ने क्यों ही कह दी थी? चाणक्य ने बड़े साफ-साफ शब्दों में निर्भय होकर अपनी बात कही थी, बोला - धर्मस्य मूलं अर्थः, अर्थस्य मूलं राज्यः। चाणक्य ने समझाया कि धर्म का मूल अर्थव्यवस्था है। अर्थव्यवस्था का मूल राज्य व्यवस्था है।

धर्म का मूल अर्थ है और अर्थ का मूल राज्य है। यदि अर्थव्यवस्था में कुछ गड्डमड्ड है तो समझ लीजिए कि धर्म के मूल में ही गड़बड़ी है। उसने योगसाधना और यज्ञ यागादि अनुष्ठान (धर्म के उपलक्षण) को धर्म का मूल नहीं बतलाया। धर्मवीर भारती ने कहा था कि पेशावर से पाटलिपुत्र तक का संचालन चाणक्य करते थे, स्वयं झोंपड़ी में रहते थे। चाणक्य के संबंध में ग्रीक-संदर्भ भी हैं, कोई यूनानी विद्वान उनसे मिलने गया तो वे अपनी कुटी में दीपक की रोशनी में कुछ लिख रहे थे। यूनानी विद्वान आया तो वे दीपक को बुझाकर बाहर चांदनी में बैठकर उससे बात करने लगे। यूनानी विद्वान को अचरज हुआ, उसने दीपक को बुझाने का कारण पूछा, तब चाणक्य बोले- राज्य का तेल बिना कारण के खर्च क्यों करूं? और चांदनी का इतना प्रकाश तो है ही कि हम-आप वार्ता कर सकते हैं। राज्य के धन के प्रति ऐसी संवेदना है किसी के मन में?

# राष्ट्रपति पद की गरिमा



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हमारे देश की लोकतांत्रिक प्रणाली में राष्ट्रपति सांविधानिक प्रमुख है और वही सरकार का गठनकर्ता एवं प्रधानमंत्री का नियोक्ता होता है। डा.राजेंद्र प्रसाद इस पद से हटने के बाद जब पटना से दिल्ली आए थे तो प्रधानमंत्री पं.जवाहर लाल नेहरू उन्हें एयरपोर्ट पर रिसीव करने गये थे। राजेंद्र बाबू बोले, "आपने क्यों कष्ट किया धूप में?" नेहरू जी ने कहा, "धूप में ताजा होता है आदमी"। हालांकि आजकल काफी दिन से इस पद की गरिमा गिरी हुइ प्रतीत हो रही है। ताजा उदाहरण लालकृष्ण आडवाणी को 'भारत रत्न' अलंकरण प्रदान करने के समय का परिदृश्य है। 96 वर्षीय आडवाणी को द्रौपदी मुर्मू जी खड़े होकर तत्संबंधी उपकरण प्रदान कर रही हैं और वहीं सम्मानित हो रही विभूति के बगल में प्रधानमंत्री बैठे-बैठे तालियां बजा रहे हैं। आडवाणी जी तो 96 वर्ष के हैं और उनके बैठे रहने पर कोई सवाल नहीं कर सकता, किंतु प्रधानमंत्री भी न खड़े हो सकें, यह समझ से परे है। विगत जनवरी में अयोध्या के राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह एक भारी भरकम राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया गया जिसमें पूरा फोकस प्रधानमंत्री पर रहा, राष्ट्रपति को इस उत्सव से दरकिनार रखा गया। ऐसा ही नव निर्मित संसद भवन के उद्घाटन के समय भी हुआ। बातें अभी और भी हैं। दिल्ली के एक मंदिर में उन्हें (मुर्मू जी को) गर्भ गृह में प्रवेश नहीं करने दिया गया था, जबकि उससे कुछ पहले एक केंद्रीय मंत्री ने वहीं गर्भ गृह में अनुष्ठान किया था।

द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति पद पर चयनित होने पर कांग्रेसी नेता अधीर रंजन चौधरी ने बड़ी धृष्टता के साथ उन्हें 'राष्ट्रपत्नी' कहा था। इसके पहले वाले राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को भी नए संसद भवन के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल नहीं किया गया था। पद से हटने के पद कोविंद को 'एक देश एक चुनाव' समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। यह कैसी विसंगति है? कभी सरकार का शीर्षस्थ रहा व्यक्ति अब उसी सरकार को अपनी आख्याएं प्रेषित कर रहा है और करेगा। मेरे ख्याल से राष्ट्र की जनतांत्रिक प्रणाली के मूर्धन्य पद की गिरती गरिमा को तुरंत रोककर पुनर्स्थापित किया जाना चाहिए।

## सार-संक्षेप

### अखिलेश अभी और बदलेंगे चेहरे, नापतौल कर जिताऊ उम्मीदवार पर लगा रहे दांव



**लखनऊ, अमृत विचार :** टिकटों में निरंतर बदलाव को लेकर भाजपा भले सपा पर सवाल उठा रही हो लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव अभी टिकट परिवर्तन का यह सिलसिला जारी रखेंगे। फिलहाल सपा प्रमुख बदायूं से लेकर मेरठ और मुरादाबाद, रामपुर तक की सीटों पर उम्मीदवार बदल चुके हैं। सपा की ताजा स्थिति यह है कि समाजवादी पार्टी के लखनऊ मुख्यालय पर नये टिकटार्थियों के अलावा टिकट बदलवाने वालों की भी भीड़ नजर आ रही है। कब किसका टिकट कट जाए और फिर कट कर किसी और को मिल जाए, तय नहीं। गिनती करें तो अब तक लगभग 10 सीटों बागपत, संभल, मिश्रिख, बदायूं, बिजनौर, रामपुर, मुरादाबाद, गौतमबुद्ध नगर, मुरादाबाद और मेरठ में टिकट बदले जा चुके हैं। सूत्र बता रहे हैं कि अखिलेश लोकल-फीडबैक के आधार पर पूर्व घोषित उम्मीदवार और संभावित उम्मीदवार का राजनीतिक वजन तौलकर आगे भी चेहरे बदलने का फैसला लेंगे। बहरहाल, टिकट पर टिकट बदलने के फैसले से सपा की राजनीतिक रणनीति दूसरे दलों के निशाने पर है।

### अंशकालिक प्रशिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया आज से

**लखनऊ, अमृत विचार :** शासन ने गुरुवार को प्रदेश में 354 अंशकालिक खेल प्रशिक्षकों की तैनाती को हरी झंडी दे दी है। खेल विभाग प्रदेश भर में इस आदेश की प्रति भेज कर शुक्रवार से अंशकालिक प्रशिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू करेगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार पिछले वर्ष में कार्यरत सभी प्रशिक्षकों का नवीनीकरण किया गया है। वे पहले की तरह जहां उनकी तैनाती थी, वहां पर प्रशिक्षण दे सकेंगे। उन्हें संबंधित जिले के खेल कार्यालय जाकर प्रार्थनापत्र देकर प्रशिक्षण शुरू करने की जानकारी देनी होगी। खेल प्रशिक्षकों के दो माह के बकाया वेतन (दिसंबर- जनवरी माह) का भुगतान भी आउटसोर्सिंग कंपनी को कर दिया गया है। जल्द ही प्रशिक्षकों के खाते में बकाया वेतन ट्रांसफर हो जाएगा। खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह ने बताया कि प्रदेश भर में समय से खेल प्रशिक्षण शिविर को शुरू करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशिक्षकों का बकाया वेतन भी आउटसोर्टिंग कंपनी को भेजा चुका है।

### 1.63 लाख बूथों पर मनेगा भाजपा का स्थापना दिवस

**लखनऊ, अमृत विचार :** भाजपा छह अप्रैल को प्रदेश के सभी 1.63 लाख बूथों पर अपना स्थापना दिवस मनाएगी। गुरुवार को हुई वर्चुअल बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल ने स्थापना दिवस कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। चौधरी ने कहा कि इस बार स्थापना दिवस कार्यक्रम आम चुनाव के बीच में मनाया जा रहा है। इसके माध्यम से आम जनता के बीच जाकर फिर से मोदी की सरकार बनाने के लिए वोट की अपील की जाएगी। धर्मपाल ने कहा कि स्थापना दिवस का कार्यक्रम सभी बूथों पर मनाया जाना है। पार्टी के पदाधिकारी अपने बूथों पर रहकर स्थापना दिवस कार्यक्रम मनायेंगे। इसके बाद बूथों पर घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। पदयात्रा निकालकर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील होगी। लोगों से आग्रह कर उनके घरों पर पार्टी का झंडा लगवाया जाएगा। मोदी सरकार की उपलब्धियों और भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील से संबंधित हैंडबिल भी बांटे जाएंगे।

### बुलंदशहर में गंगा पर पुल बनाने वाली कंपनी पर बैन

**लखनऊ, अमृत विचार :** बुलंदशहर में गंगा नदी पर निर्माणाधीन पुल के बीम गिरने के मामले में शासन ने कार्रवाई करते हुए निर्माण कार्य करने वाली कंपनी को तीन साल के लिए बैन किया गया है। साथ ही ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर के निर्देश दिए गए हैं। बुलंदशहर से अमरोहा को जोड़ने के लिए नरसेना क्षेत्र को गांव गजरौला में गंगा नदी पर वर्ष 2021 से 83.18 करोड़ की लागत से 1062.65 मीटर लंबे पक्के पुल का निर्माण कार्य हो रहा है। 29 मार्च की रात अचानक पुल के 34 वें पिलर पर डाले गए तीन बीम गिर कर टूट गए थे। इसके बाद कंपनी के ठेकेदार ने घटना को छिपाने के लिए जेसीबी से गड्ढा खोदकर बीम को बालू में दबाने का भी प्रयास किया। मामले में मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासन से तीन सदस्यीय जांच टीम भेजी गई। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता एके अग्रवाल, सेतु निगम के प्रबंध निदेशक धर्मवीर सिंह और लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता सदन लाल गुप्ता ने शासन को रिपोर्ट सौंपी है। प्राथमिक जांच रिपोर्ट के आधार पर शासन की ओर से पुल निर्माण कर रही कंपनी मैसर्स एडिकोन कंक्रीट एलएलपी को तीन साल के लिए निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से रोकते हुए काली सूची में डाल दिया गया है।

# बोर्ड परीक्षा में नंबर बढ़वाने वाले जालसाज सक्रिय, रहें सावधान

## बच्चों और अभिभावकों को फोन कर प्रलोभन दे रहे साइबर ठग

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की 10वीं व 12वीं के परिणाम जारी करने की तैयारी चल रही है। इसी बीच नंबर बढ़वाने का झांसा देने वाले साइबर जालसाज सक्रिय हो गए हैं। ये साइबर जालसाज परीक्षार्थियों, अभिभावकों को नंबर बढ़वाने का झांसा देकर ठगी का प्रयास कर रहे हैं। बोर्ड सचिव ने कहा है कि ऐसे जालसाजों के झांसे में आएं। बोर्ड में नंबर घटाए और बढ़ाए नहीं जा सकते हैं। काफी का मूल्यांकन कर शिक्षक ने जो नंबर दिए होंगे, उसी के आधार पर रिजल्ट बनेगा।

माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने पत्र जारी कर विद्यार्थियों और अभिभावकों को सचेत किया है। सचिव ने कहा कि वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में अंक बढ़वाने और पास कराने का झांसा देकर साइबर जालसाज परीक्षार्थियों एवं अभिभावकों से धन की मांग कर ठगने का प्रयास कर रहे हैं। पिछले वर्ष इस तरह ठगी का प्रयास करने वालों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। सविच ने कहा कि परीक्षार्थी और अभिभावक ध्यान रखें कि बोर्ड में नंबर बढ़ाने के लिए कोई जुगाड़ नहीं चलता है। कोई जालसाज नंबर बढ़वाने के लिए फोन करे तो तत्काल इसकी सूचना अपने जिले के डीआईओएस कार्यालय और थाने में पुलिस जरूर दें। सचिव ने कहा कि अभिभावक इस संबंध में शिकायत लेकर आएं तो उसकी शिकायत के आधार पर जिला विद्यालय निरीक्षकों को एफआईआर करानी होगी।



● माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव ने परीक्षार्थियों और अभिभावकों को किया सचेत

**इन बातों का रखें ध्यान**

- बोर्ड की ओर से विद्यार्थी के घर पर फोन नहीं किया जाता।
- यदि फोन पर कोई संपर्क करे तो उसकी शिकायत करें।
- इसके अलावा आस-पास सक्रिय जालसाज के झांसे में न आएं।
- कोचिंग संचालक प्रलोभन दे तो उसकी भी शिकायत करें।

## राजीव ने आगामी परीक्षाओं के लिए भी ले रखा था एडवांस



**लखनऊ, अमृत विचार :** यह तो गनीमत है कि सिपाही भर्ती परीक्षा का मास्टर माइंड राजीव नयन मिश्रा एवं उसके साथी गिरफ्तार हो गए, वरना आगामी होने वाली परीक्षाओं में भी पेपर लीक होना तय था। इन अपराधियों ने आगे के दिनों में यानी दिसंबर 2024 तक होने वाली कई परीक्षाओं में सैकड़ों अभ्यर्थियों से नौकरी दिलवाने के नाम पर पैसा उठा रखा है। एसटीएफ सूत्रों के मुताबिक इन अपराधियों की योजना सिर्फ सिपाही भर्ती परीक्षा तक नहीं थी, बल्कि आगे होने वाली परीक्षाओं के बयाने भी ले रखे थे। जाहिर सी बात है कि इससे वास्तविक अभ्यर्थियों का सपना टूट जाता।

गौरतलब हो कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो जाने से सरकार की बहुत किरकिरी हुई थी।

# बड़े नेता कहेंगे तो मैनपुरी से जरूर लड़ूंगी चुनाव: अपर्णा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



● अपर्णा ने भाजपा के प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से की बातचीत

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी की नेता और सपा के संस्थापक रहे मुलायम सिंह यादव की बहू अपर्णा यादव ने गुरुवार को मैनपुरी से जेठानी डिंपल यादव के खिलाफ चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि बड़े नेता कहेंगे तो जरूर लड़ूंगी। राहुल और प्रियंका के अमेठी, रायबरेली से चुनाव लड़ने पर कहा कि वे हमेशा झूठ और लोगों को गुमराह करने की बातें करते हैं। ये लड़ने की परिस्थिति में नहीं हैं। अमेठी और रायबरेली भी भाजपा जीतेगी।

भाजपा के राज्य मुख्यालय पर गुरुवार को पत्रकारों से बात करते हुए अपर्णा ने कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला द्वारा मथुरा सीट से मौजूदा सांसद और प्रत्याशी हेमा मालिनी के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर जमकर निशाना साधा। कहा कि महिलाओं की अस्मिता और आत्मसम्मान को चोट पहुंचाने का कांग्रेस में पुराना कल्चर है। उन्होंने कहा कि भाजपा नारी का सम्मान करती है, महिला को सशक्त करती है, वहीं, कांग्रेस नेता महिलाओं को लेकर अपमानजनक टिप्पणी कर रहे हैं। हेमा मालिनी पर रणदीप सुरजेवाला की टिप्पणी निंदनीय है। चुनाव आयोग से अपील है कि इनकी टिप्पणी का संज्ञान लेते हुए कार्रवाई हो। कांग्रेस के कई नेता इस तरह के बयान देते आए हैं। सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना रनौत पर गलत टिप्पणी की। देश की मातृशक्ति के अपमान का जवाब 2024 में मिलेगा। कहा कि, कांग्रेस में अनगिनत नेता और उदाहरण भरे पड़े हैं, स्वयं राहुल गांधी, कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, शशि थरूर समेत आजम ख़ान, अबू आज़मी जैसे इंडी गठबंधन के नेता भी महिलाओं के ख़िलाफ़ अनर्गल और अपमानजनक टिप्पणी करते आ रहे हैं।

# मुख्तार की मौत मामले पर सरकार व जेल प्रशासन के बयान अलग

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** माफिया मुख्तार अंसारी गैंगस्टर मामले की गुरुवार को बाराबंकी कोर्ट में पेशी हुई। पेशी के दौरान वकील रणधीर सिंह सुमन ने एक बार फिर कोर्ट से मुख्तार अंसारी की मौत मामले में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि मुख्तार अंसारी की मौत को लेकर सरकार और बांदा जेल प्रशासन के बयानों में विरोधाभास है जबकि सरकारी वकील ने बचाव पक्ष के सभी तथ्यों को निराधार बताते हुए उनके द्वारा दिये प्रार्थनापत्र को खारिज करने की मांग की।



एमपी-एमएलए कोर्ट नंबर 4 में विशेष सत्र न्यायाधीश कमलकांत श्रीवास्तव के सामने हुई पेशी के दौरान वकील रणधीर सिंह सुमन ने कहा कि मुख्तार असारी की मौत को लेकर राज्य सरकार और जेल प्रशासन के कथनों में बड़ा अंतर सामने आया है, क्योंकि सरकार द्वारा न्यायालय में लिखित में प्रार्थना पत्र देकर कहा गया कि मुख्तार अंसारी के हाथ-पैर और नसों में दर्द होने के कारण उन्हें बांदा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया था। जहां इलाज के दौरान हार्ट अटैक आ जाने के कारण उनकी मौत हो गई।

जबकि बांदा जेल प्रशासन अभी तक कहता रहा है कि मुख्तार अंसारी को जेल के अंदर हार्ट अटैक आया था। इसके बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां इलाज के दरमियान उनकी मौत हो गई। ऐसे में या तो राज्य सरकार गलतबयानी कर रही है या फिर जेल प्रशासन झूठ बोल रहा है। इसलिए इस बिंदु के ऊपर विशेष जांच कराने की जरूरत है। जिससे मुख्तार अंसारी की मौत के पीछे का पूरा सच सामने आ सके।

## समाज कल्याण के स्कूलों में यूनिफॉर्म देने पर लें निर्णय

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए, राज्य सरकार को आदेश दिया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित स्कूलों के बच्चों को यूनिफ़ॉर्म की सुविधा दिए जाने के विषय पर चाह सप्ताह में निर्णय लें। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 20 मई की तिथि नियत करते हुए, बेसिक शिक्षा विभाग व समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिवों का हलफ़नामा भी तलब किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने यूपी अनुसूचित जाति प्राथमिक विद्यालय शिक्षक एसोसिएशन की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर दिया है। याचिका में कहा गया है कि बेसिक शिक्षा द्वारा संचालित स्कूलों में कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को यूनिफ़ॉर्म दिया जाता है।

# रॉबर्ट वाड्रा ने दिए चुनाव लड़ने के संकेत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा ने लोकसभा चुनाव लड़ने के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि रायबरेली व अमेठी की जनता चाहती है कि उनका नेतृत्व गांधी परिवार करे। एक मीडिया चैनल से बातचीत करते हुए रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि वह रायबरेली और अमेठी में 1999 से प्रचार कर रहे हैं।



उन्होंने कहा कि लोग जब देखते हैं कि कैसे भाजपा ईडी से उन्हें हमेशा चुनाव के समय निशाना बनाती है तो लोग मांग करते हैं कि उन्हें भी जवाब देने के लिए संसद में जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रायबरेली या अमेठी के लोग जरूर चाहते हैं कि कोई न कोई गांधी परिवार का व्यक्ति उनका प्रतिनिधित्व करे और अब वे इस पर पछतावा भी करते हैं कि उन्होंने भाजपा की स्मृति ईरानी से राहुल गांधी को हरा दिया। हालांकि उन्होंने कहा कि अभी वक्त प्रियंका गांधी का है। पहले वह संसद में जाएंगी, उसके वह संसद में जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा देश में विभाजित करने की राजनीति कर रही है।

**लोकतंत्र में भ्रष्टाचारियों के लिए स्थान नहीं : भाजपा**

रॉबर्ट वाड्रा के चुनाव लड़ने की इच्छा जताने पर भाजपा ने तंज कसते हुए कहा कि भ्रष्टाचारियों के लिए लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा कि जमीनी पकड़ रखने वाले नेता कांग्रेस छोड़ रहे, इसलिए जमीनों से नाता रखने वाले रॉबर्ट वाड्रा मैदान में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि रॉबर्ट वाड्रा के आने से कांग्रेस की जमीन कितनी मजबूत होगी, ये वक्त बताएगा, लेकिन इनको चुनाव हराने में मजा आएगा।

## बांके बिहारी मंदिर में युवा श्रद्धालु की तबीयत बिगड़ी, मौत

**मथुरा, एजेंसी :** वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में गुरुवार को दर्शन करने पहुंचे युवा श्रद्धालु की तबीयत खराब होने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। बांकेबिहारी मंदिर की सुरक्षा में तैनात प्रभारी निरीक्षक अशोक कौशिक ने बताया कि यह घटनागुरुवार सुबह करीब 10 बजे की है। उन्होंने कहा कि मंदिर प्रांगण में बहुत ज्यादा भीड़ नहीं थी, लेकिन एक युवक को तबीयत बिगड़ने की शिकायत पर उसे मंदिर के बाहर स्थित सरकारी आकस्मिक चौकी पर लाया गया। वहां तैनात डॉ. यतींद्र एवं डॉ. धीरज ने प्राथमिक उपचार किया और इसके बाद उसे जिला संयुक्त चिकित्सालय में ले जाया गया, जहां डॉ. तन्वी दुआ ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# चुनाव और युद्ध को कभी आसान नहीं समझना चाहिए: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को गोरखपुर पहुंचे। यहां उन्होंने गोरखपुर, बांसगांव व संतकबीरनगर लोकसभा के लिए भाजपा की चुनाव संचालन समितियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक में चुनाव जीतने का मंत्र दिया। यहां मुख्यमंत्री ने कहा कि लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी, इसमें तनिक भी संदेह नहीं है। पर, चुनाव और युद्ध को कभी आसान नहीं समझना चाहिए। इसलिए हमें अति आत्मविश्वास से बचते हुए कार्य करना होगा।

गोकुल अतिथि भवन में आयोजित बैठक में योगी आदित्यनाथ ने चुनाव संचालन समिति के जिम्मेदारों से कहा कि इस समय पूरे देश में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त माहौल है। लोकसभा चुनाव का परिणाम भी इसी के अनुरूप आएगा। जरूरत बूथ स्तर तक सक्रियता, तत्परता और सजगता की है। बूथ जितना मजबूत होगा, परिणाम भी उतना ही जबरदस्त आएगा। बूथ को जीतना ही चुनाव जीतने का सबसे कारगर फॉर्मूला है।



मुख्यमंत्री योगी ने मथुरा में नामांकन पत्र दाखिल करने पर एक सार्वजनिक बैठक के दौरान भाजपा उम्मीदवार हेमामालिनी के साथ विजय चिन्ह दिखाया। ● अमृत विचार

**अयोध्या, काशी के बाद अब नजर मथुरा-वृंदावन पर :** राज्य ब्यूरो, लखनऊः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या और काशी के बाद अब मथुरा और वृंदावन पर सरकार का पूरा फोकस है। उन्होंने कहा कि मथुरा-वृंदावन में विकास की गति को और तेज किया जाएगा। उन्होंने न्यायालयों में चल रहे मामलों में भी जीत मिलने की उम्मीद जताई। साथ ही कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोगों को चेतावनी भी दी कि मातृ शक्ति का अपमान करने वालों को पूरा देश सबक सिखाने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री गुरुवार को मथुरा के सेठ बीएन पोद्दार इण्टर कॉलेज मैदान में आयोजित विजय संकल्प नामांकन सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वर्तमान सांसद और भाजपा की ओर से लोकसभा प्रत्याशी हेमा मालिनी के पक्ष में प्रचार किया। योगी ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें व्यक्तिगत रूप से कोई पसंद हो न हो, मगर हम कला, संस्कृति और जाति को टार्गेट नहीं कर सकते। अगर कोई ऐसा कर रहा है तो वो अपने लिए खुद गड्ढा खोद रहा है। इस मौके पर मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, चौधरी लक्ष्मी नारायण, राज्यसभा सांसद चौधरी तेजवीर सिंह, पार्टी जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेयसमेत अन्य नेता, कार्यकर्ता मौजूद रहे।


## वर्ग पहेली-30

**बाएं से दाएं**

4. 1. वह वस्तु जिसपर रंग-बिरंगे बेल-बूटे
5. 1. मुड़ना 2. चक्कर लगाना, घूमना 3. (ज्योतिष) किसी ग्रह का अपने पथ से विचलित होना।
6. अनुमान करने योग्य, जिसे अनुमान से जाना जा सके।
7. 1. साथ रहने वाली स्त्री, साथिन, सहचरी 2. पत्नी, भार्या 3. सखी, सहेली
8. संस्कृत भाषा।
9. 1. माशूक 2. प्रिय, प्रेमी 3. प्रेमपात्र।

**ऊपर से नीचे**

1. बरगद की जाति का एक प्रसिद्ध वृक्ष।
2. समुद्र तट पर पानी के ऊपर बना लकड़ी का वह चबूतरा या स्थान जहां जहाज़ों पर माल लादा और उतारा जाता है।
3. 1. बेसुध 2. अचेत, बेख़बर, संज्ञाहीन 3. दुर्दशाग्रस्त 4. मरणासन्न 5. व्याकुल, बेचैन।
5. बाल्यावस्था और यौवनावस्था के मध्य का समय, बाल्यावस्था और यौवनावस्था के मध्य की स्थिति।
6. 1. यज्ञादि के समय किया जाने वाला स्नान 2. यज्ञ 3. शराब चुआना, आसवन 4. ख़मीर 5. कांजी।



### वर्ग पहेली -29 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 जो | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | 2 म |
| 3 श | रा | बो | 4 र | ■ | ■ | र |
| न | ■ | ■ | 5 ज़ा | दे | रा | ह |
| ■ | ■ | ■ | मं | ■ | ■ | म |
| 6 बु | 7 नि | या | दी | ■ | 8 पू | ■ |
| ■ | ग | ■ | ■ | 9 वी | थि | का |
| 10 मुँ | ड़ | ना | ■ | ■ | का | ■ |

## सुडोकू -109

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 4 | 7 | | 9 |
| 4 | | 1 | | 3 | | 8 | | |
| | | 2 | | 5 | | 4 | | |
| 2 | 7 | | | | | | 3 | 4 |
| | | 5 | | | | 9 | | |
| 6 | 8 | | | 9 | | | 5 | |
| | | 3 | | | | 2 | | |
| | | 7 | | 4 | | 5 | | 6 |
| 9 | | | 7 | | | | | |

### सुडोकू -108 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 8 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 9 | 7 | 5 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 3 | 2 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 9 | 2 | 4 | 7 | 8 | 5 | 6 | 1 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 | 7 | 4 |
| 7 | 1 | 4 | 2 | 5 | 6 | 9 | 3 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 अप्रैल शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 13.28 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 18.07 तक तत्पश्चात शतभिषा।

**मेष:** आज कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है। आर्थिक मामलों में काफी भाग्यशाली रहेंगे। अपनी बातों से आप लोगों को प्रभावित कर पाएंगे। युवाओं को जॉब के नए विकल्प मिलने से उत्साहित रहेंगे।

**वृष:** आज फिर भी किसी भी मुद्दे पर सावधानी पूर्वक प्रतिक्रिया दें। छोटे बच्चों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। उलझा हुआ धन आपको प्राप्त होगा। परिजनों का बेहतरीन सहयोग मिलने की संभावना है। करियर के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**मिथुन:** आज कानूनी मामलों को लेकर थोड़ी सावधानी रखें। आप अनुसंधान के मूड में हो सकते हैं। बजट का ध्यान रखते हुए काम करें। भारी भोजन का सेवन करने से बचें। व्यर्थ के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं।

**कर्क:** आज आत्मकेन्द्रित होने के कारण मित्र गण आपसे नाराज हो सकते हैं। बुजुर्ग लोगों को घुटने व कमर में दर्द की शिकायत हो सकती है। अपने कार्यों के प्रति समर्पित रहें। अति आत्मविश्वास से बचें। प्रेम संबंधों में तनाव की आशंका है।

**सिंह:** आज साझेदारी में व्यवसाय शुरू करने की योजना बना सकते हैं। धर्म-कर्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। जॉब में आपका प्रभाव बढ़ेगा। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण होगी। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। परिवार का वातावरण खुशनुमा रहेगा।

**कन्या:** आज प्रशासन से जुड़े लोगों के ऊपर से काम का दबाव कम होगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव आते रहेंगे। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। यदि किसी मीटिंग पर जा रहे हैं तो आपको पूरी तैयारी करनी पड़ेगी। उधार लेन-देन सावधानी पूर्वक करें।

**तुला:** आज बातचीत के दौरान सरल शब्दों का प्रयोग करें। वरना आपकी बातों का गलत मतलब भी निकल सकता है। अप्रत्याशित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लोगों को तनाव हो सकता है।

**वृश्चिक:** आज रियल एस्टेट में सावधानी पूर्वक निवेश करें। पुराने दोस्तों से आज मुलाकात हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र की समस्याओं को दूर करने में सफलता मिलेगी। दौड़-धूप ज्यादा करनी पड़ेगी।

**धनु:** आज जीवनशैली में नयापन आएगा। सरकारी जॉब कर रहे लोगों को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ेगी। मार्केटिंग संबंधी कारोबारियों को लाभ होगा। दांपत्य संबंधों में आनंद का अनुभव करेंगे। व्यावसायिक यात्रा होने के योग बन रहे हैं।

**मकर:** आज संतान को लेकर कुछ चिंतित हो सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च अध्ययन में थोड़ी कठिनाई होगी। स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से आपको परेशानी होगी। आपको झूठ बोलने से बचना चाहिए। परिवार के सदस्यों की सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ:** आज अपने काम का भरपूर आनंद उठाएंगे। आपके व्यवहार में शालीनता रहेगी। विदेश यात्रा की संभावना बन रही है। खरीदारी के दौरान अपने बजट का ध्यान रखें। किसी रिश्तेदार को धन उधार देना पड़ सकता है।

**मीन:** आज राजनीतिक लोगों के लिए दिन शुभ नहीं है। परिस्थितियों पर क्रोध करने के बजाय उसे शांति से निपटाएं। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। कारोबार में विस्तार करने में कठिनाई होगी। दिखावे के चक्कर में अपना नुकसान न करवाएं।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
तकदीर का तमाशा — सुबह : 10.57
जख्मी तमाशा — रात : 07.02

**&pictures**
मैं तेरा हीरो — सुबह : 11.09
मॉम — रात : 08.00

**Sony Pix**
होटल ट्रांसिल्वेनिया 2 — सुबह : 11.06
मैड मैक्स : फरी रोड — रात : 09.00

**Zee Cinema**
बधाई हो बधाई — सुबह : 10.45
गली बॉय — रात : 07.20

**Colors Cineplex**
खुदा गवाह — दोपहर : 02.00
अग्निपथ — रात : 09.31

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर सुबह : 11.09 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गोलू अपने पड़ोसी से- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी- कितना कमा लेते हो?
गोलू- 20 हजार रुपये प्रति माह।
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं।
गोलू- मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं।

मैडम- क्लास में जो बेवकूफ हो वो खड़ा हो जाए।
पप्पू मसूमियत से खड़ा हो गया
मैडम- क्या तुम बेवकूफ हो?
पप्पू- नहीं मैडम आप अकेली खड़ी थीं। इसलिए मुझे अच्छा नहीं लगा।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1120 बोल्ड 1170 डीएमओ 900।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1880, राज श्री 1370, फॉर्चून कि. 1810, रविन्द्रा 1830, फॉर्चुन ली० 1660, जय जवान 1465, सचिन 1630, सूरज 1490, अवसर 1690, राग गोल्ड 1720, गृहणी 1620, क्लासिक (किलो) 1745, मोर 1610, चक्र टिन 1695, ब्लू 1740, आशीर्वाद मस्टर्ड 1760, स्वास्तिक 1850, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो ) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गैलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7150-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10500, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7150, लाल हिंदुस्तान 7250, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10700, मोटा हीरा 11800, अरहर गोला मोटा 12900, अरहर पटका मोटा 13200, अरहर कोरा मोटा 13600, अरहर पटका छोटा 13900-14300, अरहर कोरी छोटी 15300, **चीनी**-डालमियां 4020, पीलीभीत 3980, नवाबगंज 3970, बहेड़ी (नई) 3980 रुपये।

# प्याज और टमाटर के बढ़ गए दाम शाकाहारी थाली मार्च में 7% महंगी

### प्याज 40%, टमाटर 36%, आलू 22%, चावल 14% और दालों की कीमतें 22% तक बढ़ी

**मुंबई, एजेंसी**

- शाकाहारी थाली की कीमत मार्च में बढ़कर 27.3 रुपये प्रति प्लेट हुई



मार्च महीने में प्याज, टमाटर और आलू की कीमतें बढ़ने से शाकाहारी थाली सालाना आधार पर सात प्रतिशत तक महंगी हो गई। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की इकाई ने गुरुवार को यह सर्वेक्षण पेश किया। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस ने मासिक 'रोटी चावल दर' रिपोर्ट में कहा कि पॉल्ट्री की कीमतें घटने से पिछले महीने मांसाहारी थाली की लागत में सात प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

शाकाहारी थाली में रोटी, सब्जियां (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद आता है। इस थाली की कीमत मार्च में बढ़कर 27.3 रुपये प्रति प्लेट हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 25.5 रुपये थी। हालांकि, फरवरी के 27.4 रुपये की तुलना में मार्च में शाकाहारी थाली की कीमत घटी है। रिपोर्ट अनुसार, आवक कम होने और कम आधार दर के कारण प्याज का दाम सालाना आधार पर 40 प्रतिशत, टमाटर का दाम 36 प्रतिशत और आलू का दाम 22 प्रतिशत बढ़ने से शाकाहारी थाली महंगी हो गई है।

क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस की सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक, कम आवक के कारण एक साल पहले की तुलना में चावल का दाम भी 14 प्रतिशत और दालों की कीमतें 22 प्रतिशत बढ़ गई हैं।

### मांसाहारी थाली की लागत में आई कमी

मांसाहारी थाली की कीमत एक साल पहले की समान अवधि में 59.2 रुपये थी जो पिछले महीने घटकर 54.9 रुपये रह गई। लेकिन फरवरी के 54 रुपये प्रति थाली की तुलना में इसकी कीमत अब भी अधिक है। दरअसल ब्रॉयलर मुर्गे की कीमतों में 16 प्रतिशत की गिरावट आने से सालाना आधार पर मांसाहारी थाली की लागत घटी। मांसाहारी थाली में ब्रॉयलर का भारांक 50 प्रतिशत होता है। हालांकि, फरवरी की तुलना में मार्च में रमजान के पवित्र महीने की शुरुआत होने और अधिक मांग आने से ब्रॉयलर की कीमतें पांच प्रतिशत बढ़ गईं।

# सेंसेक्स 351 अंक चढ़कर नए रिकॉर्ड पर पहुंचा

**मुंबई।** नीतिगत ब्याज दर में स्थिरता और कंपनियों के मजबूत तिमाही प्रदर्शन की उम्मीदों के बीच स्थानीय शेयर बाजार के मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बृहस्पतिवार को आधा प्रतिशत की बढ़त के साथ नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। शेयर बाजारों में इस तेजी के पीछे सूचना प्रौद्योगिकी, टिकाऊ उपभोक्ता सामान और बैंकिंग शेयरों में खरीदारी की अहम भूमिका रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 350.81 अंक यानी 0.47 प्रतिशत बढ़कर 74,227.63 के अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 74,501.73 से 73,485.12 अंक के दायरे में रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 80 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,514.65 के अपने नए शिखर पर पहुंच गया।

# भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि मार्च में साढ़े 13 वर्ष के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सेवा क्षेत्र की 400 कंपनियों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है सर्वेक्षण




भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां मजबूत मांग के दम पर मार्च में साढ़े 13 वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। एक मासिक सर्वेक्षण के अनुसार मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया, भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मार्च में 61.2 पहुंच गया। यह फरवरी में 60.6 पर था।

खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी इंडिया सर्विस पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने सर्वेक्षण सेवा क्षेत्र की करीब 400 कंपनियों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है। एचएसबीसी के अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा, फरवरी में मामूली गिरावट के बाद मार्च में भारत की सेवाओं का पीएमआई 61.8 हो गया और मजबूत मांग के कारण बिक्री तथा व्यावसायिक गतिविधि में तेजी आई। सेवा प्रदाताओं ने उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए अगस्त 2023 के बाद से सबसे तेज गति से नियुक्तियां बढ़ाईं हैं। सर्वेक्षण में कहा गया, रोजगार में नवीनतम वृद्धि कई महीनों में 22वीं और नवंबर 2022 के बाद से संयुक्त रूप से सबसे मजबूत है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 81,600 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 71,750 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 53,450-53,650 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 69,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 68,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 77,300 |
| चांदी तैयार | 77,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 68,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 67,600 |
| चांदी पक्की | 765 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 69,350 |
| चांदी आभूषण | 78,100। |

# देश के आठ प्रमुख शहरों में आवासीय बिक्री नौ प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- नाइट फ्रैंक ने जनवरी-मार्च के जारी किए आंकड़े

देश के आठ प्रमुख शहरों में लक्जरी मकानों और प्रीमियम कार्यक्षेत्र की मजबूत मांग के दम पर जनवरी-मार्च में आवासीय बिक्री में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि कार्यालयों की मांग 43 प्रतिशत बढ़ी। संपत्ति सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने बृहस्पतिवार को एक वेबिनार में 'भारत रियल एस्टेटः कार्यालय तथा आवासीय रिपोर्ट (जनवरी-मार्च 2024)' जारी की।

नाइट फ्रैंक इंडिया के अनुसार, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद, बेंगलुरु, पुणे और अहमदाबाद में जनवरी-मार्च में आवासीय कीमतें सालाना आधार पर दो से 13 प्रतिशत के दायरे में बढ़ीं। कार्यालय का किराया एक से नौ प्रतिशत बढ़ा। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-मार्च में आठ प्रमुख शहरों में आवासीय बिक्री बढ़कर 86,345 इकाई हो गई, जो एक साल पहले 79,126 इकाई थी। इस वर्ष जनवरी-मार्च में कार्यालय स्थान का सकल पट्टा 43 प्रतिशत बढ़कर 1.62 करोड़ वर्ग फुट हो गया,।

# उत्तर प्रदेश, राजस्थान व बिहार से गेहूं खरीद को 7 गुना करने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** केंद्र ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार जैसे गैर-पारंपरिक राज्यों में गेहूं खरीद में उल्लेखनीय वृद्धि करने की योजना की घोषणा की तथा चालू विपणन वर्ष 2024-25 में खरीद को सात गुना बढ़ाकर 50 लाख टन करने का लक्ष्य रखा। इन तीन राज्यों ने 2023-24 विपणन वर्ष (अप्रैल-मार्च) के दौरान केंद्रीय पूल में केवल 6.7 लाख टन का योगदान दिया है। वहीं केंद्रीय खाद्य मंत्रालय ने 2024-25 के लिए 310 लाख टन के कुल गेहूं खरीद लक्ष्य का 16 प्रतिशत इनसे खरीदने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

# वरिष्ठ पदों पर औसत 20% वेतन वृद्धि का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- माइकल पेज इंडिया सैलरी गाइड ने जारी की रिपोर्ट



इस साल वरिष्ठ पदों पर वेतन वृद्धि औसतन 20 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। माइकल पेज इंडिया सैलरी गाइड 2024 के अनुसार, पारंपरिक उद्योगों में फिर से नियुक्तियां फिर से बढ़ रही हैं जो विशेष रूप से विनिर्माण तथा परिचालन भूमिकाओं की निरंतर उच्च मांग से स्पष्ट है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न क्षेत्रों में डेटा एनालिटिक्स, जेनरेटिव एआई और मशीन लर्निंग में कुशल पेशेवरों की आवश्यकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

वार्षिक मार्गदर्शन रिपोर्ट में बीएफएसआई, इंजीनियरिंग तथा विनिर्माण, वित्त व लेखा, स्वास्थ्य देखभाल तथा जीवन विज्ञान, मानव संसाधन, विधि, अनुपालन, खरीद व आपूर्ति श्रृंखला, संपत्ति व निर्माण, बिक्री तथा विपणन और प्रौद्योगिकी के प्रमुख क्षेत्रों को शामिल किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत की छह प्रतिशत जीडीपी वृद्धि वैश्विक चुनौतियों के बीच भी भारत को इस क्षेत्र में विशिष्ट स्थान पर रखती है।

पेजग्रुप के प्रबंध निदेशक अंकित अग्रवाल ने कहा-भारत की अर्थव्यवस्था के इस तरह के लचीलेपन तथा आशावाद को प्रदर्शित करने और वैश्विक महामारी के पहले के अपने प्रदर्शन को पार करने के बाद क्षमताओं का दोहन करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इस प्रकार प्रतिभा को फलने देना और नवप्रवर्तन को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण बना हुआ है।



# विपक्षी गठबंधन सीएए को लेकर अफवाह फैला रहा: मोदी

### पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले की चुनावी रैली में प्रधानमंत्री बोले-नागरिकता देना मोदी की गारंटी

**कूचबिहार (पश्चिम बंगाल), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को लेकर झूठी अफवाह फैलाने के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया की बृहस्पतिवार को आलोचना की और कहा कि 'मां भारती' में आस्था रखने वालों को नागरिकता देना मोदी की गारंटी है। पश्चिम बंगाल के कूचबिहार के रास मेला मैदान में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने भ्रष्ट लोगों को बचाने के प्रयासों को लेकर विपक्षी दलों निशाना साधा और उनकी सजा सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि अगले पांच वर्ष में और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संदेशखालि में हाल की घटनाओं का उल्लेख करते हुए मोदी ने आश्वासन दिया कि दोषियों को अपना शेष जीवन जेल में बिताना होगा। संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ यौन शोषण के आरोप सामने आए हैं।

मोदी ने कहा-उन्होंने कभी हाशिए पर पड़े समुदायों की परवाह नहीं की। अब जब हम सीएए लाए हैं तो वे अफवाहें और झूठ फैला रहे हैं। मां भारती में आस्था रखने वालों को नागरिकता देना मोदी की गारंटी है। उनकी टिप्पणी तृणमूल कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के उन दावों की पृष्ठभूमि में आई है जिसमें कहा गया है कि सीएए के लिए आवेदन करने से वैध नागरिक विदेशी बन जाएंगे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कूच बिहार जिले में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में एक चुनाव प्रचार रैली के दौरान उन्हें भेंट की गई अपनी तस्वीर दिखाई। • एजेंसी

### सांप पर भरोसा किया जा सकता है, लेकिन भाजपा पर नहीं: ममता बनर्जी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर लोकसभा चुनाव के लिए लागू आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का पालन नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जहरीले सांप पर भरोसा किया जा सकता है, लेकिन भाजपा पर नहीं। कूचबिहार में एक रैली को संबोधित करते हुए, बनर्जी ने आरोप लगाया कि केंद्रीय जांच एजेंसियां, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। उन्होंने निर्वाचन आयोग से इस पर गौर करने और सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा-आप एक जहरीले सांप पर भरोसा कर सकते हैं, आप इसे पाल भी सकते हैं, लेकिन आप भाजपा पर कभी भरोसा नहीं कर सकते... भाजपा देश को बर्बाद कर रही है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी टीएमसी, केंद्रीय एजेंसियों की धमकी के आगे नहीं झुकेगी।

# देश बनाने और बिगाड़ने वालों के बीच फर्क करना होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- राहुल गांधी ने पोस्ट में कहा भारत निर्णायक मोड़ पर खड़ा



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश इस समय निर्णायक मोड़ पर खड़ा है और ऐसे में हर वर्ग को देश बनाने और देश बिगाड़ने वालों के बीच का फर्क पहचानना होगा।

राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, देश इस वक्त निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। हर वर्ग को 'देश बनाने' और 'देश बिगाड़ने' वालों के बीच का फर्क पहचानना होगा। उन्होंने कहा-कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का मतलबः युवाओं की पहली नौकरी पक्की, किसानों को एमएसपी की गारंटी, हर गरीब महिला लखपति, श्रमिक को न्यूनतम 400 रू प्रतिदिन, जातिगत गिनती और आर्थिक सर्वे और सुरक्षित संविधान एवं नागरिक के अधिकार है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा का मतलब बेरोज़गारी पक्की, किसानों पर कर्ज़ का बोझ, असुरक्षित और अधिकार विहीन महिलाएं, मजबूर और बेबस मज़दूर, वंचितों के साथ भेदभाव और शोषण, तानाशाही और दिखावे का लोकतंत्र है। राहुल गांधी ने कहा-आपका भविष्य आपके हाथों में है, सोचिए, समझिए और सही फैसला कीजिए।

### कांग्रेस आज जारी करेगी अपना घोषणापत्र

कांग्रेस शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी करेगी जो पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' पर आधारित होगा। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी यहां कांग्रेस मुख्यालय में घोषणापत्र जारी करेंगे। इसके अगले दिन जयपुर एवं हैदराबाद में जनसभाएं आयोजित की जाएंगी जिनमें पार्टी के शीर्ष नेता शामिल होंगे। जयपुर में आयोजित घोषणापत्र संबंधी रैली को कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा संबोधित करेंगी। हैदराबाद में घोषणापत्र संबंधी जनसभा को राहुल गांधी संबोधित करेंगे। कांग्रेस के अनुसार, उसका घोषणापत्र पार्टी के पांच न्याय – हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय पर आधारित होगा।

## एक नजर

### कांग्रेस प्रवक्ता गौरव व पूर्व अध्यक्ष शर्मा ने थामा भाजपा का दामन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने बृहस्पतिवार सुबह यह कहते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया कि वह न तो सनातन विरोधी नारे लगा सकते हैं और न ही दिन-रात 'वेल्थ क्रिएटर्स (परिसंपत्तियों का सृजन करने वालों)' को गाली दे सकते हैं। कुछ ही घंटों के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के आह्वान से प्रभावित होकर वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। वल्लभ के अलावा कांग्रेस की बिहार इकाई के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता उपेन्द्र प्रसाद ने भी पार्टी महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

### पप्पू यादव ने निर्दलीय नामांकन किया

**पटना।** हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने बृहस्पतिवार को बिहार की पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। असंतुष्ट कांग्रेस नेता मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए आरओ के कार्यालय में पहुंचे। यादव जब कार्यालय पहुंचे तो वहां कोई भी कांग्रेस नेता मौजूद नहीं था।

# दिल्ली में प्रेमिका की हत्या कर अलमारी में छिपाया शव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- लिव इन पार्टनर पर पुलिस ने दर्ज किया मामला



दक्षिण पश्चिम दिल्ली के द्वारका इलाके में एक घर की अलमारी से 26 वर्षीय महिला का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मृतक महिला के पिता ने उसके सह-जीवन (लिव-इन) साथी पर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। यह मामला तब सामने आया जब मृतक महिला के पिता कई दिनों तक उससे संपर्क नहीं कर पाए। उसके बाद वह शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंचे।

पुलिस के अनुसार, पुलिस नियंत्रण कक्ष में बुधवार रात 10:40 बजे फोन आया, जिसमें एक व्यक्ति ने शिकायत की कि शायद उसकी बेटी की हत्या कर दी गई है। सूचना मिलने के बाद डाबड़ी थाने की एक टीम द्वारका के राजापुरी इलाके में उक्त घर पर पहुंची। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया-पुलिसकर्मियों को फ्लैट की एक अलमारी में महिला का शव मिला। अपराध जांच टीम और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने कहा कि मृतक के पिता ने आरोप लगाया कि उसके सह-जीवन साथी विपल टेलर ने उनकी बेटी की हत्या की है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने महिला के साथ अपनी आखिरी कॉल का हवाला देते हुए पुलिस को बताया कि उनकी बेटी ने बताया था कि उसका साथी विपल टेलर उसके साथ मारपीट करता है और उसे यह भी डर था कि वह उसकी हत्या कर सकता है। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी पिछले डेढ़ महीने से टेलर के साथ किराए के फ्लैट में रह रही थी। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि पोस्टमार्टम के लिए शव को डीडीयू अस्पताल के शवगृह में भेज दिया गया है। अधिकारी ने कहा-आरोपी विपल टेलर का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वह गुजरात के सूरत का रहने वाला है। उन्होंने कहा-शिकायतकर्ता के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच करने के लिए इलाके के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

# शरद पवार, अजित पवार गुट आदेशों का करें पालन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- उच्चतम न्यायालय ने दोनों धड़ों को दिया निर्देश

लोकसभा चुनाव से कुछ दिन पहले उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के शरद पवार और अजित पवार के नेतृत्व वाले धड़ों से चुनावों के लिए प्रचार सामग्री में चुनाव चिह्न, पार्टी के नाम और 'डिस्क्लेमर' (दावा अस्वीकरण) के इस्तेमाल पर उसके दिशा-निर्देशों का पालन करने को कहा।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने उसके 19 मार्च के आदेश का अनुपालन न किये जाने के आरोप वाली दोनों पक्षों की याचिकाओं का निस्तारण करते हुए कहा कि अब वक्त आ गया है कि दोनों गुटों के नेताओं को कहीं और होना चाहिए, न कि अदालतों में। उसने शरद पवार गुट से कहा कि वह आगामी लोकसभा चुनाव और चार राज्यों के विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियानों में 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' का नाम और 'तुरही बजाता आदमी' चुनाव चिह्न के इस्तेमाल के लिए अपने कार्यकर्ताओं को जागरूक करे। आंध्र प्रदेश, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और ओडिशा में विधानसभा चुनाव भी लोकसभा चुनाव के साथ ही हो रहे हैं।

# सांसद राणा को राहत, जाति प्रमाणपत्र रद करने संबंधी आदेश खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अमरावती सांसद नवनीत कौर राणा को राहत देते हुए उनका अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र बहाल कर दिया, जिससे भाजपा के टिकट पर दलितों के लिए आरक्षित महाराष्ट्र सीट से चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने बंबई हाईकोर्ट के 2021 के फैसले को खारिज करते राणा का जाति प्रमाणपत्र बहाल किया। यह फैसला नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन आया है। भाजपा ने राणा को अमरावती से उम्मीदवार बनाया है। हाईकोर्ट ने 8 जून 2021 को कहा था कि राणा ने धोखाधड़ी कर फर्जी दस्तावेज के जरिए 'मोची' जाति का प्रमाणपत्र हासिल किया था। हाईकोर्ट ने सांसद पर दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया था और कहा था कि रिकॉर्ड से पता चलता है कि वह 'सिख-चमार' जाति से हैं।

# अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर चुनावों पर पूरे देश की नजर

**ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली**

### पहले से ही बढ़ गई है चुनावी सरगर्मी

- मत विभाजन को रोकने के लिए काफी सक्रिय है कांग्रेस
- घाटी की तीन सीटों पर नेशनल कांफ्रेंस का कब्जा है

**अमृत विचारः** जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद पहली बार लोकसभा का चुनाव हो रहा है। जिसमें न सिर्फ वर्षों से इस राज्य में रहने वाले लोगों के राजनीतिक अधिकार बहाल हुए हैं बल्कि आजादी के बाद से इस राज्य में रहने वाले उन तमाम लोगों को लोकसभा चुनाव में वोट देने का अधिकार भी मिलेगा जो धारा 370 हटने से पहले नहीं था।

धारा 370 का विरोध वहां के प्रमुख क्षेत्रीय दल नेशनल कांफ्रेंस एवं पीडीपी ने किया था और इसके प्रमुख नेताओं महबूबा मुफ्ती और उमर अब्दुल्ला को नजर बंद भी किया गया था। इंडिया गठबंधन में जम्मू कश्मीर भी है। बिल्कुल उसी तरह जैसे पंजाब या पश्चिम बंगाल में है। इस बार नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी ने जम्मू एवं उधमपुर की सीट पर कांग्रेस को समर्थन दिया है और कश्मीर की तीन सीटों पर कांग्रेस अपने उम्मीदवार नहीं उतारेगी, नेशनल कांफ्रेंस या पीडीपी उम्मीदवारों को समर्थन देगी। हालांकि घाटी की अनंतनाग, बारामूला और श्रीनगर संसदीय क्षेत्र में नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी के बीच विवाद चल रहा है। दोनों दलों का कहना है कि केंद्र में हम इंडिया गठबंधन के साथ हैं लेकिन राज्य में हम अलग-अलग रहेंगे। जैसे पंजाब में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस अलग-अलग चुनाव लड़ रही है। यही स्थिति पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस की है। जम्मू कश्मीर के दोनों क्षेत्रीय दल दिल्ली में 31 मार्च को हुई रैली में एक साथ थे। फिलहाल घाटी की तीनों सीटों पर नेशनल कांफ्रेंस का कब्जा है।

इस बार के चुनाव में जम्मू कश्मीर में मत विभाजन को रोकने के लिए कांग्रेस काफी सक्रिय है। यदि मत विभाजन हुआ तो बीजेपी को लाभ मिलेगा। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के सामने कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस व पीडीपी अलग-अलग थे। जिसका लाभ बीजेपी को मिला और उसे 46 फीसद मत प्राप्त हुए थे। जबकि कांग्रेस को 28.38 फीसद, नेशनल कांफ्रेंस को 7.87 फीसद और पीडीपी को 3.5 फीसद मत प्राप्त हुए थे। इस बार के चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद कांग्रेस से अलग हैं। उन्होंने डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी का गठन किया है। आजाद से बीजेपी को फायदा और इंडिया गठबंधन को नुकसान होने की आशंका है।

मगर पूरे देश के लिए सबसे दिलचस्प यह है कि धारा 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर में चुनाव परिणाम क्या होंगे? बीजेपी के लिए भी यह सवाल काफी बड़ा है। राष्ट्रपति शासन लगने के बाद केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख को अलग-अलग कर वहां विकास के नए-नए कार्यों के करने का दावा किया है। अब देखना है कि इसका राजनीतिक लाभ उसे कितना मिलता है।

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 04 | 203 |
| रियान पराग (आरआर) | 03 | 181 |
| हेनरिक क्लासेन (एसआरएच) | 03 | 167 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 03 | 07 |
| मोहित शर्मा (जीटी) | 04 | 07 |
| मयंक यादव (एलएसजी) | 02 | 06 |

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +2.518 |
| राजस्थान रॉयल्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +1.249 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.976 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.483 |
| पंजाब किंग्स | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | -0.220 |
| गुजरात टाइटंस | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | -0.580 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | +0.204 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -0.876 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -1.347 |
| मुंबई इंडियंस | 03 | 00 | 03 | 00 | 00 | -1.423 |

# मुस्तफिजुर के बिना सीएसके का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से

**हैदराबाद, एजेंसी**

फॉर्म में चल रहे तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान के बिना चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से खेलेगी जो अपना दिन होने पर किसी भी आक्रमण की बखिया उधेड़ने में सक्षम है।

दिल्ली कैपिटल्स से पिछले मैच में पराजय झेलने के बाद चेन्नई टीम जीत की राह पर लौटने उतरेगी। इतने लंबे टूर्नामेंट में प्रदर्शन में उतार चढाव आना लाजमी है और चेन्नई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने पिछले मैच में मिली हार के बाद यही कहा था। उन्हें और उनके सलामी जोड़ीदार रचिन रविंद्र को हालांकि घूमती गेंदों का सामना करने के लिये तैयार रहना होगा, जिसमें वे दिल्ली के खिलाफ चूक गए थे। क्रिकेट प्रेमी महेंद्र सिंह धोनी को आठवें नंबर से ऊपर बल्लेबाजी करते देखना चाहते थे। उन्होंने पिछले मैच में अपना पुराना फिनिशिर फॉर्म दिखाते हुए 16 गेंद में 37 रन बनाये थे। वैसे उनके ऊपर आने की संभावना कम ही है क्योंकि वह शिवम दुबे और समीर रिजवी को फिनिशर की भूमिका निभाते देखना चाहते हैं।


**चेन्नई सुपर किंग्स :** महेंद्र सिंह धोनी , मोईन अली, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, शिवम दुबे, ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजय मंडल, मुकेश चौधरी, अजिंक्य रहाणे, शाइक रशीद, मिचेल सेंटनेर, सिमरजीत सिंह, निशांत सिंधू, प्रशांत सोलंकी, महीष तीक्षणा, रचिन रविंद्र , शार्दुल ठाकुर, डेरिल मिचेल, समीर रिजवी, मुस्ताफिजूर रहमान, अवनीश राव अरावेली। **सनराइजर्स हैदराबाद :** पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समाद, अभिषेक शर्मा, एडेन मार्कराम, ट्रेविस हेड, वानिंदु हसरंगा, मार्को यानसेन, राहुल त्रिपाठी, वॉशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिच क्लासेन, भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मार्कण्डेय, उपेंद्र सिंह यादव, उमरान मलिक, नीतिश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, जयदेव उनादकट, आकाश सिह, जे सुब्रहमण्यन। **समय :** शाम 7 .30 से।

गेंदबाजी में चेन्नई को संयोजन पर विचार करना होगा क्योंकि मुस्तफिजुर अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये वीजा की प्रक्रिया पूरी करने बांग्लादेश लौट गए हैं। अभी तक मुस्तफिजुर और मथीषा पथिराना की जोड़ी सीएसके के लिये अच्छा प्रदर्शन कर रही थी। मुस्तफिजुर की जगह मुकेश चौधरी ले सकते हैं जबकि शार्दुल ठाकुर ने अभी तक एक भी मैच नहीं खेला है। दूसरी ओर सनराइजर्स हैदराबाद को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा। उसके बल्लेबाजों ने मुंबई के खिलाफ दूसरे मैच में आईपीएल के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर बनाया था हालांकि सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल अभी तक प्रभावित नहीं कर सके हैं।

गुजरात टाइटंस के खिलाफ पहली बार सनराइजर्स के बल्लेबाज नाकाम रहे। गेंदबाजी में जयदेव उनादकट, मयंक मार्कण्डेय और भुवनेश्वर कुमार महंगे साबित हुए हैं। भुवनेश्वर ने नयी गेंद से निराश किया है और तीन मैचों में तीन ही विकेट ले सके हैं। कप्तान पैट कमिंस ने आठ रन प्रति ओवर की दर से रन दिये हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग चाहिये।

# शशांक की पारी से गुजरात के हाथ से फिसली जीत

## पंजाब किंग्स के शशांक सिंह ने नाबाद 61 और आशुतोष शर्मा ने बनाए 31 रन, गुजरात की 3 विकेट से हार




शशांक सिंह

**अहमदाबाद, एजेंसी**

शशांक सिंह नाबाद 61 रन और आशुतोष शर्मा 31 रनों ने आखिरी ओवरों में धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें मुकाबले में पंजाब किंग्स को एक गेंद शेष रहते गुजरात टाइटंस पर तीन विकेट से जीत दिला दी है। पंजाब की चार मैचों में यह दूसरी जीत है।

200 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की टीम की शुरुआत खराब रही। उमेश यादव ने दूसरे ही ओवर में कप्तान शिखर धवन एक रन को बोल्ड कर पंजाब को पहला झटका दिया। उसके बाद छठें ओवर में जॉनी बेयरस्टो 13 गेंदों में चार चौकों की मदद से 22 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। उन्हें नूर अहमद ने बोल्ड आउट किया। प्रभसिमरन सिंह ने 24 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाकर 35 रन बनाये। सैम करेन पांच रन, सिकंदर रज़ा 15 रन और जितेश शर्मा 16 रन बनाकर आउट हुये। शशांक सिंह ने 29 गेंदों में छह चौके और चार छक्कों की मदद से नाबाद 61 जुटाये और आशुतोष शर्मा 17 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 31 रन बनाये। हरप्रीत बरार एक रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब ने 19.5 ओवर में सात विकेट पर 200 रन बनाकर तीन विकेट से मुकाबला जीत लिया। गुजरात टाइटंस की ओर से नूर अहमद ने दो विकेट लिये। अजमतउल्लाह उमरजई, उमेश यादव, राशिद खान, दर्शन नालकंडे और मोहित शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले शुभमन गिल नाबाद 89 रनों की कप्तान पारी के दम पर गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को जीत के लिए 200 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज रिद्धिमान साहा 11 रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद केन विलियम्सन 26 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। साई सुदर्शन ने 19 गेंदों में छह चौकों की मदद से 33 रन बनाये। विजय शंकर आठ रन बनाकर आउट हुये। शुभमन गिल ने 48 गेंदों में छह चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 89 रनों की पारी खेली। वहीं राहुल तेवतिया आठ गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाकर 23 रन पर नाबाद रहे। गुजरात की टीम ने 20 ओवरों में चार विकेट पर 199 रन बनाए। पंजाब किंग्स की ओर से कगिसो रबाडा ने दो विकेट लिये। हरप्रीत बरार और हर्षल पटेल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### पहले दस मैचों में आईपीएल की रिकॉर्ड दर्शक संख्या

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग के पहले दस मैचों को 35 करोड़ दर्शकों ने देखा जो टूर्नामेंट के किसी भी सत्र से अधिक है जिसमें कोरोना महामारी के दौरान खेले गए सत्र भी शामिल हैं। डिजनी स्टार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार टूर्नामेंट का कुल 'वॉचटाइम' 8028 करोड़ मिनट रहा जो पिछले साल से बीस फीसदी अधिक है। डिजनी स्टार (स्पोटर्स) के प्रमुख संजोग गुप्ता ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''टाटा आईपीएल 2024 की रिकॉर्ड व्यूअरशिप से हम आहलादित हैं। हमने दर्शकों को केंद्र में रखकर कई पहल की जिससे दर्शकों की संख्या में इजाफा हुआ।'' डिजनी स्टार आईपीएल का 10 भाषाओं में प्रसारण कर रहा है जिसमें मूक, बधिरों और दृष्टिबाधित प्रशंसकों के लिये स्पेशल फीड भी शामिल है।

### गुजरात 199/4

20 ओवर, अतिरिक्त : 09

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रिद्धीमान साहा का धवन बो रबाडा | 11 | 13 | 2/0 |
| शुभमन गिल नाबाद | 89 | 48 | 6/4 |
| केन विलियम्सन का बेयरस्टो बो हरप्रीत | 26 | 22 | 4/0 |
| साई सुदर्शन का जितेश बो हर्षल | 33 | 19 | 6/0 |
| विजय शंकर का हरप्रीत बो रबाडा | 08 | 10 | 0/0 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 23 | 08 | 3/1 |

**गेंदबाजी :** हरप्रीत बरार 4-0-33-1, अर्शदीप सिंह 4-0-33-0, कगिसो रबादा 4-0-44-2, सैम कुरेन 2-0-18-0, हर्षल पटेल 4-0-44-1, सिकंदर रजा 2-0-22-0

### पंजाब 200/7

19 .5 ओवर, अतिरिक्त : 13

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शिखर धवन बो उमेश | 01 | 02 | 0/0 |
| जॉनी बेयरस्टो बो नूर अहमद | 22 | 13 | 4/0 |
| प्रभसिमरन सिंह का मोहित बो नूर अहमद | 35 | 24 | 5/1 |
| सैम करेन का विलियम्सन बो अजमतुल्लाह | 05 | 08 | 0/0 |
| सिकंदर रजा का रिद्धिमान बो मोहित | 15 | 16 | 0/0 |
| शशांक सिंह नाबाद | 61 | 29 | 6/4 |
| जितेश शर्मा का दर्शन बो राशिद | 16 | 08 | 0/2 |
| आशुतोष शर्मा का राशिद बो दर्शन | 31 | 17 | 3/1 |
| हरप्रीत बरार नाबाद | 01 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** अजमतउल्लाह उमरजई 4-0-41-1, उमेश यादव 3-0-35-1, राशिद खान 4-0-40-0, नूर अहमद 4-0-32-2, मोहित शर्मा 4-0-38-1, दर्शन नालकंडे 0 .5-0-6-1

## खेल डायरी

### पाकिस्तान वालीबॉल महासंघ ने भारत को एशियाई चैलेंज लीग के लिए न्योता दिया

**कराची।** पाकिस्तान वॉलीबॉल महासंघ ने भारत को अगले महीने इस्लामाबाद में होने वाली एशियाई चैलेंज वॉलीबॉल लीग में टीम भेजने के लिये न्योता दिया है। पीवीएफ के अध्यक्ष चौधरी याकूब ने कहा कि उन्होंने टूर्नामेंट के लिये भारतीय वॉलीबॉल महासंघ को न्योता दिया है। उन्होंने कहा, ''हमने काफी प्रयासों के बाद इस टूर्नामेंट की मेजबानी हासिल की है। हम चाहते हैं कि 11 से 17 मई तक होने वाले टूर्नामेंट में सभी शीर्ष टीमें भाग लें।'' ईरान, श्रीलंका, भूटान, तुर्कमेनिस्तान, अफगानिस्तान, कजाखस्तान, किर्गीस्तान ने टूर्नामेंट में भागीदारी की पुष्टि कर दी है।

### पांच महिला बैडमिंटन खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में

**अस्ताना।** अनमोल खरब समेत पांच भारतीय महिला खिलाड़ी गुरुवार को कजाखस्तान इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। देविका सिहाग, पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन अनुपमा उपाध्याय, सातवीं वरीयता प्राप्त तान्या हेमंत और ईशारानी बरूआ ने महिला एकल में अंतिम आठ में जगह बनाई। तरुण चौथे वरीय स्थानीय खिलाड़ी दिमित्री मनारिन से भिड़ेंगे जबकि रवि और भरत आमने-सामने होंगे। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रूत्विजा गाडे, अभ्युदय चौधरी और वैष्णवी खाडकेकर, संजय श्रीवत्स और मनीषा के और अलीशा खान और झाकुओ सेयी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

### भारतीय फुटबॉल टीम 121वें स्थान पर पहुंची

**नयी दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम ताजा फीफा रैंकिंग में चार पायदान गिरकर 121वें स्थान पर खिसक गई जो पिछले कुछ साल में उसका सबसे खराब प्रदर्शन है। भारत को पिछले महीने गुवाहाटी में फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर के दूसरे दौर में अफगानिस्तान ने 2-1 से हराया था। पिछले साल इंटर कांटिनेंटल कप, त्रिकोणीय टूर्नामेंट और सैफ चैम्पियनशिप जीतकर भारत शीर्ष सौ में पहुंचा था लेकिन 26 मार्च को अपने से नीची रैंकिंग वाली अफगानिस्तान टीम से हार अप्रत्याशित रही। जनवरी में एशियाई कप में भारतीय टीम एक भी मैच नहीं जीत सकी। गत विश्व चैम्पियन अर्जेंटीना शीर्ष पर है जबकि फ्रांस दूसरे, इंग्लैंड तीसरे और बेल्जियम चौथे स्थान पर है। ब्राजील पांचवें स्थान पर है।

### दक्षिण अफ्रीकी फुटबॉलर ल्यूक की लूटपाट में हत्या

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के फुटबॉलर और ओलंपियन ल्यूक फ्लूर्स की यहां लूटपाट की एक घटना में हत्या कर दी गई। उनके क्लब काइजेर चीफ्स ने यह जानकारी दी। चौबीस वर्ष के डिफेंडर ल्यूक को उस समय गोली मारी गई जब वह हनीड्यू इलाके में पेट्रोल पंप पर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। क्लब ने एक बयान में कहा, ''ल्यूक फ्लूर्स की जोहानिसबर्ग में लूटपाट की घटना में कल रात हत्या हो गई है। इस कठिन समय में उनके परिवार और दोस्तों के प्रति हमारी संवेदनायें।'' पुलिस के प्रवक्ता मावेला मासोंडो ने बताया कि हमलावर ल्यूक की कार लेकर भाग गए। पुलिस कार लूटने और हत्या की जांच कर रही है।

### सात्विक-चिराग बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप से हटी

**नयी दिल्ली।** स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी कंधे की चोट से नहीं उबर पाए हैं जिसके कारण उनकी और चिराग शेट्टी की गत चैंपियन पुरुष युगल जोड़ी गुरुवार को अगले सप्ताह होने वाली बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप से हट गई। सात्विक और चिराग की दुनिया की नंबर एक जोड़ी ने पिछले साल अप्रैल में 58 साल के सूखे को खत्म करते हुए इतिहास रचा था क्योंकि वे दिनेश खन्ना के बाद दुबई में एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप में चैंपियन बनने वाले पहले भारतीय बने थे। दिनेश ने 1965 में स्वर्ण पदक जीता था। हालांकि मौजूदा सत्र में फ्रेंच ओपन सुपर 750 जीतने के अलावा दो टूर्नामेंट के उप विजेता रहे सात्विक और चिराग ने गुरुवार को टूर्नामेंट से बाहर होने का फैसला किया।

## थॉमस और उबेर कप में नहीं खेलेंगी पीवी सिंधु

**नयी दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु पेरिस 2024 ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए थॉमस और उबेर कप में नहीं खेलेंगी। उनकी जगह अनमोल खरब को टीम में शामिल किया गया है। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने गुरुवार को चीन में के चेंगदू में 27 अप्रैल से होने वाले थॉमस और उबेर कप के लिए भारतीय पुरुष और महिला टीम की घोषणा करते हुए कहा है कि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु इस साल के उबेर कप में हिस्सा नहीं लेंगी। सिंधु ने पेरिस 2024 ओलंपिक पर ध्यान केंद्रित करने के लिए इस साल के उबेर कप से हटने का फैसला किया है।

# डोपिंग टेस्ट फेल होने के सर्वाधिक मामले भारत में

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

- **3865 नमूनों की जांच की गई जिनमें से 125 पॉजीटिव रहे**

विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 2000 या अधिक नमूनों की जांच कराने वाले देशों में 2022 टेस्टिंग आंकड़ा रिपोर्ट के अनुसार भारत में डोपिंग टेस्ट में नाकाम रहने के मामले सर्वाधिक हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका दूसरे स्थान पर है।

वाडा ने बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि भारत में 3865 नमूनों (मूत्र और रक्त दोनों) की जांच की गई जिनमें से 125 पॉजीटिव रहे जो नमूनों की संख्या का 3.2 प्रतिशत है। नमूनों की जांच के मामले में भारत 11वें स्थान पर है लेकिन डोपिंग के मामले रूस (85), अमेरिका (84), इटली (73) और फ्रांस (72) जैसी खेल महाशक्तियों से अधिक है। दक्षिण अफ्रीका ने 2023 नमूनों की जांच की जिसमें से 2.9 प्रतिशत पॉजीटिव रहे। तीसरे स्थान पर कजाखस्तान है जिसके 2174 नमूनों में से 1.9 प्रतिशत पॉजीटिव निकले। चौथे स्थान पर नॉर्वे और अमेरिका रहे। चीन ने रिकॉर्ड 19228 नमूनों की जांच की जबकि प्रतिकूल नतीजे 0.2 प्रतिशत रहे। डोपिंग मामलों के कारण अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति का निलंबन झेलने वाले रूस ने 10186 नमूनों की जांच की और 0.8 प्रतिशत पॉजीटिव रहे।


## ऋषभ पंत पर धीमी ओवरगति के लिए 24 लाख रुपये जुर्माना

**विशाखापत्तनम।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में दूसरी बार धीमी ओवरगति रहने के कारण 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है। पंत की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स की ओवरगति बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में धीमी रही थी। आईपीएल ने एक बयान में कहा, ''दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल मैच में धीमी ओवरगति के लिये जुर्माना लगाया गया है।'' इंपैक्ट खिलाड़ी समेत बाकी खिलाड़ियों पर मैच फीस का 25 प्रतिशत या छह लाख रूपये में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया है।''

# सलीमा को प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 का पुरस्कार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**


भारतीय महिला हॉकी टीम की मिडफील्डर सलीमा टेटे को प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 के लिए बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इससे पहले दो अप्रैल को भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर हार्दिक सिंह को भी इसी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इन दोनों खिलाड़ियों को पुरुष और महिला वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इस पुरस्कार से नवाजा गया है। पुरस्कार के तहत दोनों खिलाड़ियों को 25- 25 लाख रुपये का चेक भी प्रदान किये गये।



हार्दिक सिंह भारतीय हॉकी पुरुष टीम के उप-कप्तान के रूप में टोक्यो ओलंपिक 2023 में कांस्य पदक जीतने वाली दल और हांग्जो एशियाई टीम का हिस्सा थे। वहीं सलीमा टेटे ने भी भारतीय महिला हॉकी टीम का हिस्सा बनकर 2023 हांग्जो एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था। झारखंड के सिमडेगा जिले की रहने वाली सलीमा ने पुरस्कार जीतने पर खुशी व्यक्त की और कहा कि मेरे करियर में पहली बार इतने बड़े पुरस्कार से सम्मानित होना बहुत अच्छा लग रहा है। यह एक बड़ा सम्मान है और मेरे पूरे करियर के दौरान मेरे लिए यह एक बड़ी प्रेरणा होगी।




# करीबी ने बताया- भद्दे कमेंट करने वाले कॉमेडियन पर केस नहीं करेंगे सलमान



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान अक्सर ही चर्चा में बने रहते हैं। कभी अपनी फिल्मों के कारण तो कभी किसी के द्वारा की गई टीका-टिप्पणी की वजह से। अब हाल ही में स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा ने सलमान खान पर अभद्र टिप्पणी की थी वहीं जब केआरके ने उनका वीडियो शेयर किया तो उन्होंने हेकड़ी दिखाते हुए कहा था कि वह जोक्स के लिए माफी नहीं मांगते हैं। इसी दौरान केआरके ने दावा किया था कि सलमान खान, कुणाल कामरा के खिलाफ मानहानि का केस करने वाले हैं। हालांकि ऐसा नहीं हुआ। अब इसके पीछे की वजह भी सामने आ गई है। दबंग खान के एक करीबी ने हाल ही में बताया है कि सलमान खान को अब इस तरह की चीजों की आदत हो गई है। वह कोर्ट के चक्कर नहीं काटना चाहते। इसलिए अब वह इस तरह का कोई भी कदम नहीं उठाना चाहते। जूम टीवी की रिपोर्ट के मुताबिक सलमान खान के एक करीबी सूत्र ने बताया है कि अगर सलमान खान ऐसे हर गाली देने वाले के खिलाफ मुकदमा करते रहे तो वह कोर्ट रूम के ही चक्कर लगाते रहेंगे। इतने सालों में सलमान खान इन सबके आदी हो चुके हैं। वह बहुत अच्छे से जानते हैं कि उनका नाम लेकर अटैक करने वाले सिर्फ अटेंशन पाने के लिए ऐसा करते हैं। इसलिए वह कुणाल कामरा पर केस नहीं कर रहे हैं। बता दें कि हाल ही में कॉमेडियन कुणाल कामरा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वह कहते नजर आ रहे थे कि 'मुझे ऑफर आया कि अंबानी के ओटीटी पर जानकर सलमान से मॉरल ज्ञान लेने का।



# करवाचौथ सीन पर ट्रोल होने पर रश्मिका मंदाना ने तोड़ी चुप्पी

**मुंबई, एजेंसी।** रश्मिका मंदाना ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'एनिमल' को लेकर खूब सुर्खियां बटोरीं, इस फिल्म में वो रणबीर कपूर के किरदार रणविजय की पत्नी के रोल में थीं। फिल्म का जब ट्रेलर सामने आया तो करवा चौथ वाले सीन में रश्मिका मंदाना रणबीर पर गुस्सा जाहिर करती हैं और दांत पीसकर बोलने की वजह से उन्हें खूब ट्रोल किया गया। सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभिनेत्री का मजाक उड़ाया गया और उनकी एक्टिंग एबिलिटी पर भी सवाल उठाए गए। फिल्म की रिलीज के बाद चीजें बदल गईं क्योंकि यह सीन फिल्म के सबसे चर्चित सीन में से एक बन गया। रश्मिका मंदाना ने आखिरकार टॉक शो नो फिल्टर नेहा में फिल्म की रिलीज से पहले हुई ट्रोलिंग के बारे में खुल कर बात की है। रश्मिका ने बताया कि ट्रेलर के बाद शुरुआती आलोचना ने एक्ट्रेस को खुद से सवाल करने पर मजबूर कर दिया था। रश्मिका ने कहा, "करवा चौथ का सीन जो कि नौ मिनट लंबा सीन था और सीन करते समय सेट पर मौजूद लोगों को यह बहुत पसंद आया। वे तालियाँ बजा रहे थे और महसूस कर रहे थे कि यह बहुत अच्छा शूट हुआ है, लेकिन ट्रेलर आया और उसी सीन के एक खास डायलॉग के लिए मुझे इतना ट्रोल किया गया।

# इस वजह से शाहरुख खान के साथ कभी आईपीएल मैच नहीं देखती हैं जूही



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान और जूही चावला न सिर्फ अच्छे दोस्त और बेहतरीन को-स्टार हैं, बल्कि दोनों आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के को-ऑनर्स भी हैं। इन दिनों आईपीएल 2024 का खुमार चल रहा है। अब हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में जूही चावला ने खुलासा किया है कि वह शाहरुख खान के साथ कभी भी आईपीएल मैच नहीं देखती हैं। उन्होंने इसके पीछे की बड़ी ही मजेदार वजह भी बताई है। दरअसल हाल ही में जूही चावला ने बताया कि आईपीएल हमेशा रोमांचक होता है। हम सभी अपने टेलीविजन सेट के सामने होते हैं। जब हमारी टीम खेलती है, तो उन्हें देखना दिलचस्प होता है और हम सभी बहुत ज्यादा तनाव में होते हैं। शाहरुख खान के साथ मैच देखना अच्छा नहीं है क्योंकि जब हमारी टीम अच्छा परफॉर्म नहीं कर रही होती है, तो वह मुझ पर अपना गुस्सा निकालते हैं। मैं उनसे कहती हूं कि वह यह बात मुझे नहीं बल्कि टीम को बताएं। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि इसलिए हम मैच देखने के लिए अच्छे लोग नहीं हैं। मुझे लगता है कि यही बात आईपीएल टीम के कई मालिकों के साथ भी लागू होती है, उन सभी को अपनी टीमों के खेलने के दौरान पसीना बहाते हुए देखा जा सकता है। बता दें कि जूही चावला और शाहरुख खान फैमिली फ्रेंड हैं। दोनों की दोस्ती दशकों पुरानी है। जूही चावला ने शाहरुख खान के साथ कई फिल्मों में काम किया है। वह आर्यन खान के भी बेहद करीब हैं। जब आर्यन खान क्रूज केस में फंसे थे तो जूही चावला ने ही उनकी मदद की थी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़: सुरक्षाबलों ने दो इनामी महिला नक्सली को किया गिरफ्तार

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने दो इनामी महिला नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के फरसेगढ़ और कुटरू थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने एक लाख रुपये की इनामी महिला नक्सली पोयाम फगनी और 10 हजार रुपये की इनामी पोयाम सन्नी को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा- बुधवार को चुचकोंटा गांव से महिला नक्सली पोयाम सन्नी (34) को गिरफ्तार किया, वहीं दूसरी को केतुलनार गांव से फरसेगढ़ से पोयाम फगनी (30) को गिरफ्तार कर किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों महिला नक्सली एक ग्रामीण की हत्या, मारपीट और पुलिस दल पर हमला समेत अन्य नक्सली घटनाओं में शामिल थीं।



### कर्नाटक में बोरवेल में गिरा दो साल का बच्चा, 20 घंटे बाद बाहर निकाला

**विजयपुरा।** कर्नाटक के लचायन गांव में एक दो वर्षीय बच्चा बुधवार की शाम को 15-20 फीट की गहराई बोरवेल में गिर गया। बच्चे की पहचान सात्विक मुजागोंद के तौर पर की गई है जो विजयपुड़ा जिले में सिर के बल बोरवेल में गिरा था। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ ने 20 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बच्चे को बोरवेल से बाहर निकाल लिया है। बुधवार शाम अपने माता-पिता के खेत में खेलते समय बोरवेल में गिर गया।

### एयरलाइन विस्तारा का गतिरोध बरकरार, 20 उड़ानें रद

**मुंबई।** पायलटों की नाराजगी की वजह से टाटा समूह की एयरलाइन विस्तारा की उड़ानों के रद होने का सिलसिला गुरुवार को भी जारी रहा। समस्या बरकरार रहने से करीब 20 उड़ानें रद करनी पड़ीं। बुधवार को भी 26 उड़ानें रद हुई थीं। हालांकि, एयरलाइन के सीईओ विनोद कन्नन ने नाराज पायलटों से समस्या के समाधान का वादा किया था। समस्या अबतक हल नहीं हो पाई है। जिससे गुरुवार को 20 उड़ानें रद कर दीं।

### हिमाचल में 5.3 की तीव्रता से आया भूकंप, भय से बाहर निकले लोग

**शिमला/चंडीगढ़।** हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों में गुरुवार देर रात भूकंप के तेज झटका महसूस किए गए। अचानक लगे भूकंप के झटके के बाद लोग अपने घरों से निकाल कर खुली जगह पर पहुंच गए। भूकंप के झटके की तीव्रता 5.3 आंकी गई। किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं है। चंडीगढ़ के साथ ही पंजाब और हरियाणा के विभिन्न हिस्सों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र चंबा में 10 किमी की गहराई में आया।

## सेना के खिलाफ राजनीतिक दलों के आरोप निराधार, राष्ट्रपति से मिले सेना प्रमुख असीम मुनीर

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने राजनीतिक दलों और उनके व्यक्तियों द्वारा सेना के खिलाफ लगाए गए निराधार आरोपों पर चिंता व्यक्त की है। बुधवार को जब सेना के प्रमुख (सीओएएस) जनरल असीम मुनीर ने राष्ट्रपति से मुलाकात की तब उन्होंने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर निशाना साधा।



इस बैठक में सेना प्रमुख ने जरदारी को 14वें राष्ट्रपति के तौर पर नियुक्ति के लिए बधाई दी है। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, राष्ट्रपति जरदारी ने राजनीतिक दलों और उनके कुछ व्यक्तियों द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों पर चिंता जताई है। उन्होंने ऐसे तत्वों से निपटने के लिए संकल्प लिया है। दरअसल, जरदारी स्पष्ट रूप से अप्रैल 2022 में सत्ता से बेदखल होने पर इमरान खान और उनकी पार्टी द्वारा पाकिस्तानी पर लगातार हमले का जिक्र कर रहे थे। इस बैठक में सीओएएस ने राष्ट्रपति को आतंकवाद के खिलाफ सेना के अभियानों से अवगत कराया। उन्होंने राष्ट्रपति को विशेष तौर पर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान क्षेत्र में विकास पहल में सेना के योगदान के बारे में भी बताया।

## दिल्ली यातायात पुलिस की वेबसाइट में सेंध, जांच शुरू

**नई दिल्ली।** हैकरों के एक समूह ने दिल्ली यातायात पुलिस की वेबसाइट में सेंध लगाने का दावा किया है। जिसके बाद पुलिस की टीम ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा कि मिली जानकारी के अनुसार 'किलसेक' नामक हैकरों के समूह ने अपने टेलीग्राम चैनल पर पोस्ट किए गए संदेश में दिल्ली यातायात पुलिस की वेबसाइट तक पहुंच और चालान की स्थिति को हासिल करने का दावा किया।

पुलिस ने कहा कि दूसरे संदेश में, समूह ने दावा किया कि उसने दिल्ली पुलिस की वेबसाइट में सेंध लगाई है और तस्वीरों को छोड़कर वह सारा डेटा हासिल कर लिया है, जो वे कर सकते हैं। पुलिस ने कहा कि एनआईसी रिकॉर्ड की पड़ताल कर रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांश शुरू कर दी गई है।

## पांच साल में 28 फीसदी बढ़ी राहुल गांधी की संपत्ति

*कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को केरल के वायनाड से नामांकन दाखिल किया। राहुल ने जो हलफनामा दिया है, उसके मुताबिक उनके पास कुल 20.39 करोड़ रुपये की संपत्ति है। इसमें 9.24 करोड़ रुपये चल और 11.15 करोड़ की अचल संपत्ति है। 2019 में राहुल ने कुल 14.85 करोड़ रुपये की संपत्ति बताई थी है। यानी 5 साल में उनकी संपत्ति 5.54 करोड़ रुपये से 28 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। बचत से ज्यादा निवेशः राहुल बैंक से ज्यादा शेयर और म्यूचुअल फंड में निवेश पर भरोसा करने लगे हैं। उनके पास 4.33 करोड़ के शेयर और 3.81 करोड़ के म्यूचुअल फंड हैं। हालांकि बैंक में महज 6.25 लाख जमा हैं।*

- 18 केस दर्ज... राहुल ने शपथ पत्र में 18 आपराधिक केस का जिक्र किया है। इसमें मानहानि केस में सूरत कोर्ट की तरफ से सुनाई सजा का भी जिक्र है। 2019 में दाखिल हलफनामे में उन्होंने अपने खिलाफ 6 केस का जिक्र किया था।



### 2004 के चुनाव में इतनी थी संपत्ति



राहुल गांधी ने साल 2004 में नामांकन के दौरान दिए गए हलफनामे में बताया था कि उनके पास महज 55 लाख 83 हजार 123 रुपये मूल्य की कुल संपत्ति है। फिर 2009 के अगले लोकसभा चुनाव में उन्होंने अपनी कुल संपत्ति की कीमत 2 करोड़ रुपये बताई जो 2014 के लोकसभा चुनाव के वक्त 9 करोड़ 40 लाख रुपये हो गई। हलफनामें में कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने बताया कि उनके पास 40 हजार रुपये नकदी है, उनके 17.93 लाख रुपये कई बैंकों में जमा हैं। इसके अलावा राहुल गांधी ने 5.19 करोड़ रुपये विभिन्न कंपनियों के बॉन्ड, डिबेंचर और शेयरों में लगा रखे हैं। उनके पास 333.3 ग्राम सोना भी है। दिल्ली के सुल्तानपुर गांव में उनके पास खेती की पैतृक जमीन भी है, इसके अलावा गुरुग्राम में उनके पास दो कार्यालय भी हैं।

### कमाई करोड़ों की बैंक में मात्र 26 लाख रुपये...

राहुल गांधी ने शपथ पत्र में बताया है कि बीते पांच सालों में उन्हें कुल 6 करोड़ रुपये की आमदनी हुई। उनके पास कुल 20.39 करोड़ रुपये की संपत्ति है। राहुल गांधी ने बताया है कि उनके पास कुल नकदी 55 हजार रुपये की है और इसके अलावा 26 लाख रुपये की धनराशि बैंक में जमा है। राहुल के एफीडेविट में जिक्र किए ब्योरे के अनुसार उनकी संपत्ति में 2019 की तुलना में 28 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

# परिवर्तनकारी सुधारों से युद्ध क्षमताओं को धारदार बनाएगी भारतीय सेना

## सैन्य कमांडर सम्मेलन में भारतीय सेना की बहुआयामी रणनीति पर दिया जोर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय सेना भविष्य में सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए अपनी युद्ध क्षमता को विकसित करेगी। इसके लिए 'प्रतिद्वंदी बल' के रूप में एक विशेष संगठन तैयार करने पर विचार किया है। इसकी वजह यह है कि प्रतिद्वंदी बल के साथ भारतीय सेना युद्ध और प्रशिक्षण की बारिकियों पर ध्यान दे सके। दिल्ली में आयोजित सैन्य शीर्ष कमांडर सम्मेलन में उच्च पदस्थ अफसरों ने भारतीय सेना की मानव संसाधन प्रबंधन नीति को संशोधित करने का भी निर्णय लिया।

अफसरों का मानना है कि भविष्य में भारतीय सेना की तकनीक संबंधित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मानव संसाधन प्रबंधन नीति का नवीनीकरण जरूरी है। इस दौरान भारतीय सेना के उप प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने सैन्य कमांडरों और वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने मौजूदा सुरक्षा माहौल की समीक्षा करते हुए भारतीय सेना की बहुआयामी रणनीति और केंद्रीय दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सेना के तकनीक-सक्षम और आत्मनिर्भर भविष्य के लिए सर्वोत्तम प्रणालियों को अपनाना जरूरी है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय सेना के लिए यह पहल एक बड़ा परिवर्तन साबित हो सकती है। बता दें, सैन्य कमांडरों का सम्मेलन मंगलवार को दिल्ली में संपन्न हुआ। यह द्विवार्षिक कार्यक्रम 28 मार्च को थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे की अध्यक्षता में एक ऑनलाइन सत्र के साथ शुरू हुआ था इसके बाद एक और दो अप्रैल को आमने-सामने की चर्चा हुई।

### संशोधित होगी मानव संसाधन प्रबंधन नीति, मजबूत होगा बुनियादी ढांचा

सम्मेलन में शीर्ष अधिकारियों ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। यह फैसला लिया गया कि भारतीय सेना की मानव संसाधन प्रबंधन नीतियों को संशोधित किया जाएगा। यह संशोधित नीति सेना के तकनीक-सक्षम भविष्य के लिए मददगार होगी। इसके अलावा सीमावर्ती क्षेत्रों में उन्नत क्षमता निर्माण और बुनियादी ढांचे के विकास के प्रयासों में तेजी लाई जाएगी। इसके लिए अन्य मंत्रालयों के साथ सहयोग करने के अधिक अवसर तलाशे जाएंगे।



### आत्मनिर्भरता पर रहेगा फोकस, नवाचार क्षमता को बढ़ाया जाएगा

सम्मेलन के दौरान सेना के शीर्ष अधिकारियों ने आत्मनिर्भरता पर ध्यान देने की बात कही। उनका मानना है कि भविष्य की क्षमता विकास की दिशा में विशिष्ट प्रौद्योगिकी को शामिल करना बड़ी पहल साबित होगा। इस दिशा में आर्मी डिजाइन ब्यूरो की नवाचार क्षमता को बढ़ाया जाएगा। सेना ने कहा कि इस पहल को और मजबूत करने के लिए अलग से एक फंड हेड का विकल्प तलाशा जाएगा। इसके अलावा सैन्य परीक्षणों में अधिक दक्षता और निरंतरता सुनिश्चित की जाएगी।

## सीबीआई की कार्रवाई सऊदी अरब से भारत लाया गया वांछित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा जांच किए जा रहे सोना तस्करी के एक मामले में वांछित और इंटरपोल के रेड नोटिस का सामना कर रहे एक आरोपी को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा समन्वित एक अभियान में सऊदी अरब से वतन वापस लाया गया है।

अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि जांच एजेंसी के वैश्विक अभियान केंद्र ने शौकत अली की सऊदी अरब से मुंबई वापसी के लिए इंटरपोल के माध्यम से राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो-रियाद के साथ समन्वय किया है। अली को बुधवार रात वापस लाया गया। अली राजस्थान के जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तस्करी कर लाई गई सोने की छड़ों की जब्ती से संबंधित 2020 में दर्ज मामले में वांछित था। इस मामले की जांच एनआईए कर रही है।

अधिकारी ने बताया, "जांच के दौरान यह पता चला कि आरोपी शौकत अली ने सह आरोपियों के साथ मिलकर सऊदी अरब से भारत में सोने की छड़ों की तस्करी की साजिश रची थी।

## चीन-पाक को छोड़कर सभी पड़ोसी देशों से रिश्ते बेहतर

- विदेश मंत्री जयशंकर बोले-चीन के साथ भारत के संबंध चुनौतीपूर्ण

**तिरुवनंतपुर, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि चीन और पाकिस्तान को छोड़कर सभी पड़ोसी देशों से भारत के संबंधों में पहले की तुलना में काफी सुधार हुआ है। क्षेत्र में भारत की कूटनीतिक प्रगति के बारे में मीडिया से बातचीत के दौरान जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ भारत के संबंध चुनौतीपूर्ण हैं, लेकिन देश आश्वस्त है और अपने हितों की रक्षा करने में सक्षम है।

विदेश मंत्री बोले- भारत के आसपास के छोटे देशों में चीनी हस्तक्षेप चिंता का विषय है, लेकिन भारत एक ऐसा देश है जो आज आश्वस्त है, जो अपने हितों को आगे बढ़ाने और उनकी रक्षा करने में सक्षम है, दुनिया में हम प्रतिस्पर्धा करेंगे। मंत्री ने इस बात को खारिज किया कि एक दशक पहले की तुलना में अब ऐसे पड़ोसियों की संख्या अधिक है जो भारत के प्रति मित्रवत नहीं हैं। विदेश मंत्री ने कहा, पड़ोस में ऐसी ताकतें हो सकती हैं जो समस्याएं पैदा करती हैं और भारत में ऐसे लोग हो सकते हैं जो इन समस्याओं को तूल देना पसंद करते हैं। जयशंकर ने कहा, चीन के साथ हमारे संबंध बहुत ही असामान्य हैं, और पाकिस्तान के साथ भी हमारे संबंध ठीक नहीं हैं - आप सभी जानते हैं कि हमारे वर्तमान संबंधों की स्थिति क्या है।



### कच्चातिवु वार्ता में द्रमुक पक्षकार थी : जयशंकर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कच्चातिवु को लेकर दिए गए बयान के बाद से ही राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ गई है। तमाम दलों के बीच बयानबाजी का दौरा शुरू हो गया है। इस बीच डीएमके पर कटाक्ष करते हुए जयशंकर ने दावा किया कि तत्कालीन केंद्र के साथ डीएमके ने पांच दशक पहले बातचीत की थी, बाद में जो निर्णय लिया गया उसमें भी उन्होंने सहमति दिखाई थी। डीएमके पर कटाक्ष करते हुए जयशंकर ने कहा कि जो सबसे खास है वह यह है कि तमिलनाडु के लोगों को सच्चाई पता होनी चाहिए।

### नाटो का लंदन में जश्न...



**लंदन :** अमेरिका के नेतृत्व वाली गठबंधन सेना नाटो की 75वीं वर्षगांठ (डायमंड जुबली) 4 अप्रैल को थी। इसकी पूर्व संध्या पर चेंजिंग ऑफ द गार्ड सेरेमनी मनाई गई। इसी दौरान शाही परिवार के विशेष घुड़सवारी दल के साथ बैंड ने परेड की। जश्न गुरुवार तक जारी रहा। इस उत्सव में नाटो देशों के विदेश मंत्री भी जुटे। इसके अलावा जुलाई में अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में भी आयोजन होगा। नाटो की स्थापना 4 अप्रैल 1949 को हुई थी। इस गठबंधन में अभी 32 देश शामिल हैं। इनमें से 30 देश तो यूरोप के हैं। ● एजेंसी

## अमेरिका में भारतीय समेत दो लोगों की हत्या के दोषी को फांसी

**वाशिंगटन।** 2002 में अमेरिकी राज्य ओक्लाहोमा में एक भारतीय सहित दो लोगों की गोली मारकर हत्या करने के दोषी 41 वर्षीय व्यक्ति को गुरुवार को फांसी दे दी गई। माइकल ड्वेन स्मिथ को मैकलेस्टर शहर में ओक्लाहोमा स्टेट पेनिटेंटरी में घातक इंजेक्शन द्वारा मार डाला गया था। 22 फरवरी, 2002 को अलग-अलग घटनाओं में 24 वर्षीय भारतीय स्टोर क्लर्क शरथ पुल्लुरु और 40 वर्षीय जेनेट मूर की हत्या के लिए स्मिथ मौत की सजा पर थे। ओक्लाहोमा के अटॉर्नी जनरल ने स्मिथ की फांसी के बाद कहा कि आज का दिन जेनेट मिलर-मूर और शरथ पुल्लुरु के परिवारों के लिए कुछ हद तक शांति लाएगा। उनके प्रियजनों के लिए यह 22 साल लंबे और कठिन रहे हैं।

## कम लागत में होगा कैंसर का इलाज मुर्मू ने लांच की पहली स्वदेशी थेरपी

- राष्ट्रपति बोलीं- सीएआर टी-सेल थेरेपी से मानव जाति को मिलेगी नई उम्मीद

**मुंबई, एजेंसी**

कैंसर वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ती गंभीर बीमारी है, जिसका जोखिम साल-दर साल बढ़ता देखा जा रहा है। भारत में भी कैंसर रोग एक बड़ा खतरा रहा है। पवई स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कैंसर के इलाज के लिए स्वदेशी रूप से विकसित सीएआर टी-सेल थेरेपी की शुरुआत की।

आईआईटी बॉम्बे और टाटा मेमोरियल सेंटर द्वारा विकसित यह जीन-आधारित थेरेपी विभिन्न प्रकार के कैंसर को ठीक करने में मदद करेगी। एक अध्ययन के अनुसार, भारत में साल 2019 में लगभग 12 लाख नए कैंसर के मामले और 9.3 लाख मौतें दर्ज की गई थीं। भारत, एशिया में इस बीमारी के बोझ वाल दूसरा सबसे बड़ा देश है। सीएआर टी-कोशिका-सेल थेरेपी भारत की पहली 'मेड इन इंडिया' सीएआर टी-कोशिका-सेल थेरेपी है, जिससे इलाज की लागत में काफी कमी आने की उम्मीद जताई गई है।



टाटा मेमोरियल सेंटर के निदेशक सुदीप गुप्ता ने कहा कि सीएआर टी-सेल थेरेपी एक बेहद महंगा उपचार है, जो अधिकतर लोगों की पहुंच से बाहर है। उन्होंने कहा, नेक्ससीएआर19 का भारत के बाहर उपलब्ध इलाज की कीमत से तकरीबन 10 गुना कम खर्च है।

## लद्दाख में सैन्य हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग, कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का आदेश

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना के एक अपाचे हेलीकॉप्टर को लद्दाख में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। इस दौरान उतार-चढ़ाव वाले इलाके और अधिक ऊंचाई के कारण हेलीकॉप्टर को नुकसान पहुंचा है। हालांकि इसमें सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं। वायुसेना ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना बुधवार को हुई।

वायु सेना ने घटना की कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दे दिए हैं। आईएएफ ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, 'आईएएफ के अपाचे हेलीकॉप्टर ने 3 अप्रैल को लद्दाख में एक परिचालन प्रशिक्षण उड़ान के दौरान एहतियाती लैंडिंग की। इस लैंडिंग की प्रक्रिया के दौरान, उतार-चढ़ाव वाले इलाके और उच्च ऊंचाई के कारण इसे नुकसान हुआ।'

इसमें कहा गया, 'विमान पर सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं और उन्हें निकटतम एयरबेस पर ले जाया गया है। कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया गया है।

## बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का हुआ सफल परीक्षण

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ को दी बधाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सामरिक बल कमान ने डीआरडीओ के साथ मिलकर कल (बुधवार) शाम लगभग 7:00 बजे ओडिशा के तट पर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-प्राइम का सफल उड़ान परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने इस परीक्षण की पुष्टि की। मंत्रालय ने कहा- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ मिलकर 1,000 से 2,000 किमी की मारक क्षमता वाली मिसाइल का सफल परीक्षण किया।

प्रक्षेपण के मौके पर सीडीएस जनरल अनिल चौहान, स्ट्रैटजिक फोर्सेज कमांड के प्रमुख और डीआरडीओ और भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ, एसएफसी



और सशस्त्र बलों को बधाई दी है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "रणनीतिक बल कमान (एसएफसी) ने रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ मिलकर 3 अप्रैल को लगभग 07:00 बजे ओडिशा के तट पर एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-प्राइम का सफल उड़ान परीक्षण किया गया है।

**विज्ञान** मुख्य खोजकर्ता डॉ. निकोल नेविल ने की खोज, सूर्य की उत्पत्ति से पहले अस्तित्व में आया है यह कण

## वैज्ञानिकों ने की ब्रह्मांड के दुर्लभ कण की खोज

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने एक ऐसे दुर्लभ धूल कण की खोज की है, जिसका सम्बंध हमारे सूर्य के अलावा किसी अन्य तारे से है। कर्टिन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है, जो प्राचीन धूल कणों की उत्पत्ति में प्रकाश डाल सकती है।

मुख्य खोजकर्ता डॉ. निकोल नेविल ने अपने सहयोगियों के साथ यह खोज की है। उल्कापिंड हमारे सौर मंडल में बने पदार्थों से बने होते हैं और इनमें बहुत छोटे कण भी हो सकते हैं, जो हमारे सूर्य से बहुत पहले पैदा हुए सितारों से उत्पन्न होते हैं। इन्हें प्रीसोलर ग्रेन के रूप में जाना जाता है। इन कणों के अंदर विभिन्न प्रकार के तत्व मौजूद होते हैं। का विश्लेषण करके पाए जाते हैं।



ब्रह्मांड के कणों की फोटो।

डॉ. नेविल के अनुसार ये कण एक तरह के आकाशीय कैप्सूल की तरह हैं, जो अपने मूल तारे के जीवन का एक स्नैपशॉट हैं। यह हमारे सौर मंडल में निर्मित सामग्री में आइसोटोप का अनुमानित अनुपात होता है। इस खोज को लेकर डॉ. डेविड सैक्से ने कहा है कि अनुसंधान विश्लेषणात्मक तकनीक और खगोल भौतिकी मॉडल को आगे बढ़ाने में यह खोज महत्वपूर्ण हो सकती है।

इससे ब्रह्मांड को समझने के तरीके में नई दिशा मिलती है।। हाल ही में हाइड्रोजन बर्निंग सुपरनोवा की खोज भी हुई है, यह एक तारा है। इस सुपरनोवा में नई खोज की तरह के कण मौजूद हैं। दोनों के धूल कण का विश्लेषण करने के बाद यह जानकारी सामने आई है।

### ब्रह्मांड के रहस्यों को समझने में मिलेगी मदद

कर्टिन स्कूल ऑफ अर्थ एंड प्लैनेटरी साइंसेज के प्रोफेसर फिल ब्लैंड कहते हैं कि ब्रह्मांड के अनेक रहस्यों को जानने के लिए उल्कापिंडों में दुर्लभ कण बड़ा योगदान दे सकते हैं। ब्रह्मांड के अनेक रहस्य आज भी बने हुए हैं। जिन्हे समझने के लिए निरंतर अनुसंधान जारी हैं।

## इंदौर में एकतरफा प्यार में युवक और युवती की गोली मारकर हत्या

- आरोपी ने खुद एक कॉलेज परिसर में जाकर गोली मारकर आत्महत्या कर ली, पास से देसी पिस्तौल जब्त

**इंदौर, एजेंसी**

इंदौर में एक सिरफिरे प्रेमी ने एकतरफा प्यार में लड़की और उसके रिश्तेदार की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी ने खुद को एक कॉलेज परिसर में जाकर गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

यह घटना स्वामी नारायण मंदिर की है। इंदौर की रहने वाली युवती स्नेहलता जाट महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज की छात्रा है। वह अपने रिश्तेदार दीपक जाट के साथ मंदिर आई थी। इस बीच मंदिर परिसर में युवक अभिषेक यादव आया। वह स्नेहालता को चाहता था और प्रपोज भी किया था। बाद में युवती ने बातचीत बंद कर दी। इससे अभिषेक नाराज था। उसने युवती को जान से मारने की धमकी भी दी थी। परिजनों को यह बात युवती ने बताई थी। मंदिर परिसर में आने के बाद अभिषेक ने स्नेहालता से बहस शुरू कर दी। विवाद बढ़ गया और आरोपी ने पिस्तौल निकाल कर पहले युवती को गोली मारी। उसका रिश्तेदार दीपक बचाने आया तो उसे भी अभिषेक ने गोली मार दी।

इसके बाद वह भाग गया। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन दोनों की मौत हो चुकी थी। दोनो को गोली मारने के बाद आरोपी अभिषेक अरिहंत कॉलेज में घुसा खुद को गोली मार ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हत्या में प्रयुक्त रिवाल्वर जब्त कर ली है। आरोपी अभिषेक सिहोर का रहने वाला था। फिलहाल वह द्वारकापुरी में रहता था।